

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद व उत्तराखंड से प्रसारित

जन जन की आवाज़




लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 242 | गुरुवार, 15 अक्टूबर 2026 | आश्विन माह, शुक्ल, पंचमी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया

पांचवां नवरात्र



एक नजर



कनाडाई विदेश मंत्री अनीता आनंद ने पीएम मोदी से की मुलाकात

दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, सुरक्षा, शिक्षा और रक्षा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। मोदी ने भारत-कनाडा संबंधों को मजबूत करने और व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर बातचीत जल्द पूरी करने की जरूरत बताई।कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार, तकनीक, ऊर्जा और सुरक्षा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने कहा कि भारत कनाडा के साथ रचनात्मक और दूरदर्शी रणनीतिक साझेदारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे दोनों देशों के लोगों को ठोस लाभ मिल सके।

भारत की यात्रा पर अमेरिकी विदेश मंत्री रूबियो



वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने के लिए अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि रुबियो 17 से 22 अक्टूबर तक की अपनी यात्रा के दौरान पहले उज्बेकिस्तान के समरकंद जाएंगे और उसके बाद भारत में मुंबई तथा जामनगर की यात्रा करेंगे। मई के बाद रुबियो की यह दूसरी भारत यात्रा होगी। मई में उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर की मेजबानी में दिल्ली में आयोजित क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद के सदस्य) देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया था।

रूस से डीजल खरीद पर घिरे ट्रंप

बोले- दुनिया में जाएगा तेल; यूक्रेन युद्ध खत्म कराने को लेकर क्या कहा?

जागरण मोर्चा कार्यालय

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से डीजल खरीदने के फैसले का बचाव करते हुए कहा है कि ईंधन अमेरिका के लिए नहीं, बल्कि दुनिया के बाजार में सप्लाई बढ़ाने और कीमतें स्थिर करने के लिए है। इस सौदे के तहत रूस से लाखों टन डीजल आने की योजना है और अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने 7 अप्रैल 2027 तक प्रतिबंधों में अस्थायी छूट दी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस से डीजल खरीदने के फैसले पर अपने ही देश में घिर गए हैं। इस सौदे को लेकर रिपब्लिकन और डेमोक्रेट, दोनों पार्टियों के नेताओं ने सवाल उठाए हैं। हालांकि, ट्रंप का कहना है कि रूस से आने वाला डीजल अमेरिका के इस्तेमाल के लिए नहीं, बल्कि दुनिया के बाजार में सप्लाई बढ़ाने और आसमान छूती कीमतों को काबू में रखने के लिए है। दूसरी ओर, यूक्रेन युद्ध को लेकर ट्रंप ने साफ किया कि अमेरिका ने यूक्रेन के साथ खुफिया जानकारी साझा करना बंद नहीं किया है। अमेरिका यूक्रेन और रूस, दोनों के साथ मिलकर युद्ध खत्म कराने की कोशिश कर रहा है।

ट्रंप-पुतिन की बातचीत के बाद हुआ सौदा : रूस से डीजल खरीदने का ऐलान अमेरिकी राष्ट्रपति की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत के बाद हुआ। इस फैसले पर अमेरिका में राजनीतिक विवाद तेज हो गया है।

रिपब्लिकन और डेमोक्रेट, दोनों दलों के नेताओं ने इस समझौते पर आपत्ति जताई है। विवाद इसलिए भी बढ़ा है, क्योंकि अमेरिकी कांग्रेस ने रूस पर सख्त आर्थिक प्रतिबंध लगाने और उसके सहयोगी देशों पर दबाव बढ़ाने के लिए ट्रंप को अधिकार दिए थे। चीन और भारत जैसे रूस के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों पर भी अमेरिकी टैरिफ लगाए गए हैं। ऐसे में रूस से डीजल की सप्लाई को मंजूरी देने के फैसले पर सवाल उठ रहे हैं।



> यह डीजल का सौदा है, लेकिन अमेरिका के लिए नहीं। इसे दुनिया के बाजार में भेजा जा रहा है, हमारे लिए नहीं। दुनिया के बाजार में ईंधन की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। ऐसे में डीजल रिफाइनरियों का बंद होना हालात को और खराब कर सकता है।
>
> *डोनाल्ड ट्रंप, राष्ट्रपति, अमेरिका*

रूस से कितने डीजल की सप्लाई होगी?

ट्रंप ने 9 अक्तूबर को रूस से डीजल मंगाने की घोषणा की थी। इसके तहत रूस पहले 3 लाख टन से ज्यादा डीजल की सप्लाई करेगा। इसके बाद नवंबर में 5 लाख टन और फिर उसके तुरंत बाद 10 लाख टन डीजल भेजने की योजना है। इस सप्लाई को आसान बनाने के लिए अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने एक अस्थायी लाइसेंस जारी किया है। इसके तहत रूस से आने वाले डीजल की अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सप्लाई पर लगे कुछ प्रतिबंधों में ढील दी गई है। यह छूट 7 अप्रैल 2027 तक लागू रहेगी।

'रूस का डीजल अमेरिका नहीं, दुनिया के बाजार के लिए'

रूस के साथ डीजल सौदे पर उठ रहे सवालों के बीच ट्रंप ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि इस समझौते के तहत आने वाला ईंधन अमेरिकी बाजार में नहीं भेजा जाएगा। इसका मकसद दुनिया भर में डीजल की सप्लाई बढ़ाना है, ताकि बढ़ती कीमतों से राहत मिल सके। ट्रंप ने कहा, "यह डीजल का सौदा है, लेकिन अमेरिका के लिए नहीं। इसे दुनिया के बाजार में भेजा जा रहा है, हमारे लिए नहीं।" उन्होंने आगे कहा कि दुनिया के बाजार में ईंधन की कीमतें काफी बढ़ गई हैं।

वोट चोरी और एसआईआर पर कांग्रेस का हमला

पीएम से सिपाही तक को दिलाएंगे सजा: राहुल गांधी

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वोट चोरी और एसआईआर के मुद्दे पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से लेकर उन पुलिसकर्मियों तक को सजा दिलाई जाएगी, जिन्होंने कथित तौर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हाथ उठाया। राहुल गांधी ने छात्रों से घटना से जुड़े वीडियो और अन्य सबूत सुरक्षित रखने की अपील की।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी अपने साथ कुछ छात्रों को भी लेकर आए। छात्रों ने हिरासत के दौरान कथित मारपीट और पुलिसकर्मियों के व्यवहार के बारे में बताया। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने भी एसआईआर को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए।

राहुल गांधी ने कहा कि विरोध प्रदर्शन में शामिल लोगों की आवाज देश की आवाज है। उन्होंने अमित शाह को संबोधित करते हुए कहा, "यहां कोई हिंदू नहीं, कोई मुसलमान नहीं, किसी खास जाति का कोई नहीं, कोई महिला नहीं, कोई पुरुष नहीं। एक ही आवाज है, एक ही विरोध है। यह भारत की आवाज है और आप इस आवाज के खिलाफ खड़े हैं। प्रधानमंत्री इस आवाज के खिलाफ खड़े हैं।" उन्होंने कहा कि इस आवाज के खिलाफ खड़े होने के बजाय उसे सुनना चाहिए। राहुल गांधी के मुताबिक, कोई भी इस आवाज को दबा नहीं सकता।

'पीएम से लेकर सिपाही तक को सजा मिलेगी': राहुल गांधी ने छात्रों से प्रदर्शन और हिरासत से जुड़े वीडियो रिकॉर्ड करने और सबूत अपने पास सुरक्षित रखने को कहा। उन्होंने कहा कि मामले के खत्म होने पर इन सबूतों का इस्तेमाल किया जाएगा, ताकि जिन लोगों को सजा मिलनी चाहिए, उन्हें सजा मिल सके। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और कथित मारपीट में शामिल पुलिसकर्मियों का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी को भी जवाबदेही से बचने नहीं दिया जाएगा।

छात्र ने सुनाई आपबीती, पुलिस पर मारपीट का आरोप : प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद छात्र धर्मेंद्र कुमार ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों ने छात्रों के साथ मारपीट की। उसके मुताबिक, एक पुलिसकर्मी ने छात्रों से कहा कि दिल्ली पुलिस उनके पिता के समान है।

मेरठ नीले ड्रम केस में मुस्कान और साहिल को फांसी की सजा, महाभारत का जिक्र कर जज ने सुनाई सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। मेरठ का चर्चित सौरभ राजपूत मर्डर केस (Blue Drum Murder Case Verdict) में आज दोषी मुस्कान रस्तोगी और उसके बॉयफ्रेंड साहिल को फांसी की सजा सुनाई गई है। अदालत ने 30 सितंबर को दोनों आरोपी को दोषी करार दिया था। सजा की सुनवाई के दौरान दोषी मुस्कान और साहिल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े थे। कोर्ट में सौरभ की मां रेणु भाई बबलू भी मोजूद थे।

सौरभ के वकील ने कहा, जज साहब ने महाभारत के प्रसंग देते हुए कहा कि न्यायालय अपना कार्य करेगा। बचाव पक्ष की ओर से काफी प्रयास किए गए लेकिन फिर भी हमारी जीत हुई है। सौरभ के घर वालों ने कुछ नहीं कहा।"

कोर्ट के बाहर एक महिला वकील ने NDTV से कहा, "हम सावित्री के देश के हैं, मुस्कान के नहीं, सावित्री अपने पति के प्राण यमराज से वापस ले आई थीं। इसमें मौत की सजा ही होनी चाहिए। दोनों को सजा कानून के हिसाब से मिली है।"

बता दें कि आज सुबह ही कोर्ट में मुस्कान के माता पिता ने लिखित में कहा कि मृतक सौरभ बहुत अच्छा लड़का था,उसकी बेरहमी से हत्या हुई। इसके साथ ही दोषी मुस्कान को अगर फांसी की सजा हो तो हम विरोध नहीं करेंगे। हमारा अब इनसे कोई लेना देना नहीं। गौरतलब है कि मुस्कान के परिवार वाले कभी उससे जेल मिलने भी नहीं गए थे।

मुस्कान ने 3 मार्च 2025 को बॉयफ्रेंड साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपूत की हत्या कर उसके शव को नीले ड्रम में सीमेंट में छिपा दिया था। 126 सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों को हत्या के मामले में दोषी माना था। कोर्ट ने ये भी माना कि दोनों ने मिलकर सौरभ राजपूत की हत्या क और बाद में सबूत मिटाने की कोशिश की। दोषी करार देते हुए अदालत ने कहा था, "अपराध समाज में भय का माहौल पैदा करता है। सभी सबूतों की जांच के बाद यह साफ हो गया कि दोनों ने मिलकर सौरभ राजपूत की हत्या की और सबूतों को मिटाने की भी कोशिश की। कोर्ट ने दोनों दोषियों को सजा के बारे में अपना पक्ष रखने के लिए 15 दिन का समय दिया था, जिसके बाद सजा का ऐलान किया जाना था। अदालत ने 19 सितंबर को ही दोषसिद्धि पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश का हवाला देते हुए कहा था कि समाज में इस प्रकार के जघन्य अपराध के लिये अपराधियों को उचित सजा मिलनी चाहिए, जिससे समाज में साफ मैसेज जाए।

आजम खान पर ईडी का शिकंजा, छह घंटे की पूछताछ के बाद नया केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय



रामपुर। सपा नेता आजम खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। ईडी ने आजम खान पर गंभीर धाराओं में नया केस दर्ज करा दिया है। कल यानी मंगलवार को रामपुर जेल में छह घंटे चली लंबी पूछताछ के बाद ईडी ने दर्ज किया है।

दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम मंगलवार सुबह करीब 9:45 बजे रामपुर जिला कारागार पहुंची थी और सपा नेता आजम खान से जौहर विवि को लेकर पूछताछ की। जौहर विवि और जौहर ट्रस्ट में वित्तीय लेनदेन के मामले में लगे आरोपों को लेकर सवालों के जवाब मांगे। शाम चार बजे तक ईडी की टीम जिला कारागार से निकल गई। करीब छह घंटे तक ईडी के चार अधिकारियों की टीम ने आजम खान से जौहर विवि से जुड़े वित्तीय लेनदेन की पूछताछ की। मंगलवार सुबह एक गाड़ी में ईडी के चार अधिकारियों की टीम लखनऊ से रामपुर के जिला कारागार पहुंची। जेल में प्रवेश के बाद ईडी के अधिकारी आजम की बैरक में पहुंचे। जहां जौहर विवि और जौहर ट्रस्ट को मिले करोड़ों के चंदे, निर्माण कार्यों पर खर्च की गई रकम के बारे में सवाल किया गया। इससे पहले जांच एजेंसी वित्तीय लेन-देन के मामले में उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट दीपक गोयल, जौहर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. जहीरुद्दीन, सपा विधायक नसीर अहमद खान और ठेकेदार सलीम से पूछताछ हो चुकी है। मामले में चमरौआ विधानसभा सीट से सपा विधायक नसीर अहमद खान से ईडी ने 7 घंटे पूछताछ की थी।

जंतर-मंतर प्रदर्शन मामले में सीजेपी के सौरव दास और आशुतोष रांका को 5 दिन की जेल

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के नेताओं सौरव दास और आशुतोष रांका को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन से जुड़े मामले में पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट ने दोनों को तिहाड़ जेल भेजने का आदेश दिया। वहीं, तीसरे नेता अजिंक्य शिंदे को पर्सनल बॉन्ड पर रिहा कर दिया गया। पुलिस ने अदालत में दलील दी कि सौरव दास और आशुतोष रांका को चार दिन पहले भी एहतियातन हिरासत में लिया गया था और शर्तों के साथ रिहा किया गया था, लेकिन उन्होंने दोबारा नियमों का उल्लंघन किया।

पुलिस के मुताबिक, मंगलवार को सौरव दास, आशुतोष रांका और अजिंक्य शिंदे अपने समर्थकों के साथ जंतर-मंतर पर कथित तौर पर प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन कर घुस गए थे। उस समय इलाके में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 163 लागू थी। दिल्ली पुलिस ने तीनों नेताओं और उनके समर्थकों को हिरासत में लेकर जाफरपुर कलां पहुंचाया। बाद में देर रात तीनों नेताओं को एहतियातन गिरफ्तार किया गया। बुधवार सुबह उन्हें स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। पुलिस ने मजिस्ट्रेट के सामने कहा कि सौरव दास और आशुतोष रांका को चार दिन पहले भी एहतियातन हिरासत में लिया गया था। उस समय उन्हें बॉन्ड भरने और भविष्य में शांति भंग नहीं करने की शर्त पर रिहा किया गया था।

धरने पर बैठे अंकिता भंडारी के माता-पिता से की मुलाकात



जागरण मोर्चा कार्यालय

नई दिल्ली। उत्तराखंड का अंकिता भंडारी मर्डर केस एक बार फिर चर्चा में आ गया है। अंकिता भंडारी के माता-पिता इंडिया गेट पर धरने पर बैठे हैं। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी अब उनके साथ इंडिया गेट पर धरना देने वाले हैं। राहुल के साथ प्रियंका गांधी वाड्रा भी हैं।

अंकिता के माता-पिता दुष्यंत गौतम सिक्किम का राज्यपाल बनाए जाने का विरोध कर रहे हैं। दुष्यंत गौतम को राज्यपाल बनाए जाने का कांग्रेस भी विरोध कर रही है। दुष्यंत गौतम का अंकिता भंडारी मर्डर केस में कोई सीधा नाम या आरोप नहीं लगा है। लेकिन इस हत्याकांड में कथित 'वीआईपी' का जिक्र हुआ था। इसके बाद से ही आरोप लगे कि यह कथित वीआईपी दुष्यंत गौतम हैं। अंकिता की मां ने कहा कि 12 तारीख को जब यह खबर आई कि दुष्यंत गौतम को राज्यपाल नियुक्त कर दिया गया है तो हमें बहुत दुख हुआ। हम राष्ट्रपति जी से यह प्रार्थना करते हैं कि वह एक महिला हैं, एक बेटी की मां होने की भावनाओं को समझें।उन्होंने मांग की है कि दुष्यंत गौतम को गवर्नर बनाए जाने के फैसले पर रोक लगाई जाए। उन्होंने मांग की जब तक सीबीआई जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक कोई फैसला न हो। वहीं, अंकिता के पिता वीरेंद्र भंडारी ने कहा कि दुष्यंत गौतम को सलाखों के पीछे डाला जाए।

निर्णय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट बाकी; अपील करेगी सरकार

यूपी हाईकोर्ट ने कहा तीन महीने में कराए जाएं पंचायत चुनाव

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को ग्राम पंचायत चुनाव मामले में एक अहम फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को तीन महीने के भीतर चुनाव कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट के आदेश के अनुसार, जब तक नए चुनाव संपन्न नहीं हो जाते, तब तक सभी निवर्तमान ग्राम प्रधान प्रशासक के रूप में अपने पदों पर कार्य करते रहेंगे। यह फैसला न्यायमूर्ति जस्टिस अजीत कुमार और जस्टिस गरिमा प्रसाद की डिवीजन बेंच ने शाम 4:00 बजे खुली अदालत में सुनाया। यह याचिका प्रयागराज के इम्तियाज हुसैन और अन्य द्वारा समय पर चुनाव कराने की मांग को लेकर दायर की गई थी।

इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में अलग से सुनवाई चल रही है। सरकार एक से अधिक बार चुनाव कराने को लेकर अपना रुख स्पष्ट कर चुकी है। सरकार द्वारा पहले प्रशासक नियुक्त किए जा चुके हैं। इसके अलावा कुछ अन्य वजहें हैं जिसके चलते यह चुनाव अभी करा पाना संभव नहीं है।

नियमानुसार पंचायत चुनाव से पहले सरकार को पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट पेश करनी होती है, जो कि अभी तक प्रस्तुत नहीं की गई है। रिपोर्ट के बिना चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ाना कानूनी और प्रशासनिक रूप से पेचीदा काम है। सूत्रों के अनुसार, इन अड़चनों और प्रशासनिक तैयारियों के चलते सरकार अभी पंचायत चुनाव कराने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में यह संभावना जताई जा रही है कि सरकार इस फैसले के खिलाफ अदालत में अपील का रुख कर सकती है।

प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में यह लगभग स्पष्ट है कि प्रदेश में निर्धारित समय के अनुसार विधानसभा चुनाव पहले संपन्न होंगे, और उसके बाद ही पंचायत चुनावों की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

पेंशन पर सरकार का बड़ा फैसला

अब जन्म से मिलेगा दिव्यांग पेंशन

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम को अगले पांच साल तक जारी रखने की मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक के लिए 53,428 करोड़ रुपये मंजूर किए। इसके तहत दिव्यांग पेंशन के नियम बदले गए हैं। अब पात्र दिव्यांगजन जन्म से ही पेंशन का लाभ ले सकेंगे। वहीं, वृद्धावस्था और विधवा पेंशन योजनाएं मौजूद स्वरूप में जारी रहेगी। इसके अलावा, तीन पेंशन योजनाओं के नाम से इंदिरा गांधी का नाम हटाकर प्रधानमंत्री शब्द जोड़ने का फैसला किया गया है।

सरकार ने दिव्यांग पेंशन के लिए दिव्यांगता की सीमा 80 से घटाकर 40 फीसदी कर दी गई है। अब जन्म से ही पात्र दिव्यांगजन पेंशन के लिए आवेदन कर सकेंगे। नए नियमों के तहत 79 वर्ष तक के लाभार्थियों को हर महीने 375 रुपये और 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र वालों को 625 रुपये मिलेंगे। पात्रता, लाभार्थियों की संख्या और सहायता राशि से जुड़े नए दिशानिर्देश तीन महीने के भीतर जारी कर लागू किए जाएंगे।

सरकार के इस फैसले से देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के करीब 3.20 करोड़ लाभार्थियों को फायदा मिलेगा। वृद्धावस्था और विधवा पेंशन के साथ परिवार लाभ योजना पहले की तरह जारी रहेगी। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम की शुरुआत 15 अगस्त 1995 को हुई थी। इसके तहत गरीब परिवारों को आर्थिक मदद दी जाती है।

योजना का पूरा खर्च केंद्र सरकार उठाती है, ताकि देशभर में पात्र लोगों को समान रूप से सहायता मिल सके। दिव्यांग पेंशन के नियम दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत बदले गए हैं। इसमें 40 फीसदी दिव्यांगता को मानक माना गया है। साथ ही, दिव्यांगजनों को समान श्रेणी की दूसरी योजनाओं के मुकाबले कम से कम 25 फीसदी अधिक सहायता देने का प्रावधान है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



मिठाइयों पर 'यूज बाय डेट' और 'एक्सपायरी डेट' लिखना अनिवार्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

मीरगंज। आगामी त्योहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की शुद्धता, गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार ने बुधवार को मीरगंज कस्बे में मिठाई विक्रेताओं के साथ बैठक की। इसमें मिठाइयों की बिक्री में निर्धारित नियमों का पालन करने, प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई रखने तथा मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री से बचने के निर्देश दिए गए। साथ ही मिठाइयों पर 'यूज बाय डेट' और 'एक्सपायरी डेट' अंकित करने के लिए विक्रेताओं को स्टीकर भी सौंपे गए।मीरगंज उद्योग व्यापार मंडल के सहयोग से थाना मीरगंज रोड स्थित मामा स्वीट्स हाउस के बराबर में आयोजित बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि मिठाई विक्रेता अपने प्रतिष्ठानों के काउंटर पर बिक्री के लिए रखी मिठाइयों के सामने उनकी निर्धारित तिथि स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें। इससे ग्राहकों को मिठाइयों की उपयोग अवधि की जानकारी मिल सकेगी और खाद्य सुरक्षा संबंधी नियमों के पालन में मदद मिलेगी।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने सभी मिठाई विक्रेताओं को अपने प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन मिठाइयों में रंगों का प्रयोग किया जाता है, उनमें नियमानुसार अनुमन्य खाद्य रंगों का ही निर्धारित सीमा में इस्तेमाल किया जाए। मिठाइयों पर नकली चांदी का वर्क लगाने से बचने और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी खाद्य कारोबारियों को नियमानुसार खाद्य लाइसेंस अथवा पंजीकरण प्राप्त करने के बाद ही अपना कारोबार संचालित करना चाहिए। त्योहारों के दौरान अधिक बिक्री के दबाव में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से समझौता न किया जाए और किसी भी स्थिति में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री नहीं होनी चाहिए।

बैठक में मीरगंज उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राम नारायण गुप्ता ने व्यापारियों से खाद्य सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करने और ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण मिठाइयां उपलब्ध कराने की अपील की। बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार ने विक्रेताओं को 'यूज बाय डेट' और 'एक्सपायरी डेट' लिखने के लिए स्टीकर सौंपे, ताकि मिठाइयों के सामने आवश्यक तिथि स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जा सके। इस दौरान पवन गुप्ता, संजीव गुप्ता, सेपु गुप्ता, जीशान अंसारी, हरिओम गुप्ता, शिवकुमार शर्मा, प्रमोद गुप्ता, इंद्रेश गुप्ता और अंजू गुप्ता सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी, सदस्य, मीरगंज कस्बे तथा आसपास के मिठाई विक्रेता मौजूद रहे। बैठक के माध्यम से मिठाई कारोबारियों को यह संदेश दिया गया कि त्योहारों के अवसर पर ग्राहकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सर्वोपरि है। मिठाइयों की सही जानकारी प्रदर्शित करने, स्वच्छता बनाए रखने, अनुमन्य खाद्य रंगों का इस्तेमाल करने और लाइसेंस संबंधी नियमों का पालन करने से खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकता है।

मैनेजर पर कमीशन का आरोप, शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

नवाबगंज। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की क्योलड़िया शाखा में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के खाते नहीं खुलने को लेकर विवाद सामने आया है। महिलाओं ने शाखा प्रबंधक पर खाता खोलने के नाम पर 10 प्रतिशत कमीशन मांगने और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। मामले में नवादा इमामाबाद निवासी कुसुमा देवी पत्नी महेश पाल ने 14 अक्टूबर को मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर जांच और कार्रवाई की मांग की।

कुसुमा देवी के अनुसार, स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को बैंक खाते खुलवाने में परेशानी हो रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक में महिलाओं के साथ उचित व्यवहार नहीं किया गया और कमीशन मांगा गया। महिलाओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

उधर, विकासखंड स्तर पर भी महिलाओं के खाते खुलवाने की पहल की गई। खंड विकास अधिकारी महेश कुमार शाक्य ने एडीओ आईएसबी भगवान स्वरूप और ब्लॉक मिशन प्रबंधक किरण वर्मा को खाते खुलवाने की प्रक्रिया जल्द पूरी कराने के निर्देश दिए। इसके बाद बैंक पहुंचे अधिकारियों की पहल पर महिलाओं के 24 खाते खोले गए। वहीं, शाखा प्रबंधक ने कमीशन मांगने के आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना है कि इस तरह की कोई बात नहीं हुई है और उन पर गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। फिलहाल शिकायत के बाद मामले की जांच और कार्रवाई को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है।

संक्षेप समाचार

सांसद श्रुति गंगवार का भव्य स्वागत

नवाबगंज। श्रुति गंगवार के राज्यसभा सांसद बनने के बाद बरेली आगमन पर उनका स्वागत करने और बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में नवाबगंज विधायक डाक्टर एमपी आर्य, गन्ना समिति के चेयरमैन निर्भय गंगवार तथा उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के उपसभापति, पूर्व चेयरमैन एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिंह राठौर ने उनका स्वागत कर राज्यसभा सांसद बनने पर बधाई दी। इस दौरान भाजपा नेताओं ने श्रुति गंगवार को गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दीं और उनके नए दायित्व के लिए उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि श्रुति गंगवार अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगी और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। श्रुति गंगवार के राज्यसभा सांसद बनने से क्षेत्र के भाजपा नेताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। उनके बरेली आगमन पर जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और समर्थकों की ओर से लगातार स्वागत एवं बधाई देने का क्रम जारी है।

परीक्षा देने गया 16 वर्षीय छात्र लापता



नवाबगंज। थाना हाफिजगंज क्षेत्र के ग्राम नउआ नगला निवासी 16 वर्षीय छात्र अनमोल गंगवार के लापता होने का मामला सामने आया है। छात्र के पिता मोहन स्वरूप ने थाना नवाबगंज में तहरीर देकर बेटे की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश कराने की गुहार लगाई है। तहरीर के अनुसार, अनमोल गंगवार नवाबगंज स्थित जेपीएन इंटर कॉलेज में कक्षा 10 का छात्र है। 13 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब नौ बजे वह अपनी भतीजी सेजल के साथ स्कूल में परीक्षा देने के लिए नवाबगंज गया था। भतीजी स्कूल के अंदर चली गई, जबकि अनमोल को गेट पर ही छोड़ दिया गया था। इसके बाद से अनमोल का कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने बताया कि शाम तक अनमोल के घर वापस नहीं लौटने पर उसकी तलाश शुरू की गई। रिश्तेदारों और परिचितों के यहां खोजबीन की गई, लेकिन छात्र का कोई सुराग नहीं लगा। लापता छात्र की पहचान बताते हुए पिता ने कहा कि अनमोल का रंग गेहुआं, कद करीब पांच फुट दो इंच है। वह महरूम रंग की शर्ट, चॉकलेटी रंग की पैंट और नीले रंग के स्पोर्ट्स जूते पहने हुए था। उसके सीधे हाथ पर तिल का निशान भी है। पीड़ित पिता ने पुलिस से बेटे की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश कराने और सकुशल बरामद करने की मांग की है।

तीन साल के बच्चे की सर्पदंश से मौत, कोहराम

बहेड़ी। नगर के मोहल्ला अब्बास नगर में सर्पदंश से एक तीन साल के मासूम की मौत हो गई। अकस्मात टूटे इस पहाड़ से परिजनों में तो कोहराम मच ही गया, मोहल्ले के लोग भी गमगीन हो गये। मिली जानकारी के मुताबिक़, मोहल्ला अब्बास नगर निवासी मो. हसन का तीन साल का बेटा आलिम गुजरे सोमवार के दिन घर में खेल रहा था उसी दौरान कहीं से निकल आए एक सांप ने उसे डस लिया। बच्चे की हालत बिगड़ी तो परिजन उसे अस्पताल लेकर भागे लेकिन तब तक अनहोनी घट चुकी थी। चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। तीन बच्चों में सबसे बड़ा आलिम अपने परिवार में लाड़ला था। उसकी मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। घटना के बाबत जिस किसी ने सुना वह पीड़ित परिवार पहुंचा और गम के सागर में डूबे परिजनों को तसल्ली देने की कोशिश की।

इंडस्ट्रियल फीडर की खराब ट्राली को लेकर अधिशासी अभियंता का घेराव

बहेड़ी। बहेड़ी भर के राइस मिलों तथा आरा मशीनों के लिए विद्युत सप्लाई करने वाले केसर इंडस्ट्रियल फीडर की ट्राली दो माह के बाद भी ठीक न होने से गुस्साए राइस मिलर्स ने अध्यक्ष न ईम अहमद की अगुवाई में अधिशासी अभियंता का घेराव कर मुख्य अभियंता को संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि धोबी तालाब वाले बिजली घर में रखे केसर इंडस्ट्रियल फीडर की ट्राली खराब होने से बाधित बिजली सप्लाई के कारण ड्रायर न चलने से धान नहीं सुखाया जा सकता। इसलिए यहाँ के किसान धान उत्तराखण्ड राज्य ले जा रहे हैं। काम न होने से राइस मिलों पर तैनात हजारों मजदूरों के सामने रोजी रोटी का संकट गहरा गया है। बिजली घर पर तैनात एस एस ओ से लेकर एसडीओ तक इस मामले में टालमटोल कर रहे हैं। जिस ट्राली को 24 घंटे में ठीक कराया जा सकता था उसे खराब पड़े दो महीने से ज्यादा वक्त बीत गया। राइस मिलर्स ने लापरवाह अधिकारियों को यहाँ से हटाकर आपूर्ति दुरूस्त कराए जाने की मांग की है।

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, तीन घायल

फतेहगंज पश्चिमी। हाईवे से कस्बे को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर बुधवार को एक बैंक्वेट हॉल के सामने दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार मासूम बच्ची समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए बरेली अस्पताल भेजा। वहीं, दूसरी बाइक का सवार हादसे के बाद अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, गांव ठिरिया खेतल निवासी शमशेर खान बुधवार को अपनी बहन और भांजी के साथ बाइक से कस्बे की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक हाईवे से कस्बे को जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित एक बैंक्वेट हॉल के पास पहुंची, सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उसकी टक्कर हो गई।

नवाबगंज दशहरा: केवट लीला मंचन

जागरण मोर्चा कार्यालय



नवाबगंज। पंघैली नदी में केवट ने प्रभु रामलीला में केवट लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। वृंदावन के प्रसिद्ध बाल मुकुंद जी महाराज की रामलीला के कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। लीला के मंचन के दौरान मेला मैदान से सटकर बह रही पंघैली नदी में केवट प्रसंग का मनोहारी दृश्य प्रस्तुत किया गया। इसमें केवट ने भगवान श्रीराम को नाव पर बैठाकर नदी पार कराई। कलाकारों ने प्रभु श्रीराम और केवट के बीच संवादों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। केवट की प्रभु श्रीराम के प्रति अटूट श्रद्धा, समर्पण और भक्ति का प्रसंग देखकर दर्शक भक्तिभाव में डूब गए। नदी में नाव के माध्यम से किए गए इस सजीव मंचन ने रामलीला को और भी आकर्षक बना दिया। इस दौरान मेला कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट शिशुपाल सिंह गंगवार, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, महामंत्री कृष्ण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष तरुण मेहरोत्रा, उप मंत्री राजेंद्र प्रसाद कटियार व संजोग गुप्ता, मेला इंचार्ज शैलेंद्र शर्मा एडवोकेट, मदन मोहन दीक्षित, मेला निरीक्षित चंद्र प्रकाश गुप्ता, प्रदीप सूरी, ऑडिटर दिलीप गुप्ता, अखिलेश शर्मा अक्कू, कानूनी सलाहकार सुरेन्द्र कुमार, सक्सेना शैलेश चंद्र शर्मा, मेला डायरेक्टर सुरेंद्र गौड़ , रामधुन गुप्ता, मीडिया प्रभारी प्रेम प्रकाश रस्तोगी और मेल व्यवस्थापक राम अवतार वाला, अमर सिंह राठौर आदि उपस्थित रहे।

धूमधाम से निकली श्रीराम बारात

जागरण मोर्चा कार्यालय



फतेहगंज पश्चिमी। कस्बे में चल रही रामलीला के अंतर्गत मंगलवार को भगवान श्रीराम की बारात धूमधाम से निकाली गई। बारात में एक दर्जन से अधिक आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। श्रीराम और लक्ष्मण की झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। बारात के दौरान पूरे कस्बे में उत्सव जैसा माहौल नजर आया। श्रीराम बारात जानकी देवी इंटर कॉलेज से शुरू होकर मुख्य बाजार, लोधी नगर चौराहा और शाही रोड से गुजरते हुए रामलीला मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। बारात का जगह-जगह महिला-पुरुषों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रामलीला मेला कमेटी की ओर से एक जोड़े का विवाह भी संपन्न कराया गया। बरेली के मणिनाथ निवासी राजेश सागर के पुत्र सचिन सागर और फतेहगंज पश्चिमी निवासी प्रदीप सागर की पुत्री साक्षी सागर का विवाह हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार कराया गया। पंडित वेदप्रकाश शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह की रस्में पूरी कराईं। कमेटी की ओर से नवदंपती को डबल बेड, अलमारी, बर्तन और कूलर सहित अन्य घरेलू सामान भेंट किया गया।इस अवसर पर नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद श्रुति गंगवार, विधायक डॉ. डीसी वर्मा और जिला पंचायत सदस्य ममता गंगवार ने नवदंपती को आशीर्वाद देकर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम में रामलीला मेला कमेटी के अध्यक्ष ओमेंद्र चौहान, संजय सिंह चौहान, मंत्री महिपाल सिंह, पूर्व चेयरमैन सरजू यादव, जिला पंचायत सदस्य ममता गंगवार, सुरेश गुप्ता, जतिन चौहान, प्रदीप गर्ग, रमन जायसवाल, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं दीं।

नाम जोड़ने को 17 और 24 अक्टूबर को कैंप

मीरगंज। विधानसभा निर्वाचन-2027 की तैयारियों के तहत मतदाता सूची दुरुस्त करने के लिए 17 और 24 अक्टूबर को विशेष कैंप लगाए जाएंगे। सुबह 10 से शाम चार बजे तक बीएलओ मतदान केंद्रों पर फार्म-6 भरवाएंगे। बुधवार को एसडीएम कार्यालय में बैठक के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी निधि शुक्ला ने यह जानकारी दी। उन्होंने राजनीतिक दलों से बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की अपील की। बीएलओ पुरानी और वर्तमान मतदाता सूचियों का मिलान कर छूटे मतदाताओं को चिह्नित करेंगे। इसके बाद घर-घर सत्यापन कर पात्र लोगों के नाम जोड़े जाएंगे। पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं को भी अभियान में शामिल किया जाएगा। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और तहसीलदार आशीष कुमार सिंह मौजूद रहे।

विधायक ने किया निःशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय



नवाबगंज। आर्य हॉस्पिटल, नवाबगंज (राजघाट) की ओर से विकास खंड भदपुरा के ग्राम नकटी नारायनपुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक डॉ. एमपी आर्य ने किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करने के साथ ही जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया।

शिविर में कुल 200 मरीजों ने चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया।शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए चिकित्सकीय सलाह उपलब्ध कराई गई। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का विशेष महत्व है, क्योंकि इनके माध्यम से लोगों को अपने गांव के निकट ही चिकित्सा परामर्श प्राप्त करने का अवसर मिलता है। इससे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर उपचार के लिए प्रेरित करने में भी सहायता मिलती है। इस अवसर पर विधायक डॉ. एमपी आर्य ने कहा कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और जरूरतमंद लोगों तक चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजनों से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर उचित चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त करने में मदद मिलती है। उन्होंने जनहित में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया। क्षेत्रवासियों ने गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाने की पहल को उपयोगी बताया। इस प्रकार के शिविर ग्रामीण जनता के लिए सुविधाजनक साबित होते हैं और स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर भदपुरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविशंकर गंगवार जी, भदपुरा मण्डल अध्यक्ष श्री खेमकरन गंगवार जी, मण्डल महामंत्री पीताम्बर गंगवार जी, रोहित गंगवार जी,डॉ दुष्यंत गंगवार, डॉ मोहन गंगवार जी, डॉ माथुर जी उपस्थित रहे।

विधायक से मिले सिख समाज के प्रतिनिधि

मीरगंज। बुधवार को सिख समाज के प्रतिनिधियों ने सरदार बग्गा सिंह के नेतृत्व में विधायक डॉ. डीसी वर्मा के कार्यालय पर शिष्टाचार भेंट की। विधायक ने सभी का स्वागत करते हुए आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता और पारस्परिक सम्मान को समाज की पहचान बताया। उन्होंने कहा कि प्रेम, सद्भाव और सहयोग से सामाजिक एकता मजबूत होती है। इस दौरान सुरेश गंगवार, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा सहित सिख समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

राज्यसभा सांसद का नगर आगमन पर हुआ स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



सांसद श्रुति गंगवार का स्वागत करतीं पूर्व सभासद प्रियंका मित्तल। -जागरण मोर्चा

बहेड़ी। राज्यसभा सांसद के रूप में पहली बार नगर में आईं श्रुति गंगवार का जोरदार स्वागत किया गया। दोपहर के समय विधानसभा क्षेत्र भर से आए भाजपाई हाइवे स्थित गन्ना उत्पादक डिग्री कालेज पर इकट्ठा हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद उनका काफिला आगे बढ़ा। सबसे आगे नारेबाजी करते हुए बाइक सवार चल रहे थे और उसके पीछे समर्थकों से घिरी श्रुति गंगवार पैदल चल रही थीं। जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। भोले बाबा की मढ़ी से कुछ आगे पूर्व सभासद प्रियंका मित्तल ने सांसद को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। मद्धिम चाल से चलते हुए जुलूस बैंक आफ बडौदा से आगे एक पेट्रोल पंप पर पहुंचा जहाँ पूर्व ब्लॉक प्रमुख चौधरी आराम सिंह की अगुवाई में जाट समाज के सैकड़ों लोगों की ओर से सांसद का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इसके बाद सांसद गौटिया सिंह स्थित एक बेंकट हाल पहुंची जहाँ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए सांसद श्रुति गंगवार ने कहा कि अभी तक तो वे विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी थीं पर भाजपा नेतृत्व ने उन्हें इससे भी बड़ी भूमिका में बांध दिया। इसके लिए उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। केंद्रीय तथा प्रदेश नेतृत्व ने आठ में से दो महिलाओं तथा पिछड़े वर्ग का ध्यान रखकर समाज को एक संदेश दिया है।पार्टी में निष्ठा से काम करने वाला किसी भी वर्ग या समाज का व्यक्ति किसी भी पद तक पहुँच सकता है। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष रश्मि जायसवाल, बाबी जायसवाल, राकेश मिश्रा, मोहन सिंह, नरेश शर्मा, अंकित रस्तोगी, जितेंद्र सक्सेना, सुमन सक्सेना,सभासद ओमप्रकाश गंगवार, करन सिंह, गौरव पाल, विजय पाल व सुधीर कुमार सहित सैकड़ों अन्य लोग शामिल रहे। सांसद के स्वागत के लिए पूरे नैनीताल मार्ग को बैनरों से पाट दिया गया था। नगरपालिका परिसर के सामने जोरदार आतिशबाजी तथा सांसद पर पुष्प वर्षा की गई।

कार्यक्रम में नहीं दिखे क ई चर्चित चेहरे

बहेड़ी। सांसद श्रुति गंगवार के सम्मान में आयोजित सम्मेलन में वैसे तो भाजपाईयों की ठीकठाक उपस्थिति देखने को मिली पर पार्टी के नगर अध्यक्ष सहित कई चर्चित चेहरे कार्यक्रम में नजर नहीं आए। इसको लेकर लोगों के बीच चर्चा का बाजार गर्म रहा।

नाले में महिला का पुराना शव मिला

फतेहगंज पश्चिमी। वसीट नाले में मंगलवार शाम करीब 45 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। महिला ने सफेद रंग का छींटदार सलवार-सूट पहन रखा था। शव पुराना होने के कारण फूल गया था। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया। सीओ हाईवे देवेश सिंह ने बताया कि शव पानी में बहकर आने की आशंका है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।



जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



पत्नी को विदा कराने आए युवक की मौत हत्या कर शव पेड़ पर लटकाने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ बदायूं निवासी सचिन की मौत के मामले में पत्नी, साले और बहनोई पर लगाए आरोप, भाई ने पुलिस को दी तहरीर



बरेली। पत्नी को मायके से विदा कराकर घर ले जाने आए युवक की मौत के मामले में परिजनों ने उसकी पत्नी, साले और बहनोई पर हत्या का आरोप लगाया है। बदायूं निवासी सचिन का शव पेड़ पर लटका मिला था। परिजनों का दावा है कि उसे साजिश के तहत बुलाकर शराब पिलाई गई और मारपीट के बाद उसकी हत्या कर शव पेड़ पर लटका दिया गया। मृतक के भाई अर्जुन ने आंवला पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बदायूं के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव पड़ौआ निवासी अर्जुन के मुताबिक, उसका भाई सचिन नौ अक्टूबर को अपनी पत्नी काजल को लेने बरेली के अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव खेलम स्थित ससुराल आया था। काजल कुछ समय से मायके में रह रही थी। आरोप है कि 11 अक्टूबर को काजल उसे आंवला कस्बे के विलायतगंज स्थित अपने बहनोई ओमपाल के घर ले गई। इसके बाद उसने अपने भाई राकेश को भी बरेली से बुला लिया। परिजनों का कहना है कि 11 अक्टूबर की रात करीब साढ़े नौ बजे सचिन ने अपनी ताई को फोन किया था। इसी दौरान कथित तौर पर राकेश ने उसका मोबाइल छीन लिया। आरोप है कि इसके बाद सचिन को शराब पिलाई गई और काजल, राकेश व ओमपाल ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद से सचिन का परिवार से संपर्क टूट गया। 12 अक्टूबर को सचिन की सास ने उसके मामा को फोन कर उसके घर पहुंचने के बारे में पूछा। सचिन के घर नहीं पहुंचने की जानकारी मिलने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। अगले दिन अर्जुन रिश्तेदारों के साथ ओमपाल के घर पहुंचा। आरोप है कि वहां सचिन के बारे में पूछने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने गाली-गलौज की और धमकी दी। बाद में सचिन का शव पेड़ पर लटका मिला। परिजनों ने आरोप लगाया कि सचिन की हत्या कर घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव पेड़ पर लटकाया गया। अर्जुन ने पत्नी काजल, साले राकेश और बहनोई ओमपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में लगाए गए आरोपों की पुलिस जांच के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

एनसीसी कैडेट्स और पुलिस की जागरूकता रैली

बरेली। मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के तहत बुधवार को भमोरा थाना क्षेत्र के सैदपुर कैनी स्थित बाबा रामदास पीजी कॉलेज में महिला एनसीसी कैडेट्स और महिला पुलिसकर्मियों ने जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद आयोजित बैठक में विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि, उज्ज्वला, प्रधानमंत्री आवास और आयुष्मान भारत योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही नशामुक्ति का संदेश दिया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं को वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में बताया। पुलिस ने उत्पीड़न की स्थिति में बिना संकोच सूचना देने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर 2.60 लाख रुपये वसूलने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। बिजली चोरी पकड़ने गई बिजली विभाग की टीम पर पांच लोगों से कथित तौर पर 2.60 लाख रुपये लेकर बिना कार्रवाई किए लौटने का आरोप लगा है। मामला प्रेमनगर क्षेत्र की नई बस्ती नरकुलागंज का है, जहां विजिलेंस के साथ टीम ने छापेमारी की थी। शिकायतकर्ता ने पूरे घटनाक्रम की शिकायत चीफ इंजीनियर अखिलेश कुमार सिंह से की है। उन्होंने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शिकायतकर्ता सादिक के मुताबिक, बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे बिजली विभाग की टीम विजिलेंस के साथ इलाके में पहुंची थी। आरोप है कि अकिल हुसैन पुत्र कबीर हुसैन के घर वाईफाई तार के जरिए बिजली चोरी की जा रही थी। इसके अलावा जावेद, शानू जिम, मुन्ना और अजीज मियां के घरों पर भी बिजली चोरी की शिकायत पर छापेमारी की गई। सादिक का आरोप है कि छापेमारी के दौरान बिजली चोरी पकड़े जाने के बावजूद संबंधित लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने दावा किया कि अकिल हुसैन से एक लाख रुपये, जावेद और अजीज मियां से 30-30 हजार रुपये, मुन्ना से 20 हजार रुपये, शानू जिम वाले से 60 हजार रुपये और शानू उर्फ सन्नू से 20 हजार रुपये लिए गए। शिकायतकर्ता के मुताबिक, कुल रकम 2.60 लाख रुपये है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।शिकायतकर्ता का कहना है कि छापेमारी की गतिविधियां आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई हैं। उन्होंने फुटेज और विभागीय रिकॉर्ड की जांच कराकर यह स्पष्ट करने की मांग की है कि छापेमारी के बाद नियमानुसार कार्रवाई क्यों नहीं हुई और संबंधित लोगों के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई या नहीं। चीफ इंजीनियर अखिलेश कुमार सिंह से शिकायत किए जाने के बाद मामले की जांच का आश्वासन मिला है। वहीं, एसई ललित कुमार ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। अब जांच में ही स्पष्ट होगा कि कथित वसूली के आरोपों में कितनी सच्चाई है और छापेमारी करने वाली टीम की क्या भूमिका रही।

बरेली में खुलने जा रहा एलन करियर इंस्टीट्यूट

▶ 1 नवंबर को एलन शार्प के आयोजन में 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप पाने का मौका, विशेषज्ञों ने साझा की संस्थान की योजनाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। देश के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों में शामिल एलन करियर इंस्टीट्यूट अब बरेली में भी अपनी सेवाएं शुरू करने जा रहा है। संस्थान की ओर से एक नवंबर को एलन शार्प कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप पाने का अवसर मिलेगा। संस्थान की ओर से बुधवार को नैनीताल रोड स्थित होटल ग्रैंड निरवाना में आयोजित प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी दी गई। बताया गया कि कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप के साथ एलन के शैक्षणिक कार्यक्रमों और प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी भी मिलेगी। एलन के सीईओ सीआर चौधरी ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। बरेली और आसपास के क्षेत्रों की प्रतिभाओं को बेहतर मार्गदर्शन देने के लिए यहां शैक्षणिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि एलन विद्यार्थियों को मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए व्यवस्थित शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने का प्रयास करेगा।एलन के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. विपिन त्यागी ने बताया कि संस्थान की शुरुआत से बरेली के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से शहर में सकारात्मक शैक्षणिक बदलाव लाने और विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने की दिशा में काम किया जाएगा। प्रेसवार्ता में बताया गया कि संस्थान में नियमित बेसिस टेस्ट, कंप्यूटर आधारित टेस्ट, ऑनलाइन डाउट सॉल्विंग, टेस्ट पेपर डिस्कशन और व्यक्तिगत मार्गदर्शन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। विद्यार्थियों को बेस्ट स्टडी मटेरियल और परीक्षा की तैयारी के लिए विशेषज्ञों का मार्गदर्शन भी मिलेगा। एलन कोटा के 20 वर्षों से अधिक के अनुभव का उल्लेख करते हुए संस्थान के प्रतिनिधियों ने कहा कि बरेली में भी विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण देने का प्रयास किया जाएगा। संस्थान की ओर से 1 नवंबर को आयोजित होने वाले एलन शार्प कार्यक्रम में विद्यार्थियों से भाग लेने की अपील की गई।

बरेली में ध्रुव हेलिकॉप्टरों का रोमांचक करतब

▶ एयर शो में स्वदेशी हेलिकॉप्टरों की कलाबाजियों ने मोहा मन, युवाओं और बेटियों को दिया मेहनत व हौसले का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। भारतीय वायुसेना की हेलिकॉप्टर एयरोबेटिक डिस्प्ले टीम 'सारंग' ने आठ साल बाद बरेली के आसमान में वापसी करते हुए रोमांचक प्रदर्शन किया। 2018 के बाद आयोजित इस एयर शो में स्वदेशी ध्रुव हेलिकॉप्टरों की कलाबाजियां देखने के लिए स्कूली विद्यार्थियों, युवाओं और शहरवासियों में उत्साह नजर आया।

13 से 17 अक्टूबर तक चलने वाले पांच दिवसीय कार्यक्रम में पायलटों ने हवाई करतबों के जरिए अपनी कुशलता और आपसी तालमेल का प्रदर्शन किया। सारंग टीम स्वदेश निर्मित एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव के साथ प्रदर्शन करती है। हवा में हेलिकॉप्टरों की सधी हुई उड़ान, एक-दूसरे के करीब से गुजरने और विभिन्न फॉर्मेशन ने दर्शकों का ध्यान खींचा। टीम के प्रदर्शन में पायलटों का अनुशासन, अभ्यास और आपसी समन्वय देखने को मिला। टीम की महिला पायलट ने लड़कियों को संदेश देते हुए कहा कि विमानन क्षेत्र में सफलता के लिए कौशल, समर्पण, मेहनत और साहस जरूरी हैं। किसी भी लड़की को यह नहीं सोचना चाहिए कि वह अपने सपनों को पूरा नहीं कर सकती। वहीं, टीम के एक पायलट ने बताया कि कुछ मिनटों के प्रदर्शन के पीछे महीनों की तैयारी और सैकड़ों घंटे का अभ्यास होता है। युवाओं को भी लक्ष्य हासिल करने के लिए निरंतर अभ्यास और अनुशासन बनाए रखना चाहिए। सारंग टीम की स्थापना वर्ष 2003 में हुई थी। संस्कृत में सारंग का अर्थ मोर होता है। अपनी विशिष्ट उड़ान शैली और रंगों के कारण टीम भारतीय वायुसेना की पहचान बन चुकी है। बरेली में आयोजित एयर शो ने युवाओं में सैन्य विमानन और देशसेवा के प्रति रुचि बढ़ाने का अवसर भी दिया।

आईवीआरआई गेट पर गड्ढों से खतरा

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। शहर के इज्जतनगर थाना क्षेत्र स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के मुख्य प्रवेशद्वार के बाहर मुख्य सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। सड़क की बदहाल स्थिति से दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है।

बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। इसके चलते वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और दोपहिया वाहन चालक चोटिल भी हो चुके हैं। समस्या को गंभीरता से लेते हुए मानवाधिकार संगठन के वरिष्ठ जिला स्तरीय सदस्य अजय सक्सेना ने संबंधित विभागों का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने नगर निगम आयुक्त और लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को लिखित शिकायत पत्र सौंपने के साथ ही पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के माध्यम से सड़क की मरम्मत कराकर आमजन को राहत दिलाने की मांग की गई है। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग इस जनहित की समस्या के समाधान के लिए कब तक प्रभावी कदम उठाते हैं। स्थानीय लोगों और राहगीरों की सुरक्षा को देखते हुए सड़क के गड्ढों को जल्द भरवाना और मार्ग को सुरक्षित बनाना जरूरी है।

मदद न मिलने पर खुद की सफाई

बरेली। ब्लॉक क्यारा की ग्राम पंचायत उमरसिया में श्मशान घाट की बदहाली को देखते हुए ग्रामीणों ने स्वयं सफाई अभियान शुरू किया। वीर महाकाल सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार की पहल पर 10 अक्टूबर से अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीणों ने एकजुट होकर झाड़ियों की सफाई कर व्यवस्था सुधारने का प्रयास किया। ग्रामीणों के अनुसार, श्मशान घाट में बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगने से अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को परेशानी होती है। सरकारी सहायता नहीं मिलने पर ग्रामीणों को खुद आगे आना पड़ा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से श्मशान घाट की नियमित सफाई कराने, झाड़ियां हटवाने और रास्ते को सुगम बनाने की मांग की है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन समस्या का संज्ञान लेकर स्थायी समाधान कराएगा।

मृतक आश्रित नियुक्तियों में दोहरे मापदंड का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



बरेली। मृतक आश्रित नियुक्तियों में नियमों के समान अनुपालन की मांग को लेकर उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ रजिस्टर्ड 4845 के जिला अध्यक्ष अजय चौहान ने बुधवार को नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से मुलाकात की। उन्होंने मृतक आश्रित नियमावली 1974 के तहत गौरव कुमार वाल्मीकि और चंदन कुमार वाल्मीकि के लंबित मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की मांग उठाई। अजय चौहान ने बताया कि मृतक सुरेश कुमार के पुत्र गौरव कुमार वाल्मीकि की नियुक्ति के संबंध में नगर आयुक्त ने अब नियुक्ति संभव नहीं होने की बात कही। इस पर उन्होंने नियुक्तियों का हवाला देते हुए सवाल उठाया कि यदि उस समय इसी नियमावली के तहत नियुक्तियां हुई थीं, तो वर्तमान मामलों में अलग रुख क्यों अपनाया जा रहा है। उन्होंने गौरव के मामले में पात्रता और लागू नियमों की समीक्षा कर निर्णय के कारण लिखित रूप में देने की मांग की। इसके साथ ही मृतक संजय कुमार के दत्तक पुत्र चंदन कुमार वाल्मीकि की नियुक्ति का मामला भी उठाया। अजय चौहान के अनुसार, इस संबंध में कई बार प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने संबंधित फाइल का परीक्षण कर नियमानुसार निर्णय लेने की मांग की।अजय चौहान ने सोनी नामक अभ्यर्थी की नियुक्ति से जुड़े दस्तावेजों और पात्रता की भी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि सभी मामलों में नियुक्ति का निर्णय व्यक्तिगत प्रभाव या सिफारिश के बजाय नियमों और प्रमाणित दस्तावेजों के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने नगर आयुक्त से दोनों लंबित प्रकरणों की समीक्षा कराने और प्रत्येक मामले में स्पष्ट लिखित निर्णय देने का आग्रह किया। अजय चौहान ने कहा कि परिवार के कमाने वाले सदस्य की मृत्यु के बाद आश्रितों को लंबे समय तक कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ने चाहिए। संघ सफाई कर्मचारी परिवारों के अधिकारों, नियुक्तियों में पारदर्शिता और नियमों के समान अनुपालन के लिए आवाज उठाता रहेगा।

स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग, आईवीआरआई के विद्यार्थी भूख हड़ताल पर

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर बीवीएससी एवं एएच पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों का आंदोलन तेज हो गया है। कई दिनों से धरने पर बैठे विद्यार्थियों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। मंगलवार शाम भूख हड़ताल के दौरान एक छात्रा की तबीयत बिगड़ गई। उसे संस्थान परिसर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद उसकी स्थिति सामान्य हो गई।

प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों के अनुसार, छात्रा का ब्लड ग्लूकोज स्तर 40 पाया गया था। हालत बिगड़ने पर साथियों ने 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। घटना के बाद धरना स्थल पर मेडिकल टीम तैनात करने का आश्वासन दिया गया। विद्यार्थियों की मांग है कि साढ़े चार साल के शैक्षणिक अध्ययन के बाद होने वाली 12 महीने की अनिवार्य इंटर्नशिप के दौरान प्रत्येक विद्यार्थी को 25 हजार रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाए। उनका कहना है कि कई दौर की बातचीत के बावजूद लिखित आश्वासन नहीं मिला है, इसलिए आंदोलन जारी रहेगा।उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा संघ के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने धरना स्थल पर पहुंचकर विद्यार्थियों की समस्याएं सुनीं और मांगों को लेकर उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने की सलाह दी। वहीं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महानगर सहमंत्री आयुष शर्मा ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी को मांग पत्र भेजा है। आईवीआरआई प्रशासन से संपर्क नहीं हो सका।

बरेली कोर्ट ने संजू को दी जमानत

बरेली। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या नौ के न्यायाधीश अविनाश कुमार सिंह ने जानलेवा हमले के आरोपी संजू निवासी बेहटा चौहान, आंवला की जमानत याचिका मंजूर कर ली।

आरोपी 30 अगस्त 2026 से जिला कारागार में बंद था। मामले की पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता मो. आशिक हसीरी ने की। उन्होंने अदालत में आरोपी को झूठा फंसाने, स्वतंत्र गवाह न होने और चिकित्सा रिपोर्ट में चोटें सामान्य होने का तर्क दिया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने 50 हजार रुपये के व्यक्तिगत बंधपत्र और इतनी ही राशि के जमानतदार पर सशर्त रिहाई का आदेश दिया।

विधानसभा चुनाव 2027 में सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी जनहित क्रांतिकारी पार्टी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। जनहित क्रांतिकारी पार्टी ने भी चुनावी तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश राम चरण डागौरी ने बुधवार को सिविल लाइंस स्थित प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता कर प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारने का एलान किया। उन्होंने 15 संभावित उम्मीदवारों के नाम भी घोषित किए।

डागौरी ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य सामाजिक सद्भाव बढ़ाना, सांप्रदायिकता का मुकाबला करना और प्रदेश का चहुंमुखी विकास करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि नफरत की राजनीति से सामाजिक भाईचारे पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को प्रदेश की प्रमुख समस्याएं बताते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी और अपनी नीतियों के माध्यम से राजनीतिक विकल्प प्रस्तुत करेगी। घोषित संभावित उम्मीदवारों में जगदीश भारती (दयालबाग), डेनियाल सेनानायक (आगरा उत्तर), एलएम प्रेमखेजी (एटा), डॉ. शिवाजी (जलेसर), देवेंद्र सिंह (मारहरा), अनिल कुमार (पूरनपुर), सतीश गंगवार (बहेड़ी), विमल हलधर (बदखेड़ा), सुंदरलाल (नवाबगंज), हिना राही (पीलीभीत), प्रेमशंकर (बरेली), जेपी डागौरी (हाथरस), अकज कुमार (बीसलपुर), मौनू (सहारनपुर) और रवि धिगान शामिल हैं। पार्टी ने सभी सीटों पर चुनाव लड़कर जनता के सामने अपनी विचारधारा रखने की बात कही।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्प्ले, क्लासीफाइड, शोक संदेश,
बधाई संदेश , नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com





एक नजर

साइबर ठगी से बचने के लिए अनजान लिंक न खोलें: एसआई शिवानी

सहसवान। मिशन शक्ति फेज-6 .0 के अंतर्गत थाना सहसवान की एसआई शिवानी ने पुलिस टीम के साथ महिलाओं और स्कूली बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने साइबर ठगी से बचने, अनजान व्यक्ति से ओटीपी साझा न करने और संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन और आपातकालीन सेवाओं के नंबरों की जानकारी दी। बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में समझाया गया। अभिभावकों से छोटे बच्चों को अपना नाम और घर का पता याद कराने की अपील की गई। अभियान में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन और सुकन्या समृद्धि योजना की जानकारी भी दी गई। एसआई शिवानी ने महिलाओं की समस्याएं सुनकर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

बदायूं सपा टिकट जंग: आबिद रजा की दावेदारी मजबूत!

जागरण मोर्चा कार्यालय


बदायूं। विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के बीच बदायूं सदर विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के टिकट को लेकर सियासी सरगर्मी तेज होने लगी है। पूर्व मंत्री आबिद रजा, सपा नेता फखरे अहमद शोबी और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह दादा को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हैं। तीनों ही नेता सदर सीट से सपा का टिकट पाने के लिए अपनी-अपनी ताकत दिखाने में जुटे हैं। हालांकि, पार्टी की ओर से अभी किसी प्रत्याशी के नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन स्थानीय सियासत में टिकट को लेकर कयासों का दौर शुरू हो गया है। सदर विधानसभा क्षेत्र में आबिद रजा की सक्रियता और उनके पक्ष में जनता के बीच दिखाई देने वाले समर्थन को उनकी दावेदारी के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पूर्व मंत्री आबिद रजा पहले भी शक्ति प्रदर्शन के जरिए अपनी



आबिद रजा।



सपा नेता फकरे अहमद शोबी।



भूपेंद्र सिंह दद्दा।

राजनीतिक ताकत का एहसास करा चुके हैं। उनके समर्थक उन्हें सदर सीट के लिए मजबूत दावेदार के रूप में पेश कर रहे हैं। राजनीतिक हलकों में यह चर्चा भी है कि जनता के बीच उनकी सक्रियता और पुराने राजनीतिक अनुभव का उन्हें फायदा मिल सकता है। हालांकि, चुनाव में जीत की संभावनाओं और टिकट के अंतिम फैसले को लेकर अभी कोई निश्चित निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी।

पूर्व मंत्री आबिद रजा ने अपने शक्ति प्रदर्शन के जरिए यह संदेश देने की कोशिश की थी कि सदर विधानसभा क्षेत्र में उनका जनाधार और संगठनात्मक सक्रियता बरकरार है। उनके कार्यक्रम में जुटे समर्थकों की मौजूदगी को उनकी राजनीतिक ताकत के तौर पर देखा गया। आबिद रजा की कोशिश है कि टिकट के लिए दावेदारी मजबूत करने के साथ ही पार्टी नेतृत्व के सामने भी अपनी स्वीकार्यता का संदेश पहुंचाया जाए।

उनकी सक्रियता के बीच सदर सीट पर सपा के संभावित प्रत्याशियों को लेकर चर्चाएं और तेज हो गई हैं। समर्थकों के बीच आबिद रजा को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है, वहीं पार्टी के अन्य दावेदार भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने में लगे हैं।

फखरे अहमद शोबी की पीडीए पंचायत ने बढ़ाई हलचल

सपा नेता फखरे अहमद शोबी ने भी पीडीए पंचायत आयोजित कर अपनी राजनीतिक सक्रियता और समर्थकों के बीच पकड़ दिखाने की कोशिश की। इस कार्यक्रम को सदर विधानसभा सीट पर उनकी दावेदारी के नजरिए से देखा जा रहा है। पंचायत के माध्यम से उन्होंने पार्टी की विचारधारा और पीडीए की राजनीति को आगे बढ़ाने के साथ अपने समर्थकों को भी एकजुट करने का प्रयास किया। आबिद रजा और फखरे अहमद शोबी के कार्यक्रमों में सपा सांसद आदित्य यादव की मौजूदगी भी राजनीतिक चर्चा का विषय रही। इससे दोनों नेताओं के समर्थकों को उत्साह मिला। हालांकि, किसी कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता की उपस्थिति को टिकट की सहमति या समर्थन का आधिकारिक संकेत नहीं माना जा सकता।

भूपेंद्र सिंह दादा ने भी दिखाया दमखम

पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह दादा भी सदर विधानसभा सीट से सपा के संभावित दावेदारों में शामिल माने जा रहे हैं। उन्होंने पीडीए पंचायत के जरिए अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया। उनकी पंचायत में आजमगढ़ के सांसद और बदायूं के पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव की शिरकत ने कार्यक्रम को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बना दिया। धर्मेंद्र यादव की मौजूदगी को भूपेंद्र सिंह दादा के समर्थकों ने उत्साह के रूप में देखा। वहीं, राजनीतिक जानकारों की नजर इस बात पर भी है कि आने वाले समय में पार्टी नेतृत्व किस दावेदार को अधिक महत्व देता है। भूपेंद्र सिंह दादा की सक्रियता से यह साफ है कि वह भी टिकट की दौड़ में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने में पीछे नहीं रहना चाहते।

तीन दावेदार, एक सीट और पार्टी नेतृत्व का फैसला

बदायूं सदर विधानसभा सीट पर सपा के सामने तीन प्रमुख दावेदारों के बीच संतुलन बनाने की चुनौती दिखाई दे रही है। एक ओर आबिद रजा अपनी सक्रियता और समर्थकों के जरिए मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं, दूसरी ओर फखरे अहमद शोबी पीडीए पंचायत के माध्यम से अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने में लगे हैं। वहीं, भूपेंद्र सिंह दादा भी वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी वाले कार्यक्रमों के जरिए अपनी ताकत दिखा चुके हैं। इन शक्ति प्रदर्शनों से इतना जरूर स्पष्ट है कि सदर सीट पर टिकट की दावेदारी को लेकर नेताओं ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। अब निगाहें समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर टिकी हैं कि वह किसके नाम पर भरोसा जताता है। टिकट तय करते समय पार्टी प्रत्याशी की क्षेत्र में पकड़, संगठन के साथ तालमेल, सामाजिक समीकरण और चुनावी संभावनाओं को ध्यान में रख सकती है। फिलहाल, आबिद रजा को लेकर समर्थकों के बीच मजबूत दावेदारी की चर्चा है, लेकिन फखरे अहमद शोबी और भूपेंद्र सिंह दादा की सक्रियता ने मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। ऐसे में सदर विधानसभा सीट पर सपा का टिकट किसे मिलेगा, यह आने वाले समय में पार्टी की रणनीति और नेतृत्व के फैसले से ही स्पष्ट होगा।

शिवानी ने सिखाया आत्मरक्षा उपाय

▶ महमूदपुर और सहसवान में चलाया जागरूकता अभियान, महिला हेल्पलाइन व सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

सहसवान। मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत थाना सहसवान की एसआई शिवानी और उनकी टीम ने ग्राम महमूदपुर सहित सहसवान क्षेत्र में महिला सुरक्षा एवं बालिका जागरूकता अभियान चलाया। अभियान में बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

ग्राम महमूदपुर में एसआई शिवानी ने बालिकाओं को पुलिस के ऑपरेशन गरुड़, शील्ड, डेस्ट्राय, खोज, बचपन, मजनू, नशामुक्ति, रक्षा और ईगल के बारे में जानकारी



महिलाओं और छात्राओं को जागरूक करते महिला पुलिसकर्मी। -जागरण मोर्चा

दी। उन्होंने शक्ति मोबाइल, महिला हेल्प डेस्क, महिला बीट अधिकारी, महिला साइबर सेल, रिपोर्टिंग चौकी और पिंक बूथ जैसी सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और कौशल विकास योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सहसवान क्षेत्र में अभियान के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को 1090, 112, 1098, 1076, 108, 102 और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग के बारे में बताया गया। साथ ही गुड टच-बैड टच की जानकारी देकर बच्चों को सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया।

बदायूं में आज निकलेगी उत्तर भारत की सबसे बड़ी श्री राम विवाह शोभायात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। जनपद में चार अक्टूबर से चल रहे रामलीला महोत्सव के अंतर्गत उत्तर भारत की प्रमुख राम विवाह शोभायात्रा निकाली जाएगी। करीब 125 वर्ष पुराने इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। शोभायात्रा में 85 से अधिक झांकियां शामिल होंगी। इनमें बदायूं के अलावा दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों से आने वाली झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

रामलीला महोत्सव का इतिहास काफी पुराना है। रामलीला कमेटी पिछले करीब 125 वर्षों से इस धार्मिक आयोजन की परंपरा को आगे बढ़ा रही है। हालांकि, बदायूं के गांधी मैदान में पिछले 60 वर्षों से रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले दातागंज तिराहे के पास स्थित एक भवन में रामलीला का मंचन होता था।

वर्तमान में यह भवन मंदिर के रूप में मौजूद है, लेकिन जर्जर स्थिति में है। राम विवाह शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए आयोजकों की ओर से तैयारियां की गई हैं। शोभायात्रा में शामिल होने वाली झांकियों के माध्यम से धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक देखने को मिलेगी। आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं, ताकि शोभायात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

तीन युवकों की मौत, बंधाया ढांढस

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। बिसौली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हत्सा में भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की आकस्मिक मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है। हादसे में रोहन सागर पुत्र चंद्रपाल, निखिल सागर पुत्र मेवाराम सिंह और ऋषभ पुत्र नरेश जाटव के निधन से परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

युवकों की असमय मृत्यु से गांव में गमगीन माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलने पर भारत सरकार के राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ग्राम हत्सा पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और दुख की इस घड़ी में उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने दिवंगत युवकों



हादसा गांव में परिजनों के साथ सपा के संभावित प्रत्याशी सतीश प्रेमी।

के परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि अपनों को अचानक खोने का दुख असहनीय होता है। इस कठिन समय में परिवारों के साथ संवेदना और सहयोग बनाए रखना जरूरी है।

सतीश प्रेमी ने दिवंगत युवकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और दुखी परिवारों को इस अपार कष्ट को सहन करने की शक्ति दें। इस दौरान सोमेश प्रताप, यशवीर सिंह, जितेश पाल, कपिल देव, कुलदीप यादव और शाकिर हुसैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत युवकों के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जताई।

दत्तक ग्रहण गृहों में बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

▶ दो दत्तक ग्रहण अभिकरणों का निरीक्षण, छह बच्चों के स्वास्थ्य और देखभाल की ली जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। जनपद में संचालित दत्तक ग्रहण गृहों में बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और देखभाल की व्यवस्थाओं को परखने के लिए जिला निरीक्षण समिति ने मंगलवार को दो विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरणों का निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुई इस कार्रवाई के दौरान अनाथ एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के खानपान, स्वास्थ्य, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को शासन द्वारा



दत्तक ग्रहण ग्रहो का निरीक्षण करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। समिति ने महिला अस्पताल परिसर में संचालित राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण और मोहल्ला नेकपुर की गली संख्या एक में दलित ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा संचालित विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण इकाई का निरीक्षण किया। राजकीय अभिकरण के प्रबंधक एवं समन्वयक ने बताया कि गृह में वर्तमान में चार बच्चे रह रहे हैं। सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा चुका है और उनका स्वास्थ्य सामान्य है। बच्चों से संबंधित कानूनी प्रक्रिया जारी है। वहीं, दलित ग्रामीण विकास संस्थान के सचिव अनूप सक्सेना ने समिति को बताया कि अभिकरण में विशेष आवश्यकता वाले दो बच्चे रह रहे हैं। उनका स्वास्थ्य भी सामान्य पाया गया है और उनसे संबंधित कानूनी प्रक्रिया प्रचलित है। निरीक्षण के दौरान एडीएम मानवेन्द्र सिंह ने निर्देश दिए कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाए। दोनों गृहों में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रखी जाए। गृहों में आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति का पूरा विवरण पंजिका में दर्ज किया जाए, जिससे सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी प्रभावी ढंग से हो सके। उन्होंने दोनों अभिकरणों के अभिलेख व्यवस्थित रखने और बच्चों की देखभाल से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही स्पष्ट किया कि शासनादेश में निर्धारित मानकों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। एडीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि दोनों दत्तक ग्रहण गृहों में निर्धारित मानकों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार, पुलिस उपनिरीक्षक इन्द्रपाल सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव पाठक, नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ. सर्वेश कुमारी, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निरंजन सिंह, किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य प्रमिला गुप्ता, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर पाठक, सदस्य सविता मालपाणी, संस्थागत संरक्षण अधिकारी प्रीती कौशल, रवि कुमार, कांस्टेबल रवि कुमार, मुख्य आरक्षी यतेन्द्र कुमार और मुख्य आरक्षी बलजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

शांति व्यवस्था भंग करने के मामले में सात गिरफ्तार

बदायूं। अपराधों की रोकथाम और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जरीफनगर थाना पुलिस ने बुधवार को सात लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार आरोपियों में रिंकू यादव, पुष्पेंद्र, श्योराज पुत्र सोरन सिंह, मुकेश पुत्र चोब सिंह, विपिन और वीरेश पुत्र ओमप्रकाश तथा रवि पुत्र चोब सिंह शामिल हैं। सभी आरोपी नगर पंचायत दहगवां के वार्ड नंबर नौ के निवासी हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं के निर्देश पर शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका वाले व्यक्तियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने कार्रवाई की।

मीरापुर में सेवा संकल्प अभियान के तहत लगा स्वास्थ्य शिविर, 31 मरीजों की जांच

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ 21 मरीजों को बुखार की दवाएं दीं, डेंगू-मलेरिया की भी हुई जांच

बदायूं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर के अंतर्गत ग्राम मीरापुर में सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। इस दौरान कुल 31 मरीजों की जांच की गई, जिनमें बुखार से पीड़ित 21 मरीजों को दवाएं वितरित की गईं।

शिविर में बुखार के मरीजों को देखते हुए डेंगू और मलेरिया की जांच भी कराई गई, ताकि संभावित संक्रमण की समय रहते पहचान कर आवश्यक उपचार किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए साफ-सफाई रखने, घरों के आसपास पानी जमा न होने देने और मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा की देखरेख में आयोजित शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके गांव में ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और बीमारियों की समय रहते पहचान करना रहा।इस मौके पर अब्दुल, संजीव, अशोक सहित स्वास्थ्य विभाग का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना शुरू

▶ प्राचीन नगला मंदिर में सुबह से लगी भक्तों की कतारें, सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी तैनात

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। शारदीय नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को जिले के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सुबह से ही मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। जिले के प्राचीन नगला मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने माता रानी



मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

के दर्शन कर नारियल, चुनरी, पुष्प, मिष्ठान और प्रसाद अर्पित किया। भक्तों ने मां का श्रृंगार कर आशीर्वाद लिया और परिवार की सुख-शांति तथा समृद्धि की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा। नवरात्र के चौथे दिन मां कुष्मांडा की आराधना को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह नजर आया। मंदिर में बढ़ती भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से बाहर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई, ताकि दर्शन-पूजन की व्यवस्था सुचारू बनी रहे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

सहायक लिपिक के पुत्र का उत्तर प्रदेश पुलिस में चयन

बिसौली। सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज, शरह बरौलिया, बदायूँ के सहायक लिपिक श्रीपाल दिवाकर के पुत्र रोहित दिवाकर का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल पद पर हो गया है। रोहित की इस सफलता से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। रोहित बचपन से ही मेहनती और लगनशील रहे हैं। बता दें कि रोहित की माता श्रीमती सरला दिवाकर वर्तमान में विकास खण्ड बिसौली की ब्लॉक प्रमुख हैं। रोहित को बधाई देने वालों में अमित पाठक, राजकुमार शर्मा, अश्वनी शर्मा, नीरज चौहान, समस्त विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हैं। सभी ने रोहित के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

14 और 24 को सभी 2859 बूथों पर लगेंगे विशेष कैंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 के मद्देनजर मतदाता सूची को अद्यतन करने और छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम शामिल कराने के लिए विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के 2859 मतदेय स्थलों पर 17 और 24 अक्टूबर को विशेष कैंप लगाए जाएंगे।

बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) महेन्द्र श्रीवास्तव ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अभियान की जानकारी दी और पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने में सहयोग की अपील की। एडीएम ने बताया कि



बैठक में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

विशेष कैंप शनिवार, 17 अक्टूबर और शनिवार, 24 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक संचालित होंगे। इस दौरान संबंधित मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मौजूद रहेंगे। वे नए मतदाताओं को पंजीकरण के लिए फार्म-6 उपलब्ध कराने के साथ आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी देंगे। नए मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने के लिए पात्र नागरिकों को भरा हुआ फार्म-6, नवीनतम फोटो तथा जन्मतिथि और पते से संबंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे।

कैंप के दौरान नागरिक अपनी मतदाता सूची में नाम होने की जांच भी कर सकेंगे। जिन पात्र लोगों का नाम सूची में दर्ज नहीं है, वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर सकते हैं। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील की गई, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे।

प्रशासन ने नागरिकों से अपने संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदाता सूची में नाम जांचने और नाम शामिल कराने की आवश्यकता होने पर बीएलओ से संपर्क कर फार्म-6 भरने का आग्रह किया।बैठक में भाजपा कार्यकर्ता सुधांशु शर्मा, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि अशोक यादव, बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह, जिला सचिव अरविन्द प्रधान, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह तथा कांग्रेस अध्यक्ष, बदायूं के प्रतिनिधि नवनीत यादव मौजूद रहे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com
बदायूं
5
लखनऊ, गुरुवार, 15 अक्टूबर 2026

बिसौली विस में टिकट का घमासान, कौन आगे किसका कटेगा पत्ता?

सतीश प्रेमी की मजबूत दावेदारी से सपा में बढ़ी हलचल, आशुतोष मौर्य की भाजपा नेताओं के साथ मौजूदगी ने बढ़ाई सियासी अटकलें

जागरण मोर्चा कार्यालय

देवेश मिश्रा

बिसौली (बदायूं)। विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों के बीच बिसौली विधानसभा क्षेत्र में टिकट को लेकर सियासी हलचल तेज होने लगी है। समाजवादी पार्टी और भाजपा में संभावित प्रत्याशियों को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। सपा नेता सतीश प्रेमी की मजबूत दावेदारी ने राजनीतिक समीकरणों को नई दिशा दे दी है। वहीं, सपा विधायक आशुतोष मौर्य की भाजपा नेताओं के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में दिखाई दे रही मौजूदगी ने भी चर्चाओं को हवा दे दी है। दूसरी ओर भाजपा के पूर्व विधायक कुशाग्र सागर को लेकर भी समर्थकों की निगाहें पार्टी के फैसले पर टिकी हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि चुनावी रण में किसे टिकट मिलेगा और किसकी


सतीश प्रेमी।


आशुतोष मौर्या।


कुशाग्र सागर।

दावेदारी पीछे छूट जाएगी। बिसौली विधानसभा में इस बार टिकट का सवाल केवल प्रत्याशी के चयन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे दोनों प्रमुख दलों के भीतर भविष्य की राजनीतिक दिशा भी तय हो सकती है। सपा में सतीश प्रेमी की सक्रियता और दावेदारी चर्चा का विषय बनी हुई है, जबकि भाजपा में संभावित चेहरों को लेकर अभी से राजनीतिक गुणा-भाग शुरू हो गया है। हालांकि, दोनों दलों की ओर से प्रत्याशियों के नाम को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

सतीश प्रेमी की दावेदारी से सपा में बढ़ी चर्चा

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सतीश प्रेमी बिसौली विधानसभा सीट पर अपनी दावेदारी को लेकर लगातार चर्चा में हैं। उनकी राजनीतिक सक्रियता और क्षेत्र में अपनी संभावनाओं को मजबूत करने की कोशिशों के बीच समर्थकों को उम्मीद है कि पार्टी उन्हें चुनावी मैदान में उतार सकती है। उनकी दावेदारी ने दूसरे संभावित दावेदारों के सामने भी चुनौती खड़ी कर दी है। सपा के सामने प्रत्याशी चयन में संगठनात्मक पकड़, जनाधार और चुनाव जीतने की संभावनाओं के बीच संतुलन बनाने की चुनौती होगी। पार्टी नेतृत्व किस आधार पर टिकट का फैसला करता है, यह आने वाले समय में स्पष्ट होगा। फिलहाल सतीश प्रेमी के नाम को लेकर क्षेत्र की सियासत में चर्चाएं तेज हैं।

भाजपा नेताओं के साथ आशुतोष मौर्य की मौजूदगी से अटकलें

सपा विधायक आशुतोष मौर्य का भाजपा नेताओं के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में दिखाई देना राजनीतिक चर्चा का दूसरा बड़ा केंद्र बन गया है। उनकी ऐसी मौजूदगी को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि, अभी तक उनके सपा छोड़ने या भाजपा की सदस्यता लेने की कोई आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि भविष्य में आशुतोष मौर्य भाजपा के करीब आते हैं, तो क्या पार्टी उन्हें बिसौली से संभावित प्रत्याशी के रूप में देख सकती है? फिलहाल यह केवल राजनीतिक अटकलों का विषय है। किसी दल में शामिल होने या टिकट मिलने के संबंध में स्पष्ट स्थिति संबंधित नेता और पार्टी के आधिकारिक रुख से ही सामने आएगी। भाजपा के लिए भी यह फैसला आसान नहीं होगा। पार्टी को किसी नए राजनीतिक समीकरण की संभावना पर विचार करने के साथ अपने पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं का भी ध्यान रखना होगा। यदि किसी दूसरे दल से आने वाले चेहरे को प्राथमिकता मिलती है, तो संगठन के भीतर टिकट के दावेदारों के बीच समीकरण प्रभावित हो सकते हैं।

कुशाग्र सागर की दावेदारी भी अहम

बिसौली की सियासत में भाजपा के पूर्व विधायक कुशाग्र सागर का नाम भी प्रमुख संभावित दावेदारों में लिया जा रहा है। युवा नेता के रूप में उनकी राजनीतिक पहचान और पूर्व विधायक का अनुभव उन्हें टिकट की दौड़ में महत्वपूर्ण चेहरा बनाता है। ऐसे में यदि आशुतोष मौर्य के नाम पर भाजपा में कोई गंभीर विचार होता है, तो कुशाग्र सागर की दावेदारी को लेकर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। क्या भाजपा अपने पूर्व विधायक को फिर मौका देगी या किसी नए राजनीतिक समीकरण के आधार पर दूसरे चेहरे पर दांव लगाएगी? इसका जवाब फिलहाल पार्टी नेतृत्व के फैसले पर निर्भर है। कुशाग्र सागर और अन्य संभावित दावेदारों के बीच टिकट को लेकर अंतिम स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है।

शीर्ष नेतृत्व के फैसले पर टिकी निगाहें

बिसौली विधानसभा में भाजपा और सपा दोनों के लिए प्रत्याशी चयन महत्वपूर्ण रहने वाला है। सपा में सतीश प्रेमी की दावेदारी चर्चा में है, तो भाजपा में कुशाग्र सागर और आशुतोष मौर्य को लेकर संभावित समीकरणों पर बहस हो रही है। हालांकि, दोनों दलों की वास्तविक रणनीति और संभावित प्रत्याशियों की अंतिम सूची सामने आने के बाद ही तस्वीर साफ होगी। टिकट की दौड़ में कई दावेदारों के होने का मतलब है कि अंततः किसी न किसी को निराशा हाथ लग सकती है। टिकट से वंचित होने वाले नेता का अगला कदम भी चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में बिसौली में केवल टिकट की घोषणा ही नहीं, बल्कि उसके बाद नेताओं और समर्थकों की प्रतिक्रिया भी अहम होगी। फिलहाल क्षेत्र की जनता और राजनीतिक कार्यकर्ताओं की निगाहें भाजपा तथा सपा के शीर्ष नेतृत्व पर टिकी हैं। आने वाले दिनों में बैठकों, राजनीतिक कार्यक्रमों और नेताओं की गतिविधियों से नए संकेत मिल सकते हैं। लेकिन अभी सबसे बड़ा सवाल यही है कि बिसौली में किस दल का कौन-सा चेहरा चुनावी मैदान में उतरेगा और टिकट की इस सियासी दौड़ में किसकी दावेदारी सफल होगी।

धान खरीद की तैयारियां समय से पूरी करें

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीद को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं जिला खरीद अधिकारी महेंद्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में प्रशिक्षण एवं कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें क्रय केंद्र प्रभारियों को किसानों के पंजीकरण, क्रय केंद्रों पर व्यवस्थाओं, धान से निर्मित चावल (सीएमआर) के भंडारण और ई-उपार्जन पोर्टल से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। अपर जिलाधिकारी ने मंडी सचिवों, क्रय एजेंसियों के जिला प्रबंधकों और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी धान क्रय केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं


धान खरीद को लेकर दिशा निर्देश देते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

और संसाधन समय से पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने बताया कि शासन ने धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कॉमन श्रेणी के लिए 2441 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए श्रेणी के लिए 2461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि क्रय केंद्रों पर किसानों के साथ केंद्र प्रभारियों का व्यवहार सौम्य एवं शालीन होना चाहिए। सभी क्रय केंद्रों और मंडियों में बैनर लगाने के साथ वॉल पेंटिंग भी कराई जाए। इन पर केंद्र प्रभारी का नाम, मोबाइल नंबर, टोल फ्री नंबर और अन्य जरूरी जानकारियां स्पष्ट रूप से अंकित हों। इसके साथ ही केंद्रों पर आवश्यक उपकरण, अभिलेख, बोरों और अन्य संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिला खरीद अधिकारी ने क्रय केंद्रों पर किसानों के बैठने और पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने प्रत्येक केंद्र प्रभारी को अपने मोबाइल फोन में किसान मित्र ऐप डाउनलोड करने को कहा। साथ ही किसानों के आधार से जुड़े बैंक खातों की एनपीसीआई पोर्टल पर स्थिति की जांच करने और पीएफएमएस के माध्यम से सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे भुगतान प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि धान खरीद से संबंधित सभी तैयारियां निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार पूरी की जाएं। खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखते हुए शासन के निर्देशों का पालन किया जाए। कार्यशाला में संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और क्रय एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।


राजमिस्त्री से मारपीट, सिपाहियों पर कार्रवाई नहीं

कुंवरगांव। कुंवरगांव थाना क्षेत्र में राजमिस्त्री गुड्डू जाटव ने दो सिपाहियों पर मारपीट और घसीटने का आरोप लगाते हुए एसएसपी अंकिता शर्मा से कार्रवाई की मांग की। बुधवार को पीड़ित ने दोबारा प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। मामला गांव गंज का है। पीड़ित के मुताबिक, 16 सितंबर को मकान का गेट निकालने को लेकर विवाद हुआ था। सूचना पर पहुंचे सिपाही वीरेश यादव और राजेश पर उसने थप्पड़ मारने और घसीटने का आरोप लगाया। गुड्डू ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर शिकायत की थी। आठ अक्टूबर को सीओ सिटी के यहां बयान भी दर्ज हुए। इसके बावजूद कार्रवाई न होने पर उसने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

बिसौली। बिजली चोरी रोकने और बकाया बिलों की वसूली के लिए विद्युत विभाग ने बुधवार तड़के विशेष मॉर्निंग रेड अभियान चलाया। अचानक हुई कार्रवाई से बिजली चोरी करने वालों और बकायादार उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान बिजली चोरी के आरोप में 22 लोगों के खिलाफ धारा 135 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई, जबकि लंबे समय से बिल जमा नहीं करने वाले 75 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। वहीं, कार्रवाई के दौरान कई उपभोक्ताओं ने मौके पर ही बकाया बिल जमा कर दिए, जिससे विभाग को आठ लाख रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। उपखंड अधिकारी विकास राजपूत के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान विद्युत विभाग


कनेक्शन काटते बिजली कर्मचारी।

की टीम ने विभिन्न स्थानों पर बिजली कनेक्शनों की जांच की। इस दौरान कई जगह एलटी लाइन से सीधे कटिया डालकर बिजली का इस्तेमाल किए जाने के मामले सामने आए। टीम ने बिजली चोरी के मामलों में कार्रवाई करते हुए 22 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। अभियान के दौरान अधिकारियों ने लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं की भी जांच की। बकाया भुगतान नहीं करने पर 75 उपभोक्ताओं के कनेक्शन तत्काल प्रभाव से काट दिए गए। विभाग की सख्ती के चलते कई उपभोक्ताओं ने मौके पर ही बिल जमा कर दिए। एसडीओ विकास राजपूत ने कहा कि बिजली चोरी और बकायेदारी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अपने बिजली बिलों का समय से भुगतान करें, ताकि कानूनी कार्रवाई और कनेक्शन कटने की स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि बिजली चोरी रोकने और राजस्व वसूली के लिए मॉर्निंग रेड अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। अभियान के दौरान जेई दिनेश कुमार, जेई शेर अली, संजीव कुमार, बजरंगी लाल, त्रिलोकी सिंह, उमेश यादव, हरिओम, विकास, रवि, अनिल और गौरव सहित विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

मांगें पूरी न होने पर किसानों का धरना जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। मालवीय आवास गृह पर भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के बैनर तले चल रहा अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को छठे दिन भी जारी रहा। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक अधिकारी उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। धरना दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की मांग को लेकर दिया जा रहा है। पहला मामला उझानी क्षेत्र के गांव जनुइया की प्रेमवती का है। आरोप है कि उन्होंने रामदुलार से 0.056 हेक्टेयर कृषि भूमि का सौदा 1.80 लाख रुपये में किया था और 1.60 लाख रुपये देकर रजिस्टर्ड इकरारनामा कराया। आरोप है कि रामदुलार ने बैनामा करने से इनकार कर दिया और बाद


धरने पर बैठे किसान यूनियन के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

में जमीन गजराज के नाम कर दी। प्रेमवती जमीन पर कब्जा दिलाने और न्याय की मांग कर रही हैं। दूसरा मामला शहर के नई सराय मोहल्ले का है। भाकियू ने डॉक्टर शारिक जनाब पर बीएसएनएल कार्यालय के पीछे आठ फुट चौड़ी गली और नाले पर कब्जे का आरोप लगाया है। संगठन ने अवैध कब्जा हटाने, जलभराव दूर कराने और जिम्मेदार लोगों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने कहा कि दोनों मामलों में पूर्ण कार्रवाई होने तक धरना जारी रहेगा। जिला प्रभारी कृष्ण अवतार शाक्य ने चेतावनी दी कि समाधान न होने पर आंदोलन उग्र किया जाएगा। इस दौरान नूरुद्दीन, शरीफ अब्बासी, भगवान दास वर्मा सहित दो दर्जन कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मामूली कहासुनी में अधेड़ की डंडा मारकर हत्या

बदायूं। जरीफनगर थाना क्षेत्र के उस्मानपुर गांव में मामूली कहासुनी के बाद एक अधेड़ की हत्या कर दी गई। आरोप है कि पड़ोसी युवक अजीत ने शराब के नशे में 50 वर्षीय भीमसेन पुत्र मनीराम के सिर पर डंडे से वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से भीमसेन की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, भीमसेन का किसी बात को लेकर पड़ोसी अजीत से विवाद हो गया था। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ गई और आरोपी ने डंडे से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि अजीत हाल ही में जेल से छूटकर आया था। हत्या की सूचना पर एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया और सीओ सहसवान अशोक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे।

एक नवंबर को लगेगा मेगा विधिक शिविर

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। जनपद में एक नवंबर 2026 को मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के माध्यम से विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के साथ जरूरतमंद लोगों तक विधिक सहायता पहुंचाई जाएगी। शिविर की तैयारियों को लेकर बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर स्थित नवीन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। न्यायिक शिविर समिति की अध्यक्ष एवं प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री रिंकू की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।


बैठक में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और लाभार्थियों को चिह्नित कर आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करें। बैठक में जनपद मुख्यालय और तहसील स्तर पर साप्ताहिक बृहद शिविर आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि जरूरतमंद लोगों को विधिक सहायता और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। अपर सिविल जज (सीनियर डिवीजन)/त्वरित न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अंकित रस्तोगी ने बताया कि शिविर को सफल बनाने के लिए सभी प्रशासनिक विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। आमजन को शिविर की जानकारी देने के लिए पंपलेट, पोस्टर और बैनर सहित विभिन्न प्रचार माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नागरिकों से अपील की है कि वे एक नवंबर को आयोजित होने वाले मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में पहुंचकर अपनी पात्रता के अनुसार सरकारी योजनाओं और विधिक सहायता का लाभ प्राप्त करें। बैठक में समिति के सदस्य विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी (पीए) एक्ट राजवीर सिंह, षष्ठम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट ऋषि कुमार, प्रभारी सचिव अंकित रस्तोगी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सागर तायल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने किया विकास उद्घाटन

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। शहर के वार्डों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने नेकपुर और कृष्णापुरी वार्ड संख्या दो में 14 लाख 44 हजार रुपये की लागत से कराए गए चार विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इन कार्यों में सीसी सड़क, इंटरलॉकिंग सड़क, नाली निर्माण और पुलिया मरम्मत शामिल हैं। निर्माण कार्य पूरे होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने और जलनिकासी व्यवस्था में सुधार होने की उम्मीद है। कृष्णापुरी में डॉ. एके वर्मा हॉस्पिटल से काशीराम मौर्य के मकान तक सीसी सड़क और नाली निर्माण पर 5.86 लाख रुपये खर्च किए गए। वहीं, नेकपुर में हाकिम सिंह के मकान से गायत्री के मकान


सड़कों का उद्घाटन करतीं पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा। -जागरण मोर्चा

तक तथा ब्रजपाल सिंह और सुधा शर्मा के मकानों तक इंटरलॉकिंग सड़क और नाली निर्माण कार्य पर 4.22 लाख रुपये की लागत आई। इसके अलावा नेकपुर अंडरपास के निकट नाले की पुलिया से मेघर सिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण और पुलिया मरम्मत का कार्य 2.70 लाख रुपये की लागत से कराया गया। सिविल लाइंस नेकपुर में टीकाराम के मकान तक सीसी सड़क और नाली निर्माण पर 1.66 लाख रुपये खर्च किए गए। उद्घाटन के दौरान पालिकाध्यक्ष ने संबंधित वार्डों में साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सड़क और नाली निर्माण से लोगों को राहत मिलेगी तथा जलनिकासी व्यवस्था बेहतर होगी। उन्होंने नागरिकों से शहर को स्वच्छ रखने और साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर सभासद भाग्य देवी दिवाकर, श्याम पाल, पिंकू यादव, देवेंद्र सिंह यादव, निर्दोष, वीरेंद्र चौधरी, अभिनव कुमार, राजेश्वर सिंह, पप्पू, सरोजा देवी, मान सिंह, केपी सिंह, उमेश, प्रमोद, अशोक, दयाराम, बृजपाल, मोर सिंह, कृष्णा देवी, अशोक कुमार सक्सेना समेत पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

इलाज के दौरान अधेड़ की मौत, लापरवाही का आरोप

सहसवान। नगर के मोहल्ला शहबाजपुर में मंगलवार को निजी चिकित्सक के यहां इलाज के दौरान ज्ञानचंद्र (57) पुत्र किशनलाल की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि गलत इंजेक्शन लगाने से ज्ञानचंद्र की जान गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली। बताया गया कि मंगलवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें निजी चिकित्सक के पास ले गए थे, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। कोतवाल नरेश कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। परिजन पोस्टमार्टम कराने की बात भी नहीं कह रहे हैं। तहरीर मिलने और आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

महिला सुरक्षा और साइबर सुरक्षा संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

बदायूं। मिशन शक्ति फेज-6.0 के अंतर्गत बदायूं पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया। एसएसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन में बुधवार को जिले के सभी थानों की मिशन शक्ति टीमों ने विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को उनके अधिकारों और सरकारी सहायता सेवाओं की जानकारी दी। महिला पुलिसकर्मियों ने बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों और धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर पंपलेट बांटे। चौपाल के माध्यम से महिलाओं की समस्याएं सुनने और उनके निस्तारण से संबंधित जानकारी भी दी गई। टीमों ने महिला कल्याण, पेंशन, शिक्षा,


छात्राओं को जागरुक करती जिले की पुलिस। -जागरण मोर्चा

स्वास्थ्य, पोषण और स्वरोजगार से जुड़ी सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान 1090 वीमेन पावर लाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा और 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन सहित महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी गई। पुलिस ने साइबर अपराधों के प्रति सतर्क करते हुए ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों से बचने के उपाय बताए। महिलाओं और बालिकाओं से कहा गया कि वे अपनी बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। पुलिस का उद्देश्य जागरूकता के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना है।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

एडीएम रजनीश मिश्र ने सरही में जांची धान की उत्पादकता

पूर्व शाहजहांपुर। अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र ने ग्राम पंचायत सरही में धान की उत्पादकता की जांच की। फसल कटाई प्रयोग के तहत 43 .3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में धान की कटाई कराई गई। इसका वजन करने पर 24 .83 किलोग्राम धान प्राप्त हुआ। इसके आधार पर प्रति हेक्टेयर लगभग 57 क्विंटल उत्पादन का अनुमान लगाया गया। इस दौरान किसान महेश की फसल की उत्पादकता जांची गई। निरीक्षण के समय अपर सांख्यिकी अधिकारी चकलेश्वर सिंह, कानूनगो रमेश चंद्र शर्मा, लेखपाल अनुराग कुमार गुप्ता तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि समी आलम और मुसाद रजा मौजूद रहे। इस मौके पर एडीएम प्रशासन ने किसानों से फसल बीमा कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा या योजना में निर्धारित अन्य कारणों से फसल को नुकसान होने पर पात्र किसानों को नियमानुसार बीमा का लाभ मिल सकता है।

शाहबाद में धूमधाम से निकली रामबारात, भक्ती में झूमे भक्त



रामबारात का शुभारंभ करते सीओ देवकीनंदन और कोतवाल धनंजय सिंह।



राम बारात में शामिल सुंदर झांकियां। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। बुधवार को शहर में रामलीला कमेटी की ओर से राम बारात निकाली गई। राम बारात में गाजे बाजे और ढोल नगाड़े के साथ भक्त भक्ति में झूमते नजर आए। भक्त पूरे रास्ते श्रीराम के जयकारें लगाते रहे। कोतवाली के सामने सीओ देवकीनंदन और कोतवाल धनंजय सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर राम बारात का शुभारंभ किया गया। राम बारात में शामिल सुंदर झांकियों ने सभी भक्तों का मन मोह लिया। श्रीराम के जयकारों के साथ राम बारात निकाली गई। इसमें भगवान राम रथ पर सवार होकर निकले। राम बारात कोतवाली से शुरू होकर मैन मार्केट, बजरंग चौक, बंगाली तिराहा, स्टेट बैंक होते हुए रामलीला मैदान पहुंची। मैन मार्केट को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। मानो हर कोई राम बारात का स्वागत कर रहा हो। पूरा वातावरण भक्तिमय उल्लास व उत्साह से भर गया। सीओ देवकीनंदन, कोतवाल धनंजय सिंह, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, महामंत्री सुरेश बाबू गुप्ता, महाप्रबंधक देवेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष केशव गुप्ता, व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष मुकेश चंद गुप्ता, जीके पाठक, माधुरी सक्सेना, मनीष शर्मा, सुशील अग्रवाल, वेद प्रकाश चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, राजेश गुप्ता, अर्पित वशिष्ठ, अर्जुन सिंह आदि रहे।

जेलों में पुस्तकालय कराएगी समिति

शाहबाद। उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति के बरेली-मेरठ जोन सचिव जीके पाठक और रामपुर के वरिष्ठ पत्रकार विनोद गुप्ता ने आगामी मुख्य कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान रामपुर, बरेली, मुरादाबाद और मेरठ समेत विभिन्न जिला कारागारों में निरुद्ध बंदियों के कल्याण, पुनर्वास और रिहा कैदियों को रोजगार उपलब्ध कराने के विषय पर विचार-विमर्श हुआ। जीके पाठक ने बताया कि समिति की ओर से जल्द ही रामपुर और बरेली जिला कारागार में पुस्तकालय स्थापित कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगारपरक प्रशिक्षण और कुटीर उद्योगों की स्थापना पर भी जोर दिया जाएगा। बरेली जिला कारागार में पहले से जरी उद्योग का प्रशिक्षण चल रहा है। इसी तर्ज पर अन्य जिलों की जेलों में भी विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कराने तथा निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने की योजना है।

आपदा में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में स्वयंसेवकों को बताए गए दायित्व

रामपुर। आपदा हो या कोई आपात स्थिति, ऐसे समय में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की भूमिका बेहद अहम होती है। इसी को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नागरिक सुरक्षा कार्यालय में सम्मानित स्वयंसेवकों की बैठक और एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को उनकी जिम्मेदारियों, कार्यप्रणाली और आपात परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन मे उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा सुनील कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को नागरिक सुरक्षा के उद्देश्यों और दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आपदा प्रबंधन, आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्य तथा जनसुरक्षा से जुड़े कार्यों में प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को सेवा भावना, अनुशासन और तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें बताया गया कि संकट की घड़ी में समय पर सहायता, आपसी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने से राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की कार्यक्षमता मजबूत करना, उनके दायित्वों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए तैयार करना रहा।

मदरसा नूरुल हुदा में पिज्जा मेकिंग

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहजहांपुर। बिजलीपुरा स्थित मदरसा नूरुल हुदा में आज बच्चों को बेकरी प्रोडक्ट्स बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं को पिज्जा बनाने की विधि सिखाई गई। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को पिज्जा तैयार करने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री, चीज, सॉस, सब्जियों तथा अन्य आवश्यक सामग्रियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षक दिलशा इक़बाल ने बच्चों को पिज्जा बनाने की पूरी प्रक्रिया समझाई और व्यावहारिक रूप से बनाकर दिखाया। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण में भाग लिया तथा पिज्जा बनाने की बारीकियों को ध्यानपूर्वक सीखा। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। उन्होंने पिज्जा बनाने की प्रक्रिया को समझते हुए इसमें रुचि दिखाई।मदरसा नमें बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक एवं रोजगारपरक कौशल सिखाने के उद्देश्य से इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बेकरी प्रोडक्ट्स के प्रशिक्षण के अंतर्गत बच्चों को पिज्जा, बर्गर और केक आदि बनाने का हुनर सिखाया जाएगा। प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उसको फूल मियां ने कहा इस इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वरोजगार के प्रति रुचि पैदा करना तथा उन्हें भविष्य में अपना छोटा व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित करना है। प्रशिक्षण प्राप्त कर बच्चे बेकरी एवं फास्ट फूड के क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी तलाश सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो भी छात्र-छात्रा बेकरी प्रोजेक्ट में प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते वे मदरसे में आकर अपना पंजीकरण कर दें जिससे उनको प्रशिक्षण दिया जा सके।

चीनी की जमाखोरी पर शिकंजा, 15 दिन से ज्यादा स्टॉक रखा तो होगी कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायां, शाहजहांपुर। चीनी की जमाखोरी और बाजार में कीमतों में अनावश्यक बढ़ोतरी पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाया है। इसके तहत चीनी के थोक एवं फुटकर कारोबारियों, ट्रेडर्स, होलसेलर्स, रिटेलर्स, बिगचेन रिटेलर्स और प्रोसेसर्स के लिए स्टॉक रखने की सीमा निर्धारित की गई है।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी राकेश मोहन पांडेय ने बताया कि भारत सरकार के राजपत्र में छह अक्टूबर 2026 को प्रकाशित आदेश के अनुसार चीनी डीलरों के लिए स्टॉक सीमा संशोधित कर 1000 क्विंटल निर्धारित की गई है। यह व्यवस्था 15 अक्टूबर से 30 नवंबर 2026 तक लागू रहेगी। इसके अलावा कारोबारी किसी भी स्थान पर चीनी प्राप्त होने की तारीख से 15 दिन से अधिक समय तक उसका भंडारण नहीं कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि सभी कारोबारियों को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों का पालन करना होगा। साथ ही भारत सरकार के पोर्टल पर प्रत्येक शुक्रवार को चीनी के स्टॉक की जानकारी देना अनिवार्य होगा।नियमों का उल्लंघन करने, स्टॉक में अनियमितता मिलने या कीमतों में अनावश्यक वृद्धि करने पर संबंधित कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी चीनी व्यापारियों से निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की है।

महिलाओं और बच्चों को किया जागरूक



मिशन शक्ति के तहत महिला को जागरूक करती पुलिस। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहाबाद। 'मिशन शक्ति फेज 6.0' के अंतर्गत कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों, बैंकों और ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाया गया। विशेष महिला सुरक्षा दल ने सिविलियन प्राथमिक विद्यालय राम भगवंतपुर, बीआर इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज और शाहाबाद के एसबीआई व बड़ौदा बैंक में जाकर लोगों को जागरूक किया। अभियान के दौरान महिला व बालिकाओं को सरकार की विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, कल्याणकारी योजनाओं और स्कूलों में लगी शिकायत पेटिका के उपयोग के बारे में बताया गया। इसके साथ ही छोटे बच्चों को 'गुड टच और बैड टच' के प्रति सतर्क किया गया और बालकों को यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। इस मिशन शक्ति टीम में कोतवाली से उपनिरीक्षक शिवकुमार, महिला उपनिरीक्षक कंचन धामा, महिला आरक्षी सुधा, मेघा कर्णवाल और आरक्षी सुमित आदि शामिल रहे।

खेत में लगे झटका करंट से दिव्यांग युवक की मौत हुई

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ सूचना पर पहुंची पुलिस पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा

पुवायां। गांव गंगसरा के बाहर एक खेत में लगे झटका करंट से एक दिव्यांग व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।और घटना की जानकारी फील्ड यूनिट टीम को भी दे दी गई है।

गांव गंगसरा निवासी ओमप्रकाश का 22 वर्षीय पुत्र सुभाष दोनों पैरों से विकलांग है। बुधवार को वह अपनी ट्राई साइकिल से गांव के बाहर गांव के ही एक व्यक्ति के खेत के पास पेशाब करने गया था। वहीं खेत मालिक ने पशुओं की रखवाली के लिए झटका वाला करंट का तार लगा रखा था। जिसको अचानक लग गया जिसे बचाने के लिए गांव की महिला रेनू पत्नी सर्वेश ने बचाने का प्रयास किया। लेकिन उसे बचा नहीं सकी और दिव्यांग युवक की मौत हो गई।

सूचना पर पहुंचे कोतवाल राजेंद्र कुमार रावत शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। सबसे बड़ा सुशील उससे छोटा राहुल है। मां का नाम रीता देवी है। उसकी मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर

▸ एंबुलेंस से पहुंचाए गए अस्पताल, डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक को किया रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय



सीएचसी पर जख्मी युवक का उपचार देते कर्मी। -जागरण मोर्चा

शाहबाद। कोतवाली क्षेत्र में तुरखेड़ा गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी पर प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली के ढकिया गांव निवासी फिरोज और मुस्तकीम अपनी बाइक से घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह तुरखेड़ा गांव के पास पहुँचे, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुँचाया। अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने दोनों को प्राथमिक उपचार दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, फिरोज को काफी गंभीर चोटें आई हैं, जिसके चलते उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं मुस्तकीम का उपचार शाहबाद में ही चल रहा है।

नमी के चलते धान खरीद प्रभावित

पुवायां, शाहजहांपुर। सरकारी धान खरीद केंद्रों पर अधिक नमी के चलते तीन दिन तक खरीद शून्य रही। सोमवार को एसडीएम सदानंद सरोज ने मंडी स्थल का औचक निरीक्षण कर मानक के अनुरूप धान खरीदने के निर्देश दिए। इसके बाद कुछ केंद्रों पर तौल शुरू हुई। मंडी में आरएफसी के 10, सहकारिता विभाग के चार और भारतीय खाद्य निगम का एक केंद्र संचालित है। केंद्र प्रभारियों के अनुसार, धान में 22 प्रतिशत तक नमी मिल रही है, जबकि खरीद के लिए 17 प्रतिशत नमी का मानक निर्धारित है। किसान कई दिनों से मंडी में धान सुखा रहे हैं। कुछ किसानों ने आरोप लगाया कि उनका धान वापस किया जा रहा है। गुधनी निवासी किसान रामकृष्ण ने बताया कि उसने व्यापारी से 1800 रुपये में धान बेचने का सौदा किया है।

16 अक्टूबर को विशाल दुर्गा जागरण, 19 को शोभायात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुवायां, शाहजहांपुर। मां ज्वाला जी जागरण सेवा समिति के द्वारा 16 अक्टूबर शुक्रवार को विशाल दुर्गा जागरण का आयोजन किया जाएगा दुर्गा जागरण आयोजन के लिए पवित्र धाम खाटू श्याम की अखंड ज्योति एवं मां ज्वाला जी धाम से आई अखंड ज्योति एवं बालाजी मेहंदीपुर धाम से आई अखंडज्योति को नवरात्रि की शुरुआत में लाकर पुवायां के सूरज मैरिज लाल में भव्य विशाल मंडप में रखकर आम जनता श्रद्धालु भक्तों के दर्शन के लिए रखी गई है जहां प्रतिदिन नवरात्र के सभी दिनों में हजारों की संख्या में पवित्र प्रखंड ज्योति का दर्शन कर रहे हैं उसके बाद आगामी 16 अक्टूबर को सूरज मैरिज लान विशाल दुर्गा जागरण का आयोजन किया जाएगा जिसमें छप्पन इंदौरी सुप्रसिद्ध भजनगायक एवं रॉबिन राज जालंधर पंजाब के प्रसिद्ध भजन गायक के द्वारा महामाई के भजन गुणगान करेंगे एवं 19 अक्टूबर को नगर में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी देवी स्वरूपों एवं विभिन्न देव स्वरूपों की झांकियां का नगर भ्रमण किया जाएगा।

आरोग्य मेले में हुआ पशु पंजीकरण

▸ हिम्मतपुर में 425 पशुओं का पंजीकरण, उपचार के साथ मिली नंद बाबा दुग्ध मिशन की जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



आरोग्य मेले में पशुपालकों को जानकारी देते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

शाहबाद। जनपद में पशुओं के इलाज और पशुपालकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए 13 अक्टूबर को विकास खंड शाहबाद के ग्राम हिम्मतपुर में पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेले लगाए गए। मेले में पशुओं का पंजीकरण कर उनका इलाज किया गया और पशुपालकों को पशुओं की देखभाल के बारे में बताया गया। ग्राम फतेहपुर में ग्राम प्रधान कमल कुमार और ग्राम हिम्मतपुर में ग्राम प्रधान प्रेम सिंह ने मेले का उद्घाटन किया। हिम्मतपुर में 425 पशुओं का पंजीकरण हुआ। यहां 150 पशुओं का इलाज, 180 को पेट के कीड़े मारने की दवा, 60 का गर्भ परीक्षण और 27 पशुओं का बांझपन संबंधी इलाज किया गया। पशुपालकों को पशुधन बीमा, संचारी रोगों से बचाव और नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत संचालित नंदिनी, मिनी नंदिनी एवं गो-संवर्धन योजनाओं के बारे में बताया गया। उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाकर पशुपालन को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया गया। हिम्मतपुर में डॉ. शशांक नाथ, डॉ. अजीत सिंह और डॉ. जोश कुमार ने पशुओं की जांच और उपचार किया तथा पशुपालकों को जरूरी जानकारी दी।

संविदा स्वास्थ्यकर्मी की हड़ताल, दवा वितरण ठप

जागरण मोर्चा कार्यालय

पुवायाँ, शाहजहांपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की हड़ताल के चलते स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। अस्पताल में टीबी और कुष्ठ रोगियों को नियमित दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। इससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दवा लेने पहुंची दिउरिया कॉलोनी की एक टीबी पीड़ित महिला को दो दिन से दवा नहीं मिली। वहीं, नाहिल के एक मरीज ने बताया कि टीबी की दवा नियमित रूप से लेना जरूरी है। दवा का क्रम टूटने से उसकी तबीयत बिगड़ सकती है। कुष्ठ रोग से पीड़ित एक महिला ने बताया कि डॉक्टर ने उसे नियमित दवा लेने की सलाह दी है, लेकिन सीएचसी में दवा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। सुजानपुर और बढ़ोडा गांव से आए मरीजों को भी दवा नहीं मिली। मरीजों का कहना है कि गंभीर बीमारियों में नियमित दवा लेना जरूरी है। ऐसे में दवा उपलब्ध नहीं होने से उनकी चिंता बढ़ गई है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. नरेंद्र पाल ने बताया कि संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की हड़ताल से दवा वितरण प्रभावित हुआ है। चीफ फार्मासिस्ट ने मंगलवार को दो से तीन और बुधवार को तीन मरीजों को दवा वितरित की। उन्होंने मरीजों को परेशानी नहीं होने देने का भरोसा दिलाया।

जिले के स्वास्थ्य कर्मी लखनऊ में डटे

जागरण मोर्चा कार्यालय



शाहजहांपुर। सयुंक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के चिकित्सकों और परा चिकित्सकों की हड़ताल सातवें दिन भी जारी रही। हड़ताली चिकित्सा कर्मियों ने अब लखनऊ इको गार्डन का रुख किया है।शाहजहांपुर से लगभग 90 फीसदी कर्मचारी लखनऊ में डेरा जमाए है। ईको गार्डन लखनऊ में धरना प्रदर्शन एवं कार्यबहिष्कार के सातवे दिन प्रदेश के विभिन जिलो के हजारों की संख्या में कर्मचारियों ने भाग लेकर सरकार की उदासीनता के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। सभी ने स्पष्ट किया सरकार जब तक समान कार्य समान वेतन नही करेगी तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।शाहजहांपुर के जिला अध्यक्ष सुदीप शुक्ला ने बताया कि मिशन निदेशक एन एच एम, व प्रमुख सचिव स्तर की तीन बार वार्ता हुई जो कि निष्फल रही है,जिला मंत्री विनीत पांडेय ने बताया कि सरकार सभी विभागों के कर्मियों को लाभ दे रही है परंतु स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मियों के प्रति अनदेखी कर रही है। मंडल अध्यक्ष,अशोक दीक्षित ने बताया कि स्वस्थ्य विभाग के कर्मचारियों के पास ही स्वास्थ्य बीमा नही है,जबकि अधिकतर विभागों में सरकार स्वास्थ्य बीमा का लाभ दे रही है ब्रह्पतिवार को शाहजहापुर से अधिक से अधिक संख्या में कर्मी लखनऊ को विरोध प्रदर्शन में पुनः सहभागिता करने जाएंगे। डॉ विक्रम प्रताप सिंह, नरेंद्र मिश्र, सुबोध दीक्षित, अर्पिता सिंह, टीबी संघ के अध्यक्ष संजीव यादव, गोपी वर्मा, सुभाष खन्ना आदि उपस्थित रहे।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



एक नजर

परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में 41 पत्रावलियों की सुनवाई, 3 बिछड़े परिवारों में कराई गई सुलह

चंदौसी। पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी के आदेश पर बुधवार को गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी में पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्र प्रभारी एवं महिला थानाध्यक्ष डॉ. रुकम पाल सिंह ने की। इसमें पति-पत्नी के बीच विवादों को काउंसलरों की मदद से सुलझाने का प्रयास किया गया। बैठक में कुल 41 पत्रावलियों की सुनवाई हुई। इनमें तीन परिवारों के बीच आपसी सहमति से समझौता कराकर उन्हें साथ भेजा गया। दो मामलों में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई, जबकि आठ पत्रावलियां आवेदकों द्वारा पैरवी न करने के कारण बंद की गईं। अन्य मामलों में नियमानुसार प्रक्रिया अपनाई गई। इस दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता, संगीता भार्गव, उपनिरीक्षक महेश गंगवार, हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह, रुचि सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

रामबाग धाम में भव्यता के साथ संपन्न हुआ धनुष यज्ञ, देश-विदेश के राजाओं की झांकियों ने मोहा मन

जागरण मोर्चा कार्यालय


चंदौसी में रामबाग धाम पर लीला का मंचन करते कलाकार। -जागरण मोर्चा


चंदौसी में रामबाग धाम पर लीला का मंचन देखते लोग। -जागरण मोर्चा

चन्दौसी। श्री रामलीला नाट्य परिषद के तत्वावधान में चौथे शारदीय नवरात्र के अवसर पर रामबाग धाम के विशाल मंच पर धनुष यज्ञ की आकर्षक लीला का आयोजन किया गया। लीला का शुभारंभ स्वर्गीय नवलकिशोरी देवी और स्वर्गीय सुरेश चंद्र भगत जी' की स्मृति में यजमान दिनेश चंद्र भगत, विपुल कृष्ण वार्ष्णेय, शोभित कृष्ण वार्ष्णेय और उनके परिवार द्वारा फीता काटकर किया गया। धनुष यज्ञ से पूर्व सिंघल देश, मगध देश, मुछंदर देश और कोंकड देश के राजाओं व उनके मंत्रियों ने अपने रथों पर सवार होकर चंदौसी शहर का भ्रमण किया, जिसका नगरवासियों ने भरपूर आनंद लिया। उप प्रधान अमित अप्पू ने ब्रह्म बाजार स्थित अपने प्रतिष्ठान पर सभी राजाओं का माला पहनाकर स्वागत किया। लीला मंचन के दौरान महाराज जनक गिर्राज किशोर के दरबार में सीता स्वयंवर की घोषणा होती है। देश-विदेश के राजा और राजकुमार सभा में आते हैं, लेकिन कोई भी शिव धनुष को हिला भी नहीं पाता। रावण गोविंद किशोर और बाणासुर राज बिहारी के बीच संवाद ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद महर्षि विश्वामित्र सिद्धार्थ के साथ पहुंचे श्री राम प्रतीक और लक्ष्मण हर्षित गुरु की आज्ञा से धनुष का विच्छेद कर माता सीता से विवाह करते हैं। धनुष टूटने की आवाज सुनकर पहुंचे परशुराम दीपक सोनू और राम-लक्ष्मण का संवाद बहुत रोमांचक रहा। इसके अलावा माली हीरालाल और मालिन किशनपाल मुंशी के अभिनय ने दर्शकों को हंसा-हंसाकर लोटपोट कर दिया। इस पूरी लीला का निर्देशन डॉ. ओमेंद्र की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम के अंत में परिषद की ओर से सभी यजमानों का माला, पगड़ी और पटका पहनाकर सम्मान किया गया तथा उन्हें श्री रामचरितमानस ग्रंथ व यमुनोत्री का पवित्र जल भेंट किया गया। दर्शकों के लिए भुवेश वार्ष्णेय, पवन साड़ीज और विकास मेंथा की ओर से लकी ड्रा, मेगा ड्रा और बंपर ड्रा के माध्यम से आकर्षक इनाम वितरित किए गए। मंच का सफल संचालन उप प्रधान अमित अप्पू ने किया।

चलती बाइक से गिरकर महिला की दर्दनाक मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय


अमरवती (फाईल फोटो)

चंदौसी। थाना बनियाठेर क्षेत्र के अंतर्गत अकरौली और बनियाठेर मार्ग पर चलती बाइक से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसकी उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

महिला की अचानक हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बनियाठेर क्षेत्र के ग्राम पचाक निवासी पृथ्वी पाल की 45 वर्षीय पत्नी अमरवती बुधवार सुबह करीब 9:45 बजे अपने बड़े बेटे सोनू के साथ बाइक पर सवार होकर ग्राम बूजपुर से जात लगाकर अपने गांव लौट रही थीं। अकरौली और बनियाठेर के बीच रास्ते में अचानक अमरवती चलती बाइक से नीचे सड़क पर जा गिरीं। पीछे बैठी मां को गिरता देख बेटे सोनू ने तुरंत बाइक रोकी और उन्हें संभाला। इसके बाद सोनू ने रास्ते से गुजर रहे एक निजी वाहन की मदद से उन्हें तुरंत चंदौसी के एक निजी अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही अमरवती ने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद बेटा अपनी मां के शव को लेकर घर पहुंचा, जहां शव पहुंचते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

मां कुष्मांडा की पूजा कर मांगी सुख-समृद्धि


रामबाग धाम स्थित सिद्धिदात्री नव दुर्गा मंदिर पर पूजा-अर्चना करतें श्रद्धालु।


चंदौसी में मां दुर्गा की आरती करते पुजारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ मंदिरों में उमड़ा भक्तों का तांता, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

चंदौसी। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह तड़के से ही नगर के मौलागढ़ स्थित श्री सिद्धिदात्री नव दुर्गा मंदिर, प्राचीन देवी मंदिर, श्री देवी गंगा मंदिर तथा श्री पूर्णागिरी नवदुर्गा मंदिर सहित सभी प्रमुख देवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मां भगवती को नारियल, चुनरी, फल, फूल और मिष्ठान अर्पित कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि एवं आरोग्य की कामना की। दिनभर मंदिरों और घरों में गूंजते भजन-कीर्तन, दुर्गा सप्तशती के पाठ तथा हवन-यज्ञ के आयोजनों से संपूर्ण क्षेत्र मां के जयकारों से गुंजायमान रहा और माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए शांति, व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नज़र आया। प्रमुख मंदिरों के आसपास पुलिस बल तैनात रहा, जिससे श्रद्धालुओं को सुलभ दर्शन प्राप्त हुए।

स्कूल में मदर मेला और मिशन शक्ति आयोजित

चंदौसी। पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय आटा बनियाखेड़ा में मदर मेला एवं मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी संगीता भार्गव, जीके सिल्वर स्टोन की मैनेजर योजना गुप्ता, बहजोई एसएचओ रेनू और जीएसटी डिप्टी कमिश्नर सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। एसएचओ रेनू ने माताओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। मेले में माताओं और बच्चों ने रैंप वॉक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और नवदुर्गा झांकी प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विभिन्न स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापिका चयनिका और भावना ने किया।

गणेशपुर स्कूल में खेल प्रतियोगिता आज

जागरण मोर्चा कार्यालय


चंदौसी के गांव जारई में खेल-कूद प्रतियोगिता की तैयारी करते व्यवस्थापक।

चंदौसी। न्याय पंचायत जारई के प्राथमिक विद्यालय गणेशपुर में गुरुवार को आयोजित होने वाली न्याय पंचायत स्तरीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक खेलकूद प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस प्रतियोगिता में न्याय पंचायत क्षेत्र के सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राएं विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपना दमखम दिखाएंगे। आयोजन समिति के अनुसार, प्रतियोगिता में बालक व बालिका वर्ग के लिए 50 मीटर, 100 मीटर व 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, खो-खो तथा कबड्डी जैसी विविध स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता को भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विद्यालय परिसर में खेल मैदान का चिन्हांकन, ट्रैक मार्किंग और साफ-सफाई का कार्य शिक्षकों व खेल अनुदेशकों की देखरेख में पूरा किया गया। मैदान की तैयारियों और व्यवस्थाओं में डॉ. गौरव मिश्रा, संजय कुमार गणेशपुर अमित कुमार, उमेश यादव, रवि, धर्मेंद्र, रितु, सुनीता सागर, भूदेव शंखधार, मनोज कुमार, राजकुमार, शाह आलम, मुजम्मिल हुसैन, राजवीर सिंह एवं राशिद खान सहित कई शिक्षक एवं खेल अनुदेशक सक्रिय रूप से जुटे रहे। शिक्षकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, अनुशासन और शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन आज सुबह किया जाएगा, जिसके बाद खेल स्पर्धाएं शुरू होंगी।

जनगणना ट्रेनर्स का प्रशिक्षण संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय


जनगणना फील्ड ट्रेनर्स के समापन पर फील्ड ट्रेनर्स को प्रमाण पत्र देते एडीएम।

चंदौसी। श्रीकृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस पर आयोजित भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण हेतु फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हो गया। समापन अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/जिला जनगणना अधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने सभी फील्ड ट्रेनर्स को प्रमाण-पत्र वितरित किए। एडीएम सत्यप्रिय सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक अति महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आंकड़े देश और प्रदेश के विकास तथा संसाधनों के बेहतर नियोजन में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने ट्रेनर्स को निर्देश दिए कि वे पूरी गंभीरता, शुद्धता और जिम्मेदारी के साथ आगे के कार्मिकों को प्रशिक्षित करें ताकि डेटा संकलन में कोई त्रुटि न रहे।

एडीएम ने तिथियों की जानकारी देते हुए बताया कि स्व-गणना नागरिक 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक स्वयं अपनी गणना कर सकेंगे। घर-घर गणनाः प्रगणक 01 दिसंबर से 04 जनवरी तक घर-घर जाकर आंकड़े जुटाएंगे। संदर्भ तिथिः उत्तर प्रदेश के लिए जनगणना की संदर्भ तिथि 05 जनवरी की रात्रि 12:00 बजे तय की गई है। पुनरीक्षण चरणः 05 जनवरी से 09 जनवरी तक पुनरीक्षण कार्य चलेगा। अपर जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे स्व-गणना सुविधा का लाभ उठाएं तथा घर आने वाले प्रगणकों को सही व पूर्ण जानकारी देकर इस राष्ट्रीय कार्य में सहयोग करें।

तीन दिन से लापता किशोर, रिपोर्ट दर्ज

चंदौसी। बनियाठेर थाना क्षेत्र के अलहैदादपुर चंपू चमरपुरा स्थित गुरुकुल शिक्षण संस्थान से दौड़ लगाने निकला 14 वर्षीय किशोर तीन दिन से लापता है। किशोर के नहीं मिलने से परिजन परेशान हैं। पुलिस ने पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हनुमानगढ़ी निवासी शोभाराम का पुत्र सौरभ विमला देवी आर्य गुरुकुल में रहकर पढ़ाई करता है। पिता के अनुसार, 12 अक्टूबर की सुबह करीब छह बजे सौरभ दौड़ लगाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों और रिश्तेदारों ने आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पिता ने बनियाठेर थाने पहुंचकर पुलिस से बेटे को सुरक्षित बरामद कराने की गुहार लगाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बार काउंसिल ने एल्डर कमेटी को चार्ज सौंपने और तीन हफ्ते में चुनाव कराने के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर चल रहा विवाद गरमा गया है। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने बड़ा कदम उठाते हुए निवर्तमान अध्यक्ष और सचिव को एसोसिएशन का पूरा चार्ज तत्काल एल्डर कमेटी को सौंपने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, एल्डर कमेटी को तीन सप्ताह के भीतर मॉडल बायलॉज के नियमों के तहत नए चुनाव संपन्न कराने को कहा गया है। आदेश का पालन न होने पर अधिवक्ता अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

क्या है पूरा मामला?

अधिवक्ता अमर सिंह यादव और अन्य अधिवक्ताओं ने 13 अक्टूबर को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि तहसील बार एसोसिएशन चंदौसी की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल 26 सितंबर 2026 को ही समाप्त हो चुका है। इसके बावजूद निवर्तमान अध्यक्ष कल्याण सिंह तोमर और निवर्तमान सचिव दिलीप यादव ने 5 अक्टूबर को बिना कोरम पूरा हुए एकतरफा बैठक कर अपने कार्यकाल को एक वर्ष के लिए बढ़ाने की घोषणा कर दी थी, जो बार काउंसिल के नियमों के पूरी तरह विपरीत है। इस मनमानी से नाराज होकर कार्यकारिणी के कई पदाधिकारियों ने पहले ही अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन इसके बावजूद पूर्व अध्यक्ष व सचिव पद पर बने हुए थे।

बार काउंसिल के कड़े निर्देशः

शिकायत का संज्ञान लेते हुए बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने निवर्तमान अध्यक्ष कल्याण सिंह तोमर और सचिव दिलीप यादव को निर्देशित किया है कि वे पत्र मिलने के तीन दिन के भीतर तहसील बार एसोसिएशन का समस्त प्रभार एल्डर कमेटी को सौंप दें। इसके साथ ही, एल्डर कमेटी को निर्देश दिए गए हैं कि चार्ज मिलने के तीन सप्ताह के भीतर मॉडल बायलॉज के प्रावधानों के अनुसार निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया पूरी कर इसकी सूचना बार काउंसिल को दी जाए।

कार्रवाई की चेतावनीः

बार काउंसिल ने स्पष्ट किया है कि यदि इन आदेशों की अवहेलना की जाती है या उनका पालन करने में टालमटोल की जाती है, तो संबंधित पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं के खिलाफ अधिवक्ता अधिनियम 1961 की धारा 35 के तहत कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बार काउंसिल के इस आदेश के बाद तहसील बार एसोसिएशन के गलियारों में हलचल तेज हो गई

स्केटिंग चैंपियनशिप में एबीसी स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम

जागरण मोर्चा कार्यालय


विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथि।

चन्दौसी। मुरादाबाद में रविवार, 11 अक्टूबर को आयोजित चौथी ओपन डिस्ट्रिक्ट स्केटिंग चैंपियनशिप में एबीसी किड्ज मोंटेसरी स्कूल की हर्ष स्केटिंग स्पीड एकेडमी के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 17 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें से कई ने विभिन्न श्रेणियों में पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में मायेशा वार्ष्णेय और आयांश सांगवान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अहमद रज़ा और अन्य रए अग्रवाल ने द्वितीय स्थान, जबकि संबित, अद्विक अग्रवाल, प्रिशा गुप्ता और गार्गी ने तृतीय स्थान हासिल किया। बच्चों की इस सफलता पर विद्यालय परिवार और अभिभावकों में खुशी की लहर है। विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने विजेता बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी है। बच्चों ने यह सफलता कोच हर्ष राणा के मार्गदर्शन में कठिन परिश्रम से प्राप्त की है। विद्यालय परिवार ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सेवा संकल्पः मॉडल-चार्ट प्रतियोगिता आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय


एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज मे प्रतियोगिता के दौरान मॉडल एवं चार्ट दिखातीं छात्राएं।

चंदौसी। स्थानीय एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज में 'सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मॉडल एवं चार्ट प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं में सामाजिक जागरूकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और रचनात्मकता का विकास करना रहा।

प्रतियोगिता में छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, जल संचयन, स्वच्छता,नशा मुक्ति, महिला सशक्तीकरण, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध बचाव और प्लास्टिक उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आकर्षक मॉडल व चार्ट प्रस्तुत कर उनके व्यावहारिक समाधान सुझाए। प्राचार्या प्रो. अलका रानी अग्रवाल ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए समाज सेवा और नवाचार में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी।

प्रतियोगिता के परिणामः

मॉडल प्रतियोगिता समूह-3 हेमलता, ईशा, ज्योति आदि प्रथम, समूह-7 रिफा, साक्षी, संवेदना द्वितीय तथा समूह-2 हर्षिता, बीदम, चेतना आदि तृतीय स्थान पर रहे।

चार्ट प्रतियोगिताः नीतू ने प्रथम तथा अलीशा मुस्तकीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रभारी शिक्षिकाओं डॉ. रीता, डॉ. भावना, डॉ. बबीता, डॉ. नीता गुप्ता,अंजुली अग्रवाल, डॉ. सपना अग्रवाल, डॉ. इमराना एवं शोध छात्रा सुरभि पाराशरी का विशेष योगदान रहा।

रामबाग धाम में हुआ डांडिया उत्सव


डांडिया उत्सव के कार्यक्रम में शामिल वार्ष्णेय महिला उत्थान के पदाधिकारी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

चंदौसी। समाज सेवा में अग्रणी वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति उत्तर प्रदेश द्वारा नवरात्रि पर्व के अवसर पर रामबाग धाम स्थित माता के दरबार में भव्य डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति की लगभग 200 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। माता रानी के भजनों और डांडिया की मधुर धुनों पर महिलाओं ने नृत्य कर पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। समिति द्वारा पिछले 5 वर्षों से लगातार माता के दरबार में डांडिया उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हर वर्ष महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग लेती हैं। माता रानी की भक्ति, सामूहिक नृत्य और आपसी सौहार्द के बीच महिलाओं ने उत्साह और आनंद के अनूठे क्षणों का अनुभव किया। यह आयोजन नारी शक्ति की एकजुटता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का सुंदर उदाहरण बना। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदेश अध्यक्ष रीना चौधरी, प्रदेश सचिव प्रतिभा चौधरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष पूजा वार्ष्णेय, सुधा चौधरी, मोनिका चौधरी, महिमा, सविता, अदिति, गुंजन, प्रियंका, अनुराधा, रितु, खुशी, ज्योति, रागिनी सहित उत्थान परिवार की समस्त सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

विपक्ष अब इंतजार करे

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 'अवधारणा' का आंदोलन चला कर राजनीति में पैठ बनाने की कोशिश कर रहे हैं। बार-बार देश को संबोधित कर रहे हैं और इसे 'भविष्य' और पूरे देश की लड़ाई करार दे रहे हैं। संविधान और लोकतंत्र बचाने का उनका मुद्दा 2024 के लोकसभा चुनाव से चल रहा है, लेकिन अब उन्होंने 'मताधिकार' से जोड़ दिया है। बेशक देश के औसत नागरिक का 'संवैधानिक मताधिकार', किसी भी स्थिति में, छीना नहीं जा सकता। वह लोकतंत्र का बुनियादी अधिकार है। नेता प्रतिपक्ष बार-बार आह्वान कर रहे हैं कि आओ दिल्ली! चलो दिल्ली!! यह आंदोलन नहीं, 'शिव जी की बारात' है, 'शिव जी का तांडव' है। इस आंदोलन में कुत्ता, बिल्ली, बंदर कोई भी शामिल हो सकता है। यदि भाजपावाले भी आना चाहें, तो कोई आपत्ति नहीं। उनका मन्तव्य और लक्ष्य है कि इस तांडव से ही परिवर्तन होगा, न्याय देना पड़ेगा। एक तरफ आंदोलनकारी हैं, तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री, सीईसी, संघ-प्रमुख मोहन भागवत हैं। इस सूची में अब राहुल गांधी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवल का नाम भी जोड़ लिया है। नेता प्रतिपक्ष का विश्वास है कि यह विभाजन एक दिन खत्म होगा। आंदोलन कई दिन, कई महीने और साल भी चलाना पड़ सकता है, लेकिन देश को रुकना, थकना, डरना नहीं है। वह देश को यह भरोसा भी दिलाने की कोशिश कर रहे हैं कि जिनके खिलाफ आज देश आंदोलित है, उन्हें जाना ही पड़ेगा। नेता विपक्ष ने सीईसी ज्ञानेश कुमार गुप्ता को 'सरकारी गवाह' बनने की पेशकश की है, ताकि साजिश के सूत्रधार बेनकाब हो सकें। राहुल गांधी ने यह भी चौंकाने वाला दावा किया है कि मोदी सरकार के 200 अफसर लगातार उनके संपर्क में हैं, हरेक 'सूचना' देते हैं। ये अफसर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय), सीबीआई और विदेश मंत्रालय में हैं। प्रधानमंत्री मोदी को जो करना है, वह कर लें, सरकार का 'ब्लूप्रिंट' हमारे पास है। नेता प्रतिपक्ष यह अवधारणा भी फैला रहे हैं कि 50 फीसदी पुलिस आंदोलन की समर्थक है। पुलिसवाले सोचते रहते हैं कि वे 'वोट चोरों' और 'देश-विरोधियों' को क्यों बचा रहे हैं? बहरहाल राहुल गांधी अवधारणा की राजनीति के जरिए देश में ऐसी 'हवा' बनाने की कोशिश में हैं, जो 'इंडी' ब्लॉक के पक्ष में 'लहर' पैदा कर दे। हम नहीं जानते कि यह अवधारणा कितनी बदलेगी और कितनी कारगर साबित होगी, लेकिन राहुल गांधी इस बार अपेक्षाकृत आक्रामक और निरंतर लग रहे हैं। यह भी संवैधानिक यथार्थ है कि देश के मतदाता ही देश, लोकतंत्र और सरकार को चलाते हैं, चुनते हैं, लिहाजा मताधिकार बेशकीमती है। फिलहाल यह मतदाता राहुल गांधी और कांग्रेस के पक्ष में नहीं हैं। 'वोट चोरी' का अध्याय शुरू होने और विवादास्पद सीईसी ज्ञानेश से पहले ही कांग्रेस लगातार तीन लोकसभा चुनाव हार चुकी थी। कई राज्यों में कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है। उप्र, बंगाल, बिहार सरीखे राज्यों में उसका लगभग सूपड़ा साफ है। अब राहुल गांधी को लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को 'वोट चोरी' के जरिए चुनाव जितवाए जाते रहे हैं। अब वह समूचे विपक्ष के साथ सडक़ों पर उतर आए हैं, लिहाजा अवधारणा की राजनीति का मॉडल अराजक भी लगता है और अनिश्चित भी है, क्योंकि ऐसा कोई रुझान, संकेत, सर्वेक्षण सामने नहीं हैं, जो स्पष्ट कर सकें कि अवधारणा किन स्तरों पर, कितने फीसदी बदल रही है। राजधानी दिल्ली में फिलहाल जन-सैलाब मौजूद है, जाहिर है कि उससे जन-जीवन, जन-व्यवस्था प्रभावित हो रहे हैं। राहुल और प्रियंका गांधी ने सोमवार को मात्र एक किलोमीटर पैदल मार्च का नेतृत्व किया था। अप्रत्याशित भीड़ के कारण भगदड़ के आसार बनते रहे। कुछ पत्रकार, वकील और कार्यकर्ता संभावित भगदड़ में पिसते रहे। शुक्र है कि कोई अनहोनी नहीं हुई। बहरहाल अब राहुल गांधी समेत विपक्षी गठबंधन के 11 बड़े नेताओं ने सर्वोच्च अदालत में याचिका दे दी है, कुछ याचिकाएं पहले से ही विचाराधीन हैं, लिहाजा अब सडक़ों पर हुजूम थमना चाहिए। त्योहारों का मौसम फीका न चला जाए, लिहाजा आंदोलन को विश्राम देना चाहिए और शीर्ष अदालत के फैसले की प्रतीक्षा करनी चाहिए। सीईसी को फिर भी बर्खास्त नहीं किया जा सकता, अलबत्ता अदालत विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को रद्द कर सकती है अथवा उच्च स्तर की जांच (अपनी निगरानी में भी) बिठा सकती है। यदि सर्वोच्च अदालत पर भरोसा है, तो इंतजार करें। बेशक मतदाताओं से अवैध ढंग से उनका मताधिकार नहीं छीना जाना चाहिए। अगर बड़े स्तर पर ऐसा हुआ है, तो कार्रवाई होनी ही चाहिए तथा अवैध ढंग से जिनका मताधिकार छीना गया है, उसे बहाल किया जाना चाहिए।

आन्दोलन वही, जो सार्थक मुद्दा, दिशा एवं भरोसे से जुड़ा हो



लोकतंत्र में असहमति उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी जीवंतता का प्रमाण है। सरकार से सवाल पूछना, नीतियों का विरोध करना और अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाना नागरिक स्वतंत्रता का अनिवार्य हिस्सा है। लेकिन लोकतंत्र की वास्तविक परीक्षा केवल इस बात से नहीं होती कि विरोध करने की कितनी स्वतंत्रता है, बल्कि इससे भी होती है कि उस स्वतंत्रता का उपयोग किस उद्देश्य, किस भाषा और किस पद्धति से किया जा रहा है। किसी आंदोलन का मुद्दा कितना ही महत्त्वपूर्ण क्यों न हो, यदि उसका नेतृत्व दिशाहीन हो जाए, भाषा उत्तेजक बन जाए और पद्धति हिंसा अथवा अराजकता की ओर बढ़ने लगे, तो उसका नैतिक आधार कमजोर पड़ने लगता है। इसलिए आज देश के सामने प्रश्न केवल आंदोलनों का नहीं, बल्कि उनके चरित्र, विश्वसनीयता और राष्ट्रीय उत्तरदायित्व का भी है। दिल्ली में हाल के विरोध प्रदर्शनों और उन पर प्रशासन की सख्ती के बाद सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप ने एक बार फिर लोकतंत्र की सीमाओं और संभावनाओं पर बहस छेड़ दी है। एक ओर शांतिपूर्ण विरोध नागरिकों का अधिकार है, तो दूसरी ओर सार्वजनिक व्यवस्था, नागरिक सुरक्षा और कानून का पालन सुनिश्चित करना शासन का दायित्व है। इन दोनों के बीच संतुलन ही संवैधानिक लोकतंत्र की पहचान है। न तो सरकार को कानून-व्यवस्था के नाम पर नागरिक स्वतंत्रताओं के अनावश्यक दमन की छूट दी जा सकती है और न ही आंदोलनकारियों को लोकतांत्रिक अधिकारों की आड़ में सार्वजनिक जीवन को बाधित करने का असीमित अधिकार प्राप्त है। संविधान अधिकार देता है, लेकिन उन अधिकारों के साथ उत्तरदायित्व भी जोड़ता है।

आज सबसे गंभीर प्रश्न यह है कि जनांदोलनों की दिशा कौन तय कर रहा है? क्या आंदोलन वास्तव में जनसमस्याओं के समाधान के लिए खड़े हो रहे हैं, अथवा जनता के असंतोष को राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का साधन बनाया जा रहा है? यह प्रश्न किसी एक दल या संगठन तक सीमित नहीं है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, सामाजिक संगठन हों या जनसमूह, सभी को अपने आचरण की कसौटी संविधान, नैतिकता और जनहित को बनाना चाहिए। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। वह सरकार की नीतियों पर सवाल उठाता है, कमियों को सामने लाता है और जनहित के मुद्दों को राजनीतिक विमर्श में स्थान देता है। लेकिन विपक्ष का दायित्व केवल विरोध करना नहीं, बल्कि वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करना भी है। यदि हर असहमति को सत्ता के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष में बदलने का प्रयास किया जाए, हर प्रशासनिक निर्णय को राजनीतिक षड्यंत्र बताया जाए और प्रत्येक जनसमस्या को व्यापक अव्यवस्था का प्रतीक बना दिया जाए, तो वास्तविक मुद्दे शोर में खोने लगते हैं। इसी तरह सरकार भी यदि आलोचना को शत्रुता समझने लगे, तो लोकतांत्रिक संवाद की संभावनाएं संकुचित हो जाती हैं।

आंदोलन की साख उसके मूल उद्देश्य एवं भरोसे से बनती है। जिस मुद्दे को लेकर लोग एकत्र होते हैं, उसकी स्पष्टता, तथ्यात्मक प्रामाणिकता और समाधान की दिशा आंदोलन की विश्वसनीयता निर्धारित करती है। जब मूल प्रश्न पीछे छूट जाता है और राजनीतिक दलों की प्रतिस्पर्धा, व्यक्तिगत महत्त्वाकांक्षाएं अथवा वैचारिक टकराव केंद्र में आ जाते हैं, तब आंदोलन की ऊर्जा बिखरने लगती है। जनसमर्थन जुटाना और जनविश्वास अर्जित करना दो अलग-अलग बातें हैं। भीड़ किसी क्षणिक आक्रोश का परिणाम हो सकती है, लेकिन जनविश्वास निरंतर नैतिक आचरण और रचनात्मक कार्यों से अर्जित होता है। भारत का लोकतांत्रिक इतिहास इस संदर्भ में अनेक महत्त्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करता है। वर्ष 1974 का छात्र आंदोलन और लोकनायक जयप्रकाश नारायण का नेतृत्व बताता है कि जनाक्रोश को रचनात्मक परिवर्तन की शक्ति में कैसे बदला जा सकता है। बिहार के छात्रों ने भ्रष्टाचार, महंगाई और शासन संबंधी समस्याओं के विरुद्ध आवाज उठाई थी। जयप्रकाश नारायण ने इस असंतोष को व्यापक सामाजिक और राजनीतिक सुधारों की दिशा देने का प्रयास किया।

आज के आंदोलनों को इस ऐतिहासिक अनुभव से सीखना चाहिए। किसी भी आंदोलन की सफलता केवल इस बात से नहीं मापी जानी चाहिए कि कितनी सड़कें बंद हुईं, कितने लोग एकत्र हुए या कितने दिनों तक विरोध चला। उसकी सफलता का वास्तविक पैमाना यह होना चाहिए कि उसने किस समस्या का समाधान प्रस्तुत किया, जनजीवन में क्या सकारात्मक परिवर्तन लाया और समाज में संवैधानिक चेतना को कितना मजबूत किया। वर्तमान समय में इंटरनेट मीडिया ने जनमत निर्माण की प्रक्रिया को पूरी तरह बदल दिया है। अब कोई घटना कुछ ही मिनटों में व्यापक बहस का विषय बन सकती है। यह लोकतंत्र के लिए एक महत्त्वपूर्ण अवसर है, क्योंकि इससे आम नागरिकों को अपनी बात रखने और प्रशासन से जवाब मांगने का मंच मिला है। लेकिन यही माध्यम भ्रामक सूचनाओं, अधूरे तथ्यों, भावनात्मक अभियानों और अपुष्ट आरोपों को भी तेजी से प्रसारित कर सकता है। हैशटैग, वायरल वीडियो और ऑनलाइन समर्थन अपने आप में किसी आंदोलन की नैतिक प्रामाणिकता का प्रमाण नहीं हैं। किसी आरोप की गंभीरता का निर्धारण उसके प्रमाणों से होना चाहिए, उसकी लोकप्रियता से नहीं। यदि आंदोलनकारी तथ्यों की पुष्टि किए बिना आरोप लगाते हैं, तो वे अपने ही उद्देश्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसी प्रकार प्रशासन का दायित्व है कि वह आलोचनात्मक आवाजों को केवल इसलिए संदिग्ध न माने कि वे सरकार के विरुद्ध हैं।

जूते-चप्पल तक आई यूपी कांग्रेस में कुर्सी की लड़ाई



उत्तर प्रदेश की राजनीति में कब कौन किस पाले में चला जाए, इसकी गारंटी न दिल्ली दे सकती है, न लखनऊ का कोई सियासी पंडित। अब कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को लेकर भी यही सवाल उठने लगा है कि क्या वह एक बार फिर भाजपा का दामन थाम सकते हैं? सवाल उठ रहा है कि जिस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वाराणसी में बार-बार चुनौती दी, क्या वही नेता अब कांग्रेस में अपनी सियासी जमीन खिसकती देख पुराने घर की ओर लौटने का रास्ता तलाश रहे हैं? फिलहाल यह अटकल है। लेकिन प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी छिनने, नए नेतृत्व से तनातनी और लखनऊ कांग्रेस दफ्तर में जूते-चप्पल चलने के बाद इन चर्चाओं को हवा जरूर मिल गई है।

वैसे कहावत है कि घर का भेदी लंका ढाए, लेकिन यूपी कांग्रेस का हाल देखिए, यहां लंका ढहाने के लिए विपक्ष को मशक्कत करने की जरूरत ही क्या है, जब अपने ही लोग एक-दूसरे से दो-दो हाथ करने को तैयार बैठे हों! हम आपको बता दें कि अजय राय को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटाकर आराधना मिश्रा 'मोना' को जिम्मेदारी सौंप दी गई। नई व्यवस्था में इमरान मसूद को भी कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। मगर संगठन में बदलाव का यह फैसला पुराने नेतृत्व और उसके समर्थकों के बीच सहज रूप से स्वीकार नहीं हुआ। अजय राय की नाराजगी की एक वजह यह भी बताई जा रही है कि उन्हें हटाने के तरीके से वह असहज थे। उन्हें लगता है कि उनकी भूमिका और राजनीतिक हैसियत को नजरअंदाज किया गया।

देखा जाये तो यूपी की राजनीति में पद केवल नाम के आगे लगने वाला तमगा नहीं होता। उसके साथ समर्थकों की फौज, टिकट की दावेदारी, संगठन पर पकड़ और भविष्य की सियासी संभावनाएं भी जुड़ी होती हैं। ऐसे में प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी से उतरना किसी नेता के लिए महज जिम्मेदारी बदलना नहीं, अपने प्रभाव का हिसाब-किताब भी होता है। यही वजह है कि अब चर्चा चल रही है कि कांग्रेस उन्हें गुजरात जैसे किसी दूसरे राज्य में संगठनात्मक जिम्मेदारी देकर मनाने की कोशिश कर सकती है। दूसरी तरफ भाजपा में वापसी की संभावना भी सियासी गलियारों में तैर रही है। उल्लेखनीय है कि अजय राय 1996 से 2009 तक भाजपा में रहे और उसके टिकट पर तीन बार विधायक चुने गए थे।

दूसरी ओर, लखनऊ के कांग्रेस मुख्यालय में जो हुआ, वह महज दो नेताओं के समर्थकों की कहासुनी मानकर टाल देने वाला मामला नहीं है। आराधना मिश्रा के पदभार ग्रहण समारोह के दौरान अजय राय और ममता चौधरी से जुड़े गुट आमने-सामने आ गए। विवाद रास्ता देने और अध्यक्ष को लेकर हुई टिप्पणी से शुरू हुआ बताया गया, लेकिन देखते ही देखते मामला धक्का-मुक्की और जूते-चप्पल तक पहुंच गया था। देखा जाये तो इस घटना ने यूपी कांग्रेस की एक पुरानी बीमारी को फिर उजागर कर दिया है। पार्टी में कार्यकर्ताओं से ज्यादा नेताओं की फौज दिखाई देती है। हर नेता को अपना खेमा चाहिए, हर खेमे को अपनी हैसियत चाहिए और हर हैसियत को संगठन में अपनी हिस्सेदारी चाहिए। सवाल यह है कि जब पार्टी कार्यालय में ही नेतृत्व की इज्जत और अनुशासन की हिफाजत नहीं हो पा रही, तो गांव-कस्बों में संगठन खड़ा करने की जिम्मेदारी कौन निभाएगा?

एक ओर चुनाव सामने हैं दूसरी ओर ऐसे वक्त पर अगर पदभार ग्रहण समारोह में जूते चल रहे हैं, तो टिकट बंटवारे, जिला अध्यक्षों की नियुक्ति और चुनावी गठबंधन के वक्त यह खींचतान किस मुकाम पर पहुंचेगी इसकी कल्पना सहज ही की जा सकती है। यह आशंका निराधार नहीं है कि जैसे-जैसे 2027 का विधानसभा चुनाव नजदीक आएगा, कांग्रेस की गुटबाजी और जूतम-पैजार बढ़ सकती है। आने वाले दिनों में टिकट के दावेदार बढ़ेंगे, पदों की खींचतान तेज होगी और हर नेता अपने समर्थकों के साथ ताकत दिखाने की कोशिश करेगा। अगर कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने अभी से अनुशासन की स्पष्ट लक्ष्मण रेखा नहीं खींची, तो चुनावी तैयारी से ज्यादा ऊर्जा आपसी हिसाब चुकता करने में खर्च हो सकती है।

वित्तीय वकालत के तर्क



नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में अदालती सरोकारों की पौधशाला का नवीनतम अध्याय सामने आया। डिग्रियों में कानून को तोला नहीं जा सकता, फिर भी गुणात्मक दृष्टि से पढ़ाई अगर अपना विस्तार करे, तो दलीलें पुष्ट होंगी और निर्णय भी गुणवत्ता के हिसाब से मार्गदर्शक सिद्ध होंगे। समारोह की घोषणा से मंडी और कांगड़ा में एनडीपीएस कोर्ट के खुलने से नशे के खिलाफ सरकार की मंशा को बल मिलेगा। बहरहाल इस समारेह में एक दलील ऐसी भी रही जहां सरकारी कर्मचारी मसलों में अदालत से सरकार की आर्थिक दरख्वास्त भी अर्ज हुई। प्रदेश की आर्थिक स्थिति का मुआयना अगर अदालतों का नजरिया बने, तो एक व्यापक दृष्टि से समाधान निकलेंगे। जाहिर है कर्मचारी एक वचन में अदालत से अपने लिए न्याय मांगता है, लेकिन सरकारों को बहुवचन में बजट से निकले आदेश मानने पड़ते हैं। हिमाचल एक तरह से सरकारी कर्मचारियों का राज्य होने के सरोकार ओढ़ता चल रहा है। फैसलों की तरजीह, टकराव और गारंटियों में हमेशा सरकारी कर्मचारी सिद्ध हुआ है। इसी संवेदना में अदालती फैसले भी सरकारी कर्मचारी को पुरोधा बनाते हैं। बेशक वेतन और कॉडर की विसंगतियों के कारण मसले बढ़ते हैं और दलीलें सरकारी चरित्र पर शंका का इजहार स्थापित करते हुए निर्णायक अमल तक पहुंच जाती, लेकिन राज्य की वित्तीय व आर्थिक स्थिति इस काबिल नहीं कि कर्मचारियों के अहाते में कानून थम जाए। वैसे भी हिमाचल में कर्मचारी व पेंशनभोगियों की तादाद साढ़े चार से पांच लाख के बीच है, जबकि निजी क्षेत्र में कर्मचारी, स्वरोजगार, दुकानदार, व्यवसायी और असंगठित क्षेत्र में काम करने वालों को मिला लिया जाए, तो यह पच्चीस लाख के करीब यानी पांच गुना लोग निजी क्षेत्र चला रहे हैं। आज अगर राज्य में परिवहन सेवाएं बेहतर हुई, तो यह निजी क्षेत्र में निवेश व उसकी कार्य संस्कृति से संभव हुआ है। प्रदेश में अच्छे स्कूलों, अस्पतालों और व्यापारिक संस्थानों के कारण सबसे अधिक रोजगार व काम में गुणवत्ता का आधार विकसित हो रहा है। आज अगर विद्युत और जलापूर्ति जैसी सेवाओं में सुधार हो रहा है, तो इसका श्रेय आउटसोर्स से आई कर्मठता है। सरकारी क्षेत्र की विभिन्न सेवाओं में आउटसोर्स के कारण निजी क्षेत्र जैसा माहौल बना है, वरना घाटे के सरकारी उपक्रमों में व्यवस्था और लक्ष्यों की फजीहत स्पष्ट है।

हरि बोल

जरूरत के हिसाब से फ्रेंड कई तरह के होते हैं। मसलन- ब्वाय फ्रेंड, गर्ल फ्रेंड, चालू फ्रेंड, गधे फ्रेंड, गीदड़ फ्रेंड, भालू फ्रेंड। पेन फ्रेंड, पैन फ्रेंड। फेसबुक फ्रेंड, फोन फ्रेंड, लिच्चड़ फ्रेंड, डॉन फ्रेंड। फैमिली फ्रेंड, ऑफिस फ्रेंड, गॉसिप फ्रेंड। हॉट फ्रेंड, कूल फ्रेंड, ताली फ्रेंड, प्याली फ्रेंड, थाली फ्रेंड, खाली फ्रेंड, रुमाली फ्रेंड, ख्याली फ्रेंड, जाली फ्रेंड, माली फ्रेंड आदि आदि। मेरे भी जरूरतों के हिसाब से बहुत से फ्रेंड हैं। क्लास वन से लेकर क्लास फोर तक के। क्या पता, कब कहां किसको यूज करने की जरूरत पड़ जाए। और जिसकी जहां जरूरत के हिसाब से जरूरत पड़ती है, वहां उसको यूज करने की पूरी पूरी कोशिश करता हूं। उसे कितना यूज कर पाता हूं, यह उसकी कमजोरी या मेरी स्मार्टनेस पर निर्भर करता है। इन्हीं फ्रेंडों में से ये भी मेरे फ्रेंड हैं। मझोले पद पर हैं। कल अपने यही फ्रेंड मिले। बहुत उदास थे। आखिर जब मुझसे उनकी उदासी देखी न गई तो मैंने उनकी उदासी में शामिल होते इसलिए पूछा, 'बंधु! परेशान क्यों?' मेरे पूछने की देर भर थी कि वे मेरे कंधे पर अपना सिर रख फूट फूट कर रोने लगे। मैंने उनका सिर अपने कंधे से हटा अपनी गोद में रख सहलाते उनके दुःख में सिर से पांव तक शामिल होते पूछा, 'बंधु! इतने परेशान क्यों? क्या तुमसे ऊंचे पद वाले ने तुम्हें परेशान किया है? अभी नाम बताओ उसका। उसकी कुर्सी से कुर्सी न बजवा दी तो कहना। मेरे उससे भी ऊपर वालों से गहरे लिंक हैं।' 'फ्रेंड! बात ही कुछ ऐसी है कि।' 'कि बोले तो?' 'इधर एक ऑफिशियल फंक्शन की सफलता के लिए महीने की थकान मिटाने को जरा पी क्या ली कि उन्होंने मेरे निलंबन का फतवा जारी कर दिया। अब तुम्हीं बताओ फ्रेंड! ये भी कोई बात हुई। क्या फंक्शन में पीना भी गुनाह है?' 'मतलब ये कि सरकारी फंक्शन था। बड़े दिनों से उसे सफल बनाने के लिए दिन तो दिन, रात को भी पूरी ईमानदारी से डटा रहा। बदन दौड़ दौड़ कर टूट गया। विभाग की नाक का सवाल था। फंक्शन खुशी खुशी निपटा तो उसी खुशी में जरा बैठ गए पीने। फंक्शन था बंधु, कोई मातम नहीं। अब तो सनातनी भी श्मशानघाट पर अपने दोस्त की अर्थी आधा हाथ दे थक थकान मिटाने को वहीं बैठ कर ठाठ से पीने लगे हैं। ऐसे में हम भी जो फंक्शन निपटाकर, जरा पीने बैठ गए, थकान मिटाने को, तो क्या बुरा किया? तुम्हीं बताओ, कोई बुरा किया?' 'नहीं! कतई बुरा नहीं। हर किस्म के फंक्शन में पीना जायज है। सच कहूं तो फंक्शन होते ही पीने का बहाना हैं', मैंने उनका गाढ़ से प्रगाढ़ फ्रेंड होने की चाल ली तो वे एकाएक चहकने लगे, 'बंधु! ये हुई न बात! इसे कहते हैं प्रैक्टिकैलिटी। पता नहीं ये लोग, कब प्रैक्टिकल होंगे?' फिर उन्होंने कुछ देर ठंडी सांस लेने के बाद बार बार मेरे गले लगते कहा, 'कभी भी, कोई भी, किसी भी लेबल का काम हो तो रात के बारह बजे भी बताना। मैं हाजिर रहूंगा', बंदा चाहे कितना ही गलत क्यों न हो! उसके गलत का समर्थन करने पर उसे बहुत सूकून मिलता है। उसके गलत का समर्थन कर तब आप मजे से एक गलत बंदा मजे से कमा लेते हैं।


डिजिटल मायाजाल और क्रिएटर भ्रम



सोशल मीडिया मंचों से धनार्जन का झूठ देश-दुनिया के पूरे समाज में इस प्रकार फैला कि दुनिया के 8 अरब 30 करोड़ लोगों में से 5 अरब 9 करोड़ लोग अपने-अपने वीडियो बनाकर ऐसे मंचों पर प्रसारित कर रहे हैं। ऐसा करने की प्रक्रिया में मोबाइल फोन उपकरण बनाने वाली कंपनियां, मोबाइल फोन में लगने वाले छोटे-बड़े कलपुर्जे बनाने वाली कंपनियां, फोन तथा कलपुर्जों का कच्चा माल उत्खनित, उत्पादित करने वाली कंपनियां, इंटरनेट संचार प्रणाली स्थापित-प्रसारित करने वाली कंपनियां, इन कंपनियों का विज्ञापन करने वाले सेलेब्रिटीज यानी नामी-गिरामी व्यक्ति और अंततः ऐसी कंपनियों को धंधा करने की अनुमति देने वाली विभिन्न देशों की सरकारें तथा उनके बड़े पदों पर बैठे पदाधिकारी तो खूब धनार्जन कर रहे हैं, सुख-सुविधाओं में जीवन व्यतीत कर रहे हैं और दुनिया में उपलब्ध हर प्रकार का ऐश-ओ-आराम भोग रहे हैं, पर लगभग 5 अरब 9 करोड़ लोगों को झांसे, भ्रम और उम्मीद से बांधकर उन्हें वास्तविक जिंदगी में दुःख-दुविधाओं में ही धकेल रहे हैं। ऐसे लोगों में से 5 अरब 1 करोड़ या 3 करोड़ लोगों के पास स्मार्ट फोन हैं। यानी वीडियो बनाने व अपलोड करने में सक्षम फोन। कुल मोबाइल कनेक्शन/सब्सक्रिप्शन की संख्या 9 अरब से अधिक है, क्योंकि कई व्यक्तियों या व्यावसायिक संस्थानों के पास एक से अधिक सिम/मोबाइल कनेक्शन होते हैं। सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों पर अपने-अपने वीडियो बनाकर डालने तथा फिर उनके वायरल होने की उम्मीद में इतने लोगों का अधिकांश समय मोबाइल फोन या कंप्यूटर की स्क्रीन्स पर आंखें टिकाए हुए व्यतीत हो रहा है। परिवार, समाज, गली, मोहल्ले में लोगों के बीच परस्पर संवाद, बातचीत, मेल-मिलाप और रामा-रूमी सब खत्म हो चुका है। लोगों को डिजिटल नशा देकर बुरी तरह भ्रमित कर दिया गया है। उन्हें अपनी प्राकृतिक पहचान भी नहीं रही।

उन्हें ये तक याद नहीं है कि उन्हें एक दिन इस दुनिया से चले जाना है। कोरोना ग्रस्त 2019 से लेकर 2022 तक इस दुष्प्रवृत्ति ने ऐसे पांव पसारे कि अब यह दुनिया के हर उस व्यक्ति के सिर पर एक चिकित्साहीन रोग बनकर बैठ चुकी है, जिसके पास स्मार्ट फोन और फोन पर इंटरनेट है। विश्व के देशों की सरकारों ने अपने-अपने नागरिकों को मोबाइल फोन रखने एवं उस पर इंटरनेट की सेवा लेने के लिए विवश कर दिया है। जो व्यक्ति मास्टर फोन और फोन द्वारा चलने वाली इंटरनेट सेवाओं का उपयोग करने का इच्छुक नहीं है या जो मास्टर फोन व इंटरनेट के आगमन से पहले की नागरिक सेवाओं और सुविधाओं का उपयोग करना चाहता है, उसके लिए अब क्या विकल्प बचा है? संभवतः कुछ भी नहीं। क्या वास्तव में डिजिटल दुनिया साधारण नागरिकों एवं मनुष्यों के भले के लिए आरंभ की गई है? क्या ऐसी दुनिया का विस्तार वास्तविक रूप में सामान्य जनों के लिए हो रहा है? डिजिटल व्यवसाय के आरंभ से लेकर अंत और निम्न से लेकर उच्च स्तर की स्थितियां देखने पर तो यही सत्य सम्मुख दिखाई दे रहा है कि दुनिया के देशों के ऐसे व्यावसायीकरण से एलन मस्क, अंबानी एवं अडाणी जैसे लोग ही अत्यधिक धनार्जन कर रहे हैं। ऐसे ही उद्योगपतियों की भांति अन्य कुछ हजार उद्योगपति, कुछ राजनेता, कुछ अधिकारी-पदाधिकारी, विभिन्न क्षेत्रों के कुछ प्रसिद्ध व्यक्ति ही डिजिटल कारोबार की प्रगति में विशाल लाभार्थी बनकर उभर रहे हैं। डिजिटलीकरण के पूरे चक्र में आम आदमी तो एक असहाय ग्राहक, खरीददार, उम्मीदवार और अंततः एक शोषित की ही भूमिका में दिखाई देता है। इस परिस्थिति में सामान्य जन एक खरखराती, बजबजाती और निर्दयी व असंवेदनशील मशीन की तरह हो चुके हैं, जो अपने जैसे सुदूर दूसरे-तीसरे देशों में रह रहे मशीनी लोगों यानी मशीनी मुर्दों के बीच वायरल, फेमस होने की मशीनी इच्छा से भरे हुए हैं।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



सूरजमल विश्वविद्यालय में विश्व निवेशक सप्ताह 2026 के अंतर्गत आयोजित हुआ निवेशक जागरूकता कार्यक्रम

जागरूकता कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता, निवेश के विकल्प, पूंजी बाजार, व्यक्तिगत वित्तीय नियोजन, डिजिटल वित्तीय सुरक्षा, साइबर धोखाधड़ी से बचाव, नियमित बचत, सही निवेश, विवेकपूर्ण प्रबंधन, दूरदर्शी सोच वित्तीय अनुशासन आदि बिंदुओं को लेकर किया गया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

किच्छा। नगर के बरेली मार्ग स्थित सूरजमल विश्वविद्यालय में विश्व निवेशक सप्ताह 2026 के अंतर्गत निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट द्वारा विश्व निवेशक सप्ताह के अंतर्गत ज्ञानवर्धक निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को वित्तीय साक्षरता, निवेश के विभिन्न विकल्पों, पूंजी बाजार, व्यक्तिगत वित्तीय नियोजन, डिजिटल वित्तीय सुरक्षा तथा साइबर धोखाधड़ी से बचाव सहित तमाम बिंदुओं पर जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में इस पहल के माध्यम से प्रतिभागियों को न केवल निवेश की बुनियादी अवधारणाओं से परिचित कराया गया, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से जागरूक व जिम्मेदार तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सतीश कुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलित तथा सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया गया। अपने संबोधन में कुलपति डॉ शर्मा ने वित्तीय जागरूकता को आधुनिक जीवन की एक अनिवार्य आवश्यकता बताते हुए कहा कि आज के प्रति स्पर्धात्मक एवं डिजिटल युग में सफलता के लिए केवल धन अर्जित करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि धन का विवेक पूर्ण प्रबंधन, नियमित बचत, सही निवेश और वित्तीय जोखिमों की समझ भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने



किच्छा स्थित सूरजमल विश्वविद्यालय में दीप प्रज्वलित करते अतिथिगण।

विद्यार्थियों को दूरदर्शी सोच अपनाने, वित्तीय अनुशासन विकसित करने तथा अपने भविष्य के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष बल देते हुए विद्यार्थियों से छोटी उम्र से ही बचत और निवेश की सही आदतें विकसित करने का आह्वान किया। कहा कि बचत और निवेश की सही आदत विद्यार्थियों के भविष्य में आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने समझाया कि किसी भी वित्तीय निर्णय को केवल तात्कालिक लाभ के आधार पर नहीं, बल्कि दीर्घकालिक लक्ष्यों, उपलब्ध जानकारी और संभावित जोखिमों को ध्यान में रखकर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का दायित्व केवल किताबी ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की वास्तविक चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यावहारिक ज्ञान, सही दृष्टिकोण और आवश्यक कौशल से सुसज्जित करना भी है। ज्ञात हो कि विश्व निवेशक सप्ताह अंतरराष्ट्रीय प्रतिभूति आयोगों के संगठन (आई.ओ.एस.सी.) द्वारा प्रोत्साहित एक वैश्विक निवेशक शिक्षा अभियान है, इसका उद्देश्य निवेशकों को वित्तीय शिक्षा प्रदान करना, पूंजी बाजार की समझ विकसित करना तथा निवेश से जुड़े जोखिमों और संभावित धोखाधड़ी के प्रति जागरूक बनाना है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अर्थ शिक्षा फाउंडेशन तथा सेबी स्मार्ट ट्रेनर के संस्थापक एवं निदेशक डॉ० नृपेंद्र कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को वित्तीय साक्षरता के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए निवेश की मूलभूत अवधारणाओं, पूंजी बाजार की कार्यप्रणाली, व्यक्तिगत वित्तीय नियोजन, नियमित बचत तथा चक्रवृद्धि ब्याज की शक्ति को सरल और व्यवहारिक उदाहरण के माध्यम से समझाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ प्रवीण तिवारी, फार्मेसी के प्राचार्य एवं परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर डॉ विपिन कुमार अग्रवाल, कॉलेज आफ एग्रीकल्चर एंड फूड टेक्नोलॉजी के डीन प्रोफेसर डॉ सी एस बोहरा, कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के डिप्टी डीन डॉ पुलकित अग्रवाल, कॉमर्स विभाग की अध्यक्ष डॉ कमला भाकुनी, मैनेजमेंट विभाग के अध्यक्ष जसकरण सिंह, डायरेक्टर का स्टूडेंट वेलफेयर डॉ तनुज बोहरा, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हैड सचिन चौधरी, यशवंत सिंह, डॉ विभा कुशवाहा सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

संक्षेप समाचार

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में शेष सेमेस्टरों में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर तक बढ़ी

हल्द्वानी। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय ने जुलाई 2026 सत्र में पूर्व से पंजीकृत शिक्षार्थियों के लिए शेष सेमेस्टरों एवं वर्षों में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2026 तक बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय के अनुसार, प्रथम सेमेस्टर को छोड़ कर द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं षष्ठ सेमेस्टर (यथालागू) में प्रवेश लेने वाले शिक्षार्थी निर्धारित तिथि तक अपनी प्रवेश प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें। प्रथम सेमेस्टर एवं नए प्रवेश की प्रक्रिया 13 अक्टूबर को बंद हो चुकी है। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि 15 अक्टूबर के बाद प्रवेश तिथि में किसी भी प्रकार का विस्तार नहीं किया जाएगा।

सभासद निर्वाचित होने के बाद कोली ने लिया वरिष्ठ भाजपाइयों का आशीर्वाद एवं मतदाताओं का जताया आभार



किच्छा में भाजपा नेत्री लता सिंह को सम्मानित करते निर्वाचित सभासद राजकुमार कोली। -जागरण मोर्चा

किच्छा। नगर निकाय के संपन्न हुए चुनाव में वार्ड 2 आजाद नगर क्षेत्र से निर्वाचित वार्ड सभासद राजकुमार कोली ने मतदाताओं एवं वरिष्ठ भाजपाइयों के घर-घर जाकर सहयोग के लिए आभार जताया। नगर पालिका अंतर्गत आजाद नगर वार्ड नंबर 2 से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार कोली ने 655 वोट पाकर अपने प्रतिद्वंदियों को हराकर जीत दर्ज की है। निकाय चुनाव में भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल द्वारा भाजपा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वरिष्ठ भाजपाइयों को नगर पालिका एवं सभी वार्डों का प्रभारी नियुक्त किया गया था। वार्ड 2 से चुनाव प्रभारी श्रीमती लता सिंह के निवास पर पहुंचे निर्वाचित सभासद राजकुमार कोली ने भाजपा नेत्री लता सिंह के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और उन्हें मिठाई खिलाकर आभार जताया। कोली ने कहा कि भाजपा नेत्री लता सिंह द्वारा अपनी टीम के साथ उनकी जीत के लिए मतदाताओं के घर-घर जाकर उनके पक्ष में माहौल बनाने तथा मतदान की अपील की गई। कहा कि समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के चलते ही उन्होंने विपक्षियों को शिकस्त देकर जीत दर्ज की है। निर्वाचित सभासद कोली ने चुनाव में तन-मन-धन से सहयोग करने वाले वरिष्ठ भाजपाइयों तथा सहयोगी मतदाताओं के निवास पर पहुंचकर आशीर्वाद लिया और हाथ जोड़कर आभार व्यक्त करते हुए मिठाई खिलाई। उन्होंने कहा कि जिस आशा के साथ जनता ने उन्हें सभासद निर्वाचित कर सेवा करने का मौका दिया है, वह जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरकर सेवक के तौर पर वार्ड वासियों के हित में कार्य करेंगे। मौके पर तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सहकारी समिति कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का 10वां दिन, क्रमिक अनशन शुरू



सितारगंज। पैक्स सचिव, कर्मचारी संयुक्त संगठन, उत्तराखंड के बैनर तले सहकारी समिति कर्मचारियों की छः सूत्रीय जायज मांगों को लेकर चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को 10वें दिन भी जारी रही। सहकारिता रजिस्ट्रार कार्यालय, नियाँवाला, देहरादून में सैकड़ों कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि उत्तराखंड प्रदेश के सभी 13 जिलों से महिला एवं पुरुष कर्मचारी अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ इस हड़ताल में शामिल हैं। कर्मचारियों का कहना है कि कई माह से ज्ञापन देने के बावजूद विभाग द्वारा उनकी मांगों पर कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। आज हड़ताल के 10वें दिन संगठन द्वारा चौथे चरण की शुरुआत करते हुए क्रमिक अनशन शुरू किया गया। जिसमें संगठन मंत्री रवि सागर एवं प्रदेश के 13 जिलों से एक-एक कर्मचारी मनोज कुमार चौहान, सरदार सिंह नेगी, जीवन कुमार, कुन्दन सिंह, शुभम कुमार, त्रिलोक सिंह पंवार, भीम सिंह, प्रताप सिंह नेगी, प्रफुल्ल नेगी, नरेश गौड़, कैलाश मिश्रा और बृजमोहन जोशी क्रमिक अनशन पर बैठे। कर्मचारियों ने कहा कि छः सूत्रीय मांगें पूर्ण न होने के कारण विरोध स्वरूप यह कदम उठाया गया है। संगठन के प्रदेश संयोजक ने कहा कि यदि विभाग सोमवार तक कोई सकारात्मक निर्णय लेते हुए छः सूत्रीय मांगे पूरी नहीं करता है तो न केवल प्रदेश की सभी सहकारी समितियों में ताले लटके रहेंगे, बल्कि सोमवार के बाद निबंधक कार्यालय में भी ताला बंदी की जायेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि धरना-प्रदर्शन को 10 दिन होने के उपरांत भी विभाग के अधिकारियों की निष्क्रियता बेहद निराशाजनक है। विभाग कुम्भकर्णी नींद में सोया हुआ है। विभाग एवं सरकार को न तो प्रदेश के समिति कर्मचारियों की चिंता है और न ही उन समितियों से जुड़े किसानों की। आज प्रदेश भर में समितियां बंद होने से किसान बहुत प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्रदेश भर की समितियों से कम्प्यूटरीकरण, संयुक्त सह खेती, पतंजलि केन्द्र, पोल्ट्री वैली संचालित कराये जाने जैसे कार्यों को लेकर कर्मचारियों पर अत्यधिक दबाव बनाया जा रहा है, जिससे उनका जीना दुश्वार हो गया है। हड़ताल के कारण सभी योजनाएं बंद पड़ी हैं। धरना स्थल पर बसन्त सिंह, शुभम त्यागी, कुलविन्दर सिंह, दिनेश कुमार, मोहन सिंह, दलजीत सिंह, अंकित बडोला, राहुल, तपन सरकार, अनिल और मोहन सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

लोअर मॉल रोड पर व्यापार मंडल का अल्टीमेटम

जागरण मोर्चा कार्यालय

नैनीताल। नैनीताल के लोअर मॉल रोड को खोलने को लेकर मां नैना देवी नैनीताल व्यापार मंडल ने प्रशासन और विभाग को सख्त चेतावनी दी है। व्यापार मंडल अध्यक्ष पुनीत टंडन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि लोअर मॉल रोड का संघर्ष अभी जारी है और अब तारीखें असीमित रूप से नहीं बढ़ाई जाएंगी।

पुनीत टंडन ने बताया कि विभाग द्वारा उन्हें लिखित में आश्वासन दिया गया था कि लोअर मॉल रोड को 10 अक्टूबर * तक खोल दिया जाएगा। इसी लिखित आश्वासन के बाद धरने को स्थगित किया गया था। बाद में व्यापार मंडल ने गुणवत्ता के साथ

10 नवंबर तक रोड नहीं खुली तो 11 नवंबर को बड़ा आंदोलन - पुनीत टंडन

काम पूरा करने के लिए विभाग को एक माह का अतिरिक्त समय देते हुए नई डेडलाइन *10 नवंबर तय की थी।

उन्होंने कहा कि हाल ही में कैंची धाम में हुई बैठक में उच्च अधिकारी राजेश पंत द्वारा अक्टूबर के अंतिम सप्ताह तक ट्रैफिक के लिए रोड खोलने का आश्वासन दिया गया है। वहीं कमिश्नर दीपक रावत ने भी अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यह मामला नवंबर तक नहीं जाना चाहिए।

व्यापार मंडल अध्यक्ष ने साफ कहा कि यदि 10 नवंबर तक लोअर मॉल रोड को ट्रैफिक के लिए नहीं खोला गया, तो 11 नवंबर को उनके द्वारा बड़ा कदम उठाया जाएगा। इस बड़े कदम का सार्वजनिक डिक्लेरेशन और प्रशासन-विभाग को औपचारिक सूचना 1 नवंबर को दी जाएगी।

टंडन ने कहा, "नैनीताल के हित में मेरा संघर्ष जारी है, मैं कोई भी कॉम्प्रोमाइज कदापि नहीं करूंगा।"

गौरतलब है कि लोअर मॉल रोड बंद होने से नगर के व्यापारियों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नैनीताल में कानून व्यवस्था को लेकर DM सख्त, गुंडा एक्ट में 4 व्यक्ति जिला बदर

जागरण मोर्चा कार्यालय

नैनीताल। जिले में विकास कार्यों के साथ-साथ कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और अराजक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन लगातार सख्ती बरत रहा है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशन में जिले में गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में न्यायालय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन नैनीताल) विवेक राय द्वारा बनभूलपुरा निवासी शाहनवाज अंसारी उर्फ आतू को छह माह, अभिमन्यु सागर उर्फ सन्नी सागर को तीन माह, रिजवान इलियास को दो माह तथा बिंदुखत्ता निवासी विष्णु आरव को दो माह के लिए जिला बदर किया गया है। जिला बदर के अवधि



जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल।

में संबंधित आरोपितों को जनपद की सीमा से बाहर रहना होगा। आदेशों का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन विवेक राय ने बताया कि जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशन जिला प्रशासन पूरी

एक जनवरी 2026 से 8 अक्टूबर तक कुल 98 अराजक तत्वों के खिलाफ की गई जिला बदर की कार्यवाही

मुस्तैदी से कार्य कर रहा है ताकि जिले में कानून व्यवस्था का राज कायम रहे इसको लेकर समय-समय पर अराजक तत्व ऑन के खिलाफ एक्शन लेना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था के साथ जो खिलवाड़ करेगा उसे किसी भी रूप में बख्शा नहीं जाएगा।

समृद्ध किसान, सशक्त उत्तराखण्ड अभियान के तहत हल्द्वानी पहुँचा कृषक रथ

जागरण मोर्चा कार्यालय

हल्द्वानी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संचालित 'समृद्ध किसान, सशक्त उत्तराखण्ड' कार्यक्रम के तहत विभिन्न जनपदों में भ्रमण कर रहा कृषक रथ रविवार को हल्द्वानी पहुँचा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बंशीधर भगत ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बंशीधर भगत ने किसानों से प्राकृतिक एवं रसायनमुक्त खेती को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से भूमि की उर्वरता बनाए रखने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने किसानों से अपनी फार्मर रजिस्ट्री कराने तथा मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज होने की पुष्टि करने की अपील की। कार्यक्रम में कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि बंशीधर भगत ने कृषक रथ को हरी झंडी दिखाकर देहरादून के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में विधायक बंशीधर भगत, जिला विकास अधिकारी संतोष पंत, मुख्य कृषि अधिकारी संतोषी, खण्ड विकास अधिकारी तनवीर असगर, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. कंचन नैनवाल, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अरविंद हयांकी, कृषि रक्षा अधिकारी रितु टम्टा, कृषि एवम् भूमिसंरक्षण अधिकारी डॉ. गीतांजलि बंगारी, हिमांशु जोशी, सहायक निदेशक मत्स्य रजनी, प्रगतिशील किसान नरेंद्र मेहरा, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ.सुधा जुकारिया, आईएफएफओ के प्रबंधक दीपक आर्या, जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रताप सिंह बोहरा, मंडल अध्यक्ष संदीप सनवाल, जीएस मेहरा आदि थे।

होनहार भरत का हुआ जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन

जागरण मोर्चा कार्यालय



भरत। -जागरण मोर्चा

- **सरस्वती शिशु मंदिर के कक्षा 6 के छात्र ने किया विद्यालय का नाम रोशन, सांस्कृतिक प्रश्नमंच में भी जीती प्रांतीय प्रतियोगिता**

सितारगंज। सरस्वती शिशु मंदिर, सितारगंज के कक्षा 6 के छात्र भरत ने जवाहर नवोदय विद्यालय, रुद्रपुर में चयनित होकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। कड़ी मेहनत और लगन से भरत ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय व नगर का नाम रोशन किया है। भरत की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। भरत ने बताया कि वह नियमित रूप से पढ़ाई करता रहा और शिक्षकों के मार्गदर्शन में परीक्षा की तैयारी की। उनके अनुसार अनुशासन व समय का सदुपयोग ही सफलता की कुंजी है। भरत के पिता का कुछ वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। पिता के असमय निधन के बाद भरत को उनके दादा-दादी ने स्नेह व मेहनत से पाला-पोसा है। दादा जी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हैं, जो भरत को सदैव पढ़ाई के लिए प्रेरित करते रहे हैं। दादी घर की जिम्मेदारी संभालते हुए भरत की शिक्षा में पूरा सहयोग कर रही हैं। भरत की बड़ी बहन भी वर्तमान में जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत है। बहन को देखकर ही भरत ने भी नवोदय में जाने का सपना देखा था, जिसे आज उसने साकार कर दिखाया केवल शैक्षणिक क्षेत्र में ही नहीं, भरत ने सांस्कृतिक गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हाल ही में आयोजित प्रांतीय सांस्कृतिक प्रश्नमंच प्रतियोगिता में भरत ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रांतीय स्तर पर विजय प्राप्त की। इस जीत के बाद भरत का चयन क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रश्नमंच प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है। शिक्षकों का कहना है कि भरत मेधावी छात्र है। शांत स्वभाव, लगनशील और जिज्ञासु भरत कक्षा में हमेशा अव्वल रहता है। प्रश्नमंच में उसके सामान्य ज्ञान और तर्कशक्ति की सभी ने सराहना की। भरत के चाचा व्याख्याता हैं, जो उसे परीक्षाओं हेतु मार्गदर्शन देते रहे हैं। परिवार के सहयोग और स्वयं की मेहनत से भरत ने यह मुकाम हासिल किया है। सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य देव सिंह बिष्ट ने बताया कि भरत विद्यालय के लिए गौरव है। उसका चयन नवोदय में होना अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा है। विद्यालय प्रबंधन ने भरत की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है। प्रार्थना सभा में भरत को सम्मानित कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। भरत की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बधाई दी है। विद्यालय के अध्यक्ष नरेश कंसल ने कहा कि संसाधनों की कमी के बावजूद भरत ने सफलता हासिल की है। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता शिवपाल सिंह चौहान ने भरत को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। भाजपा नेता पवन वडसीबाल ने भी भरत को बधाई देते हुए कहा कि प्रतिभा की कमी नहीं है, बस उन्हें सही अवसर और मार्गदर्शन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भरत जैसी प्रतिभाएँ क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी। दादा-दादी ने कहा कि भरत आगे चलकर देश का नाम रोशन करेगा। पूरे विद्यालय परिवार ने मिठाई बाँटकर खुशी मनाई। भरत ने कहा कि वह आगे चलकर शिक्षक बनकर समाज की सेवा करना चाहता है

सितारगंज में दो अलग-अलग सड़क हादसों में युवक और महिला की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

सितारगंज। कोतवाली क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक और एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि ढाई वर्ष की बालिका समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लगातार हुए इन हादसों से क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पहला हादसा मंगलवार रात बिजटी मार्ग पर हुआ। एसएसआई जावेद मलिक ने बताया कि ग्राम करघटिया निवासी 23 वर्षीय गौरव राणा पुत्र सरवन सिंह अपनी पत्नी और ढाई वर्षीय बालिका के साथ बाइक से जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में गौरव राणा गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे उप जिला चिकित्सालय सितारगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में गौरव की ढाई वर्षीय मासूम बालिका भी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे सितारगंज के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं उसकी पत्नी को मामूली चोटें आई हैं। दूसरी बाइक पर सवार वार्ड नंबर तीन इस्लामनगर निवासी फईम पुत्र शेर मोहम्मद भी इस हादसे में घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। वहीं दूसरा हादसा बुधवार सुबह शक्तिफार्म क्षेत्र में हुआ। शक्तिफार्म के ग्राम जयनगर निवासी 44 वर्षीय नमिता मंडल पत्नी सोनू मंडल बाइक से थारूतिसौर की ओर जा रही थीं। बताया जा रहा है कि अचानक बाइक असंतुलित होने से वह सड़क पर गिर गईं और उसी दौरान पीछे से आ रही ईंटों से लदी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गईं। हादसे में नमिता मंडल गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर मौजूद तुर्कातिसौर निवासी सुखदेव सिंह ने मानवता दिखाते हुए उन्हें अपने वाहन से तुरंत उप जिला चिकित्सालय सितारगंज पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइकों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मृतकों के परिजनों की तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

सहयोग मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मुकाबले में 2-0 से दर्ज की शानदार जीत

नेपाल में 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल का विजय अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय



सितारगंज। भारत-नेपाल सीमा पर आपसी सौहार्द, विश्वास, सहयोग और समन्वय को सुदृढ़ करने की दिशा में 57 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सितारगंज द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। इसी क्रम में आज नेपाल के कंचनपुर जिले के भीमदत्त क्षेत्र स्थित जिमुवा के रिउगुना खेल मैदान में सशस्त्र सीमा बल तथा नेपाल सशस्त्र प्रहरी बल की 35 वीं वाहिनी के मध्य मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मुकाबले का आयोजन किया गया। इस मुकाबले में 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की टीम ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए नेपाल सशस्त्र प्रहरी बल की टीम को लगातार दो अंकों के अंतर वाले खेलों में पराजित कर 2-0 से शानदार विजय प्राप्त की। इस मैत्रीपूर्ण मुकाबले में दोनों सुरक्षा बलों के अधिकारियों एवं जवानों ने पूरे उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ भाग लिया। मैदान में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन, धैर्य, आपसी तालमेल तथा प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का परिचय दिया। मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी। दोनों पक्षों के बीच खेल के प्रति उत्साह और पारस्परिक सम्मान का वातावरण बना रहा। अंततः 57 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की टीम ने बेहतर तालमेल, प्रभावी खेल रणनीति और शानदार प्रदर्शन के बल पर विजय हासिल की। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य भारत और नेपाल के सुरक्षा बलों के मध्य लंबे समय से चले आ रहे मैत्रीपूर्ण संबंधों को और अधिक मजबूत करना तथा आपसी विश्वास, सहयोग एवं समन्वय को नई दिशा प्रदान करना था। भारत और नेपाल के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंध रहे हैं। दोनों देशों की साझा सीमा पर शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने में दोनों सुरक्षा बलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से दोनों बलों के कार्मिकों को एक-दूसरे के साथ संवाद स्थापित करने, विचारों का आदान-प्रदान करने तथा आपसी समझ को बढ़ाने का अवसर मिलता है। 57 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सितारगंज द्वारा आयोजित इस मुकाबले ने यह संदेश दिया कि खेल केवल शारीरिक दक्षता और प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से आपसी विश्वास, अनुशासन, एकता और भाईचारे की भावना को भी मजबूत किया जा सकता है। खेल के मैदान में दोनों सुरक्षा बलों के कार्मिकों की सहभागिता ने मैत्रीपूर्ण वातावरण को और अधिक प्रगाढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस प्रकार के मैत्रीपूर्ण खेल आयोजनों से सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होता है। साथ ही, एक-दूसरे की कार्यप्रणाली को समझने, पारस्परिक सहयोग बढ़ाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने में भी सहायता मिलती है। आपसी संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने वाली ऐसी पहलें सीमा प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने के साथ-साथ दोनों देशों के बीच जनस्तर पर भी सकारात्मक संदेश पहुँचाती हैं।

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com





कार्यवाहक शिक्षक से यूओयू का प्रभार हटाने की मांग, प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खटीमा में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के समन्वयक पद से डॉ. बृजेश सिंह को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग उठी है। इस संबंध में छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाया कि डॉ. बृजेश सिंह पूर्व में महाविद्यालय में खेलकूद प्रभारी के रूप में कार्यरत रहते हुए वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोपों से घिरे रहे हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि उक्त मामले की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। इसके बावजूद उन्हें उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय जैसे महत्वपूर्ण वित्तीय प्रभार की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। छात्र-छात्राओं ने कहा कि जिन शिक्षक पर पहले से वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगे हों, उन्हें जांच पूरी होने और स्थिति स्पष्ट होने तक वित्त से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्व नहीं दिए जाने चाहिए। उन्होंने मांग की कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय का प्रभार महाविद्यालय के किसी अन्य नियमित शिक्षक को नियमानुसार सौंपा जाए। ज्ञापन के माध्यम से विद्यार्थियों ने खेलकूद प्रभारी के रूप में डॉ. बृजेश सिंह के कार्यकाल की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की भी मांग की। उन्होंने प्राचार्य से पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार तत्काल कार्रवाई करने का अनुरोध किया। साथ ही चेतावनी दी कि मांगों पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में छात्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी महाविद्यालय एवं शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में युवराज प्रताप सिंह, छात्रा उपाध्यक्ष शिखा राणा, सचिव राजीव जोशी, सुमित, अर्जुन, अरशद अंसारी, अयान पार्की, विनय मौजूद थे।

एसआईआर में तीन लोगों के नाम हटाने पर यूकेडी ने उठाए सवाल

एसडीएम को ज्ञापन भेज विशेष कैंप लगाकर सुनवाई कराने और नाम दोबारा जोड़ने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते उक्रांद के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

खटीमा। ग्राम महोलिया के तीन लोगों के नाम एसआईआर के तहत मतदाता सूची से हटाए जाने का मामला सामने आया है। उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी खटीमा को ज्ञापन के माध्यम से मामले में हस्तक्षेप कर नामों को दोबारा मतदाता सूची में शामिल करने की मांग की गई है। ज्ञापन के अनुसार, ग्राम महोलिया के अनुभाग संख्या-1, भूड़ महोलिया आंशिक में जानकी देवी पत्नी चंदर सिंह बिष्ट, दीपक सिंह ऐरी पुत्र बिशन सिंह ऐरी और कुलवीर सिंह पुत्र विष्णु सिंह के नाम बिना नोटिस और सुनवाई के मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि तीनों व्यक्ति जीवित हैं और लंबे समय से गांव में अपने परिवार के साथ निवास कर रहे हैं। वे पूर्व में चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग भी करते रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि प्रशासन विशेष कैंप लगाकर मामले की सुनवाई करे और संबंधित लोगों को अपना पक्ष रखने का अवसर दे। साथ ही आवश्यक जांच के बाद उनके नाम मतदाता सूची में दोबारा शामिल करने की कार्रवाई की जाए, ताकि उनका मताधिकार सुरक्षित रह सके। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित लोगों के नाम देश के किसी अन्य राज्य की मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं। ज्ञापन में शिव शंकर भाटिया, दीपक सिंह ऐरी, जानकी देवी के नाम मौजूद है।

संक्षेप समाचार

बाढ़ प्रभावित 210 परिवारों को सौपी राहत किटें



बाढ़ पीड़ितों को राहत किट देते विधायक। –जागरण मोर्चा

धौरहरा खीरी। मंगलवार में विधायक व तहसीलदार ने बाढ बारिश व तेज आधी तूफान से प्रभावित पीड़ित परिवारों को शासन द्वारा प्रदत्त सहायता सामग्री 210 (राहत किटों)का वितरण किया गया हालांकि इस दौरान तहसील प्रशासन के अन्य अफसर मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक तहसील क्षेत्र के कुछ हिस्सों में आई बाढ व बाद में भयानक चक्रवात के कारण बारिश/हवाओं के तेज थपेड़ो से लगभग आम आदमी का काफी नुकसान हुआ जिसका तहसील प्रशासन ने सर्वे भी कराया था इसी क्रम में बाढ व आपदा में अपना सब कुछ गंवा चुके क्षेत्र के ग्राम पकरिया पुरवा मजरा नारीबेहढ के 210 ग्रामीणों को विधायक विनोद शंकर व तहसीलदार आदित्य ने पीड़ित परिवारों को राहत किट देकर आंसू पोंछने का कार्य किया। सूत्रों के मुताबिक राहत किट में प्लास्टिक बाल्टी, तिरपाल,लाई,आलू सहित घरेलू उपयोग की सामग्री होती है।

सिसैया चौराहे पर सक्रिय जे एम डी आटो समिति



ऑटो चालकों से पैसे वसूलते समिति के कर्मचारी। –जागरण मोर्चा

धौरहरा खीरी। तहसील क्षेत्र के सिसैया चौराहे पर एक आटो यूनियन द्वारा काफी समय से आटो चालकों से खुलेआम 500 रुपए प्रति वाहन वसूलने की जनचर्चा जोर शोर से चल रही जबकि वर्तमान शासन द्वारा काफी समय पूर्व प्रदेश भर में टैक्सी कैब सहित अन्य प्रकार के ठेका व टेंडर निरस्त हो चुकें हैं। जानकारी के अनुसार काफी समय से तहसील क्षेत्र के सिसैया चौराहे पर अवैध रूप से सक्रिय जे एम डी सिसैया आटो चालक सेवा समिति रजिस्ट्रेशन नंबर L K H/00/163/2026-27 के पदाधिकारियों द्वारा सड़कों पर चल रहे वाहनों से प्रति वाहन 500 रुपए वसूलने की जनचर्चा हवा में तैर रही है।सूत्रों के मुताबिक उत्तर प्रदेश शासन द्वारा काफी समय पहले प्रदेश भर में मौजूद टैक्सी कैब सहित अन्य प्रकार के ठेका व टेंडर पहले ही निरस्त किए जा चुके हैं। जबकि सिसैया चौराहे पर सक्रिय आटो सेवा समिति द्वारा खुलेआम प्रति वाहन से 500 रुपए वसूलने के मामले सामने आ रहे हैं। इस मामले में जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि आटो यूनियन द्वारा आटो चालकों से धन उगाही होने के चलते हम इस मामले में जांच कराके दोषियों पर कार्यवाही करेंगे।

चारा लेने गए युवक की घाघी नाले में डूब कर मौत



निघासन - खीरी। स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम मदनापुर फार्म निवासी एक युवक की घाघी नाले में डूबकर मौत हो गई , युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है ।एसडीएम निघासन यदुवीर सिंह के निर्देश पर लेखपाल अविशेष श्रीवास्तव ने मौका मुआयना किया और आवश्यक कार्रवाई के लिए रिपोर्ट तहसील प्रशासन को अग्रसारित कर दी है ।जानकारी के अनुसार राजविंदर सिंह 28 वर्ष पुत्र निर्मल सिंह निवासी मदनापुर फॉर्म जानवरों के लिए चारा लेने गया था जहां पैर फिसलने की वजह से वह गहरे पानी में चला गया और उसी नाले में डूबकर उसकी मौत हो गई । लेखपाल अविशेष श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक के पोस्टमार्टम के लिए परिजनों को अवगत करा दिया गया है , घटना आज सुबह 11:30 बजे की बताई जाती है । इस हृदय विदारक घटना की वजह से परिजनों में मातम पसरा हुआ है।

दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों के लिए 15 अक्टूबर को चिह्नीकरण शिविर दियूरी में

खटीमा। विकासखंड के अंतर्गत 15 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डियूरी में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए चिह्नीकरण शिविर आयोजित किया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गांधी ने जनप्रतिनिधियों से अपील की गई है कि वे अपने क्षेत्र के पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को शिविर की जानकारी देकर योजना का लाभ दिलाने में सहयोग करें।

राजपाट छोड़ श्रीराम गए 14 बरस के वनवास में, किन्नर समाज सम्मानित

खटीमा। सनातन श्री रामलीला पात्र परिषद द्वारा मनचित श्री राम की लीला का शुभारंभ गणेश पूजा से हुआ। इस दौरान श्रीराम के राज्याभिषेक की घोषणा, मंथरा-कैकई संवाद, दशरथ-कैकई संवाद और श्रीराम वनवास के प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। राज पाठ छोड़कर श्रीराम के वनगमन के मार्मिक दृश्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की इस लीला में परिषद की ओर से किन्नर समाज की काजल और पेप्सी को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ व्यवसायी वरुण अग्रवाल ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्शों को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में श्री राम के आदर्शों के अनुकरण से समाज मैं भाईचारे तथा मानव कल्याण की सोच सरकार हो सकती है । उन्होंने किन्नर समुदाय को समाज का अभिन्न अंग बताया। उन्हें सम्मानित करना सामाजिक एकता, सद्भाव और भाईचारे का संदेश है। कार्यक्रम में संरक्षक रमेश चंद्र सिंघल, अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, सचिव इंद्रेश कुमार, कोषाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, डायरेक्टर वीरेंद्र रावत, मीडिया प्रभारी मनोज वाधवा सहित प्रमोद सक्सेना, रविंद्र श्रीवास्तव, सौरभ अग्रवाल और आशु जोशी आदि मौजूद रहे।

बीईओ आशीष कुमार पाण्डेय को दी भावभीनी विदाई नये बीईओ राकेश कुमार का हुआ स्वागत-सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय



बीईओ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते अध्यापक व अतिथि। –जागरण मोर्चा

धौरहरा खीरी। बीते दिनों बेसिक शिक्षा विभाग खीरी द्वारा जिले में तैनात खण्ड शिक्षा अधिकारियों का स्थानांतरण किया था इसी कडी में बुधवार को ब्लाक संसाधन केंद्र धौरहरा पर पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय के विदाई समारोह एवं नवागत बीईओ राकेश कुमार के स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों और शिक्षकों ने सहभागिता करते हुए दोनों अधिकारियों का सम्मान किया। एक ओर आशीष कुमार पाण्डेय को विदाई दी गई तो वहीं दूसरी ओर राकेश कुमार का स्वागत कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं। समारोह में शिक्षक संघ के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा और मंत्री अपनेश चंद्र वर्मा सहित उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष युवराज शर्मा एवं मंत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रामकिशोर शुक्ला ने किया। इस दौरान उपाध्यक्ष सोनी सिन्हा, राजेश तिवारी, मुनीश, संत कुमार, जुबेर, रामलखन व रजोले प्रसाद सहित दर्जनों शिक्षकों की उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक संघ के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने दोनों अधिकारियों के प्रति अपने विचार व्यक्त किए। आशीष कुमार पाण्डेय को उनके कार्यकाल के लिए सम्मानित करते हुए विदाई दी गई। वहीं राकेश कुमार का स्वागत-सम्मान कर शिक्षकों ने उनके साथ बेहतर समन्वय और सहयोग की उम्मीद जताई। समारोह में शिक्षकों के आपसी सहयोग,संगठन की भूमिका और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मिलकर कार्य करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

संत रामपाल जी महाराज की अन्नपूर्णा मुहिम से जरूरतमंद परिवार को मिल रहा सहारा

- पति की मौत और बेटे की बीमारी से आर्थिक संकट में घिरी कमला देवी के परिवार को हर माह दी जा रही सहायता

जागरण मोर्चा कार्यालय



जरूरतमंद परिवार को संत रामपाल जी महाराज की अन्नपूर्णा मुहिम में दिए जाने वाली सामग्री। –जागरण मोर्चा

खटीमा। फुलैया गांव में आर्थिक तंगी और बीमारी से जूझ रहे एक परिवार के लिए संत रामपाल जी महाराज की अन्नपूर्णा मुहिम सहारा बनी है। इस मुहिम के तहत कमला देवी और उनके बीमार बेटे प्रवीण सिंह के परिवार को हर माह जरूरत के अनुसार राशन, दवाइयां और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, कमला देवी के पति का करीब एक दशक पहले निधन हो गया था। उनका बेटा प्रवीण सिंह भी पिछले कुछ वर्षों से दिमागी बीमारी से पीड़ित है, जिसके कारण वह रोजगार करने में असमर्थ है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने और कमला देवी को भी चलने-फिरने में परेशानी होने के चलते दोनों के सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है। अन्नपूर्णा मुहिम के तहत परिवार को राशन सामग्री के साथ बिजली-पानी के बिल, गैस सिलेंडर, दवाइयां और अन्य जरूरी सामान उपलब्ध कराया जा रहा है। मुहिम से जुड़े लोगों के अनुसार, परिवार को चौथे माह की सहायता भी प्रदान की गई है। मुहिम का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को भोजन, चिकित्सा और अन्य बुनियादी आवश्यकताओं में सहयोग देना है। इस सहायता से आर्थिक संकट से जूझ रहे परिवार को राहत मिल रही है।

राज्य विज्ञान सेमिनार में खटीमा की लक्ष्मी भट्ट ने हासिल किया तीसरा स्थान

जागरण मोर्चा कार्यालय



लक्ष्मी भट्ट। –जागरण मोर्चा

खटीमा। उत्तराखंड राज्य विज्ञान सेमिनार-2026 में खटीमा की छात्रा लक्ष्मी भट्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। सराफ पब्लिक स्कूल की छात्रा लक्ष्मी ने 'भारतीय ऊर्जा परिदृश्य 2047: संभावनाएं एवं चुनौतियां' विषय पर अपनी प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया। राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन एससीईआरटी, देहरादून में किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित बाल वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया। सेमिनार में ऊधम सिंह नगर जिले की ओर से खटीमा स्थित सराफ पब्लिक स्कूल की लक्ष्मी भट्ट और सरस्वती पब्लिक स्कूल, छिनकी की कीर्ति बिष्ट ने टीम लीडर बबीता सिंह के मार्गदर्शन में प्रतिभाग किया। दोनों छात्राओं ने भारत की भावी ऊर्जा जरूरतों, उपलब्ध संसाधनों और उनसे जुड़ी चुनौतियों पर वैज्ञानिक एवं तार्किक दृष्टिकोण से अपने विचार प्रस्तुत किए। लक्ष्मी भट्ट ने अपनी प्रस्तुति में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जलविद्युत और जैव ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वच्छ, सुरक्षित, किफायती और टिकाऊ ऊर्जा व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता बताई। साथ ही ऊर्जा संरक्षण, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। वहीं, कीर्ति बिष्ट ने बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकीकरण और आर्थिक विकास के चलते ऊर्जा की बढ़ती मांग तथा जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता से उत्पन्न चुनौतियों को प्रस्तुत किया। उन्होंने ऊर्जा सुरक्षा, कार्बन उत्सर्जन में कमी और ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। खटीमा विकासखंड के विज्ञान समन्वयक निर्मल कुमार न्योलिया ने कहा कि राज्य स्तरीय मंच पर दोनों छात्राओं ने ऊर्जा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चिंतन, तार्किक क्षमता और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लक्ष्मी की उपलब्धि को जिले के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। उनके अनुसार, विज्ञान सेमिनार में जिले का यह अब तक का शानदार प्रदर्शन रहा है। लक्ष्मी भट्ट की उपलब्धि पर खटीमा विधायक भुवन चंद्र कापड़ी, खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप, सराफ पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अजय बंसल, सरस्वती पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या विमला खनका और जिला विज्ञान समन्वयक विनीता जगदीश चौधरी ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने छात्राओं और उनके मार्गदर्शकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राज्य स्तरीय विज्ञान सेमिनार में लक्ष्मी का तृतीय स्थान प्राप्त करना जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उनकी सफलता विद्यार्थियों को वैज्ञानिक विषयों के अध्ययन, नवाचार और सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

फीडिंग पूरी, फिर भी फसल मुआवजे का इंतजार; किसानों में आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

निघासन। बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान के बाद मुआवजे की आस लगाए बैठे किसानों का इंतजार लंबा होता जा रहा है। नुकसान के आकलन के बाद तहसील प्रशासन ने फीडिंग का काम लगभग पूरा कर लिया है, लेकिन इसके बावजूद किसानों के खाते में मुआवजे की रकम नहीं पहुंची है। इससे किसानों में नाराजगी बढ़ने लगी है।किसानों के मुताबिक, बाढ़ के पानी ने गन्ना, केला और धान की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। कई खेतों में फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है, जबकि कुछ खेतों में अब भी पानी भरा होने से फसलें जलमग्न हैं। किसानों का कहना है कि उन्होंने करीब एक माह पहले ही मुआवजे के लिए तहसील में जरूरी दस्तावेज जमा कर दिए थे। इसके बाद भी उन्हें आर्थिक सहायता का इंतजार करना पड़ रहा है।निघासन क्षेत्र के करीब 33 गांवों में बाढ़ से किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं। इनमें लुधौरी, बेलहा, बरोठा, लालबोझी और मदनापुर समेत दर्जनों गांवों के किसान मुआवजे की उम्मीद लगाए बैठे हैं। फसलें बर्बाद होने से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में मुआवजा मिलने में हो रही देरी उनकी परेशानी और बढ़ा रही है।किसानों का कहना है कि फसलों के नुकसान का आकलन और अभिलेखों की फीडिंग लगभग पूरी होने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ है।इस बाबत लेखपाल संघ के अध्यक्ष ज्योति प्रकाश वर्मा ने बताया कि फसल मुआवजे से संबंधित फीडिंग का काम लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही किसानों को मुआवजे का लाभ मिलने की उम्मीद है।

धान लेकर मंडी पहुंचे किसानों के धान की नमी मापकर उन्हें मिलो में रखवाने की व्यवस्था में जुटे एसएमआई व राईस मिलर

जागरण मोर्चा कार्यालय

खटीमा। धान के इस सीजन में किसानों के धान की खरीद संबंधी उचित पॉलिसी तय नहीं होने से किसान अपनी मेहनत से अर्जित धान की फसल की बिक्री को लेकर मारा- मारा फिर रहा है। कहने को तो क्षेत्र में 105 धान क्रय केंद्र खोले गए हैं, लेकिन इन केंद्रों को मिल आवंटित न होने, लिमिट तय न होने से खरीद का खाता तक नहीं खुल सका है। फिलहाल आरएफसी के मंडी में चल रहे तीन क्रय केन्द्रों में से एक क्रय केंद्र में बीते रोज 44 क्विंटल 80 किलो धान खरीदा गया है। इसके अतिरिक्त आज मंडी परिसर में पहुंचे किसानों की धान लदी ट्रालियां आईएफसी एवं राइस मिलरों ने आपसी सामंजस से आगे की कार्रवाई तक राइस मिलों में व्यवस्थित कराई गई हैं। इधर जरूरतमंद किसान अपनी दे बेशकीमती फसल को मजबूरन औने - पौने दाम में खुले बाजार में बिक्रीकर अपनी ज़रूरतें पूरी कर रहे हैं। फिलहाल मंडी परिसर में आज कुछ राईस मिलरों व किसानों के बीच इस वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नमी को लेकर गरमा गरमी का माहौल रहा। मंडी परिसर में पहुंची लगभग 25 से अधिक ट्रालियां नमी नापने के बाद राईस मिलों में भेजी गई। इस बार कच्चा आढ़त के माध्यम से धान खरीद के आसार बनते नहीं दिखाई दे रहे हैं। राईस मिलर पोर्टल न खुलने एवं बैंक गारंटी की कार्रवाई पूरी नहीं होने की बात करते हैं। वहीं धान क्रय केन्द्र संचालक अभी मिलों का आवंटन न होने तथा खरीद संबंधी लिमिट न मिलने की बात कर रहे हैं। मंडी परिसर में पहुंची किसानों की धान की लदी ट्रालियों की व्यवस्था में जुटे राइस मिलर एवं आरएफसी के अधिकारी कर्मचारी धान खरीद के संबंध में कुछ बताने से कतरा रहे हैं।

गुहार मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर 20 हजार रुपये मासिक पेंशन समेत अन्य सुविधाएं देने की मांग

राज्य निर्माण सेनानियों ने उठाईं पांच सूत्रीय मांगें

जागरण मोर्चा कार्यालय



पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन तहसीलदार को देते उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी। –जागरण मोर्चा

खटीमा। उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी परिषद ने राज्य निर्माण सेनानियों की पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। उपजिलाधिकारी खटीमा के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में परिषद ने पूर्व में मांगें पूरी किए जाने पर सरकार का आभार जताते हुए शेष मांगों पर जल्द कार्रवाई की अपील की है। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया ने ज्ञापन में मांग की कि राज्य निर्माण सेनानियों को आपातकाल में जेल गए लोकतंत्र सेनानियों की तर्ज पर 20 हजार रुपये मासिक पेंशन दी जाए। साथ ही 'राज्य आंदोलनकारी' शब्द के स्थान पर 'उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी' नाम निर्धारित करने की मांग उठाई गई। ज्ञापन में राज्य निर्माण सेनानियों को सरकारी गेस्ट हाउसों तथा कुमाऊं और गढ़वाल मंडल विकास निगम के अतिथि गृहों में रियायती दरों पर ठहरने की सुविधा देने की मांग भी शामिल है। इसके अलावा विद्युत कर, गृह कर, जल कर और टोल टैक्स में पूर्ण छूट देने की मांग की गई है। परिषद ने तहसील स्तर से चिह्नित होने से वंचित रह गए राज्य निर्माण सेनानियों का जल्द चिह्नीकरण कर परिचय पत्र जारी करने की मांग भी उठाई। प्रदेश अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि सरकार इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेकर राज्य निर्माण सेनानियों को राहत प्रदान करेगी। ज्ञापन में सुभाष सिंह, अली अहमद आढ़ती, आदेश भटनागर, मो. बदर सिद्दीकी, जीवन चन्द्र भट्ट, होशियार सिंह जेठी, दुर्गा सिंह सामंत, राजकपूर, देवेंद्र भट्ट, दीपा, ममता, मीना के नाम मौजूद हैं।

जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily@gmail.com





पीलीभीत

11

लखनऊ, गुरुवार, 15 अक्टूबर 2026

ऑपरेशन के बाद भी महिला की हालत में सुधार न होने पर भड़के परिजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। प्रसव के दौरान कथित रूप से रुपये लेने और दवाओं के नाम पर हजारों रुपये खर्च कराने का मामला सामने आया है। ऑपरेशन के बाद भी महिला की हालत में सुधार नहीं हुआ, इस पर परिवार ने नाराजगी जताकर हंगामा कर आरोप लगाए। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव भैंसासुर निवासी पूनम को करीब 20 दिन पहले प्रसव पीड़ा हुई थी। इसके बाद परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां उसे भर्ती कराया गया। परिवार के लोगों को उम्मीद थी कि अस्पताल में उचित उपचार मिलने के बाद प्रसव सुरक्षित तरीके से हो जाएगा। परिजनों के मुताबिक भर्ती होने के करीब दस दिन बाद ऑपरेशन के जरिए पूनम का प्रसव कराया गया। इस दौरान उसने एक बच्ची को जन्म दिया। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के दौरान इलाज और ऑपरेशन के नाम पर उनसे रुपये लिए गए। आरोप हो कि करीब 15 हजार रुपये की दवाएं बाहर से मंगवाई गईं। परिवार के लोगों का कहना है कि ऑपरेशन के बाद भी पूनम की हालत में सुधार नहीं हुआ। महिला की तबीयत को लेकर परिजन पहले से ही चिंतित थे। इसी बीच इलाज के दौरान हुए खर्च और बाहर से दवाएं मंगवाए जाने को लेकर उनकी नाराजगी बढ़ती चली गई। परिजनों ने उपचार के तरीके और कथित रूप से रुपये लिए जाने पर सवाल उठाए,परिवार के लोगों ने अस्पताल में अपनी नाराजगी जाहिर की। बुधवार को परिजन अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने कथित वसूली और उपचार को लेकर विरोध जताया। परिजनों के हंगामे के बाद मामला चर्चा में आ गया। परिवार के लोगों ने इलाज के नाम पर रुपये लिए जाने के आरोपों की जांच कराने की मांग उठाई। सीएचसी अधीक्षक मनीष राज ने बताया कि उन्हें इस प्रकरण की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मजदूरी करने गए युवक की तीन मंजिला इमारत से गिरकर मौत

गुजरात में हुआ दर्दनाक हादसा, परिवार में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय



पूरनपुर। गुजरात में मजदूरी करने गए एक युवक अचानक तीन मंजिला इमारत से नीचे गिर गया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव मोहब्बतपुर निवासी सोनपाल पुत्र पूरन सिंह (25) गुजरात में महेनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। कुछ माह पहले वह रोजी-रोटी कमाने के लिए गुजरात में मजदूरी करने गया था। वहां वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। बताया जा रहा है कि मंगलवार को वह तीन मंजिला इमारत पर काम कर रहा था। इसी दौरान युवक तीन मंजिला इमारत से अचानक नीचे गिर गया। ऊंचाई से गिरने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। युवक की मौत की सूचना जैसे ही उसके परिजनों को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर गुजरात पुलिस मौके पर पहुंची,पुलिस ने पूछताछ करने के बाद शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

इधर मृतक के परिजन शव को लेने के लिए गुजरात रवाना हो गए। परिवार के लोग युवक के शव के गांव पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी स्वाती और दो छोटे वेटे छोड गया। परिवार का भरण कैसे होगा इसको लेकर पत्नी और बच्चो का रो रो कर वुराहाल है। जिस युवक से परिवार को आर्थिक सहारे की उम्मीद थी, उसकी अचानक मौत से परिजन सदमे में हैं। घर में मातम छा गया और परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के भाई राम किशोर ने वताया कि परिवार के लोग भाई का शव लेकर आ रहे है।

बैंक गेट से विद्यालय अकाउंटेंट की बाइक चोरी, एक और ग्रामीण की बाइक हुई चोरी

बीसलपुर। क्षेत्र में बाइक चोरों के हौसले बुलंद हैं, नगर के पीलीभीत मार्ग स्थित स्टेट बैंक शाखा के गेट से चोर विद्यालय अकाउंटेंट की बइक चोरी कर ले गए। इसके अलावा एक और ग्रामीण की बाइक चुरा ले गए। नगर के एसआर एल पब्लिक स्कूल के अकाउंटेंट चमन कुमार बुधवार दोपहर करीब 3:00 बजे विद्यालय का कैश जमा करने पीलीभीत मार्ग स्थित स्टेट बैंक शाखा गए थे। उन्होंने अपनी बाइक बैंक गेट के बाहर खड़ी की थी, लेकिन जब वह पैसे जमा कर बाहर लौटे तो बाइक गायब थी। उन्होंने तुरंत प्रबंधक डॉ. राजेश गंगवार को सूचना दी और कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने बैंक पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बढ़ैरा निवासी विमलेश कुमार का मकरंदापुर में मकान है, जिसके बाहर उनकी काले रंग की सीडी डीलक्स बाइक (यूपी 26 के 3643) खड़ी थी। अज्ञात चोर उसे चुराकर ले गए।

ग्रामीणों को दी गई कानूनी अधिकारों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां

जागरण मोर्चा कार्यालय



बीसलपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पीलीभीत के तत्वाधान में बुधवार को ग्राम पंचायत दियोरिया कलां में आयोजित हुए विधिक साक्षरता शिविर में ग्रामीणों को कानूनी जानकारियां दी गई।शिविर में ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा मध्यस्थता एवं लोक अदालत के विशेष संदर्भ में एडीआर तंत्र के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने वैवाहिक विवादों को मुकदमे से पूर्व स्तर पर ही सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने के उपायों पर प्रकाश डाला। साथ ही, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, साइबर अपराध, 'डिजिटल अरेस्ट' के खतरों से बचाव एवं महिलाओं के अधिकारों के प्रति सजग किया गया। इस अवसर पर पराविधिक स्वयंसेवक पीएलबी सूरज प्रकाश शर्मा एवं संदीप कुमार, उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल अश्वनी राठी, प्रधानाचार्य ओम प्रकाश, तहसील से राजस्व लेखपाल तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

21 अक्टूबर को होगी डस्टर कार की नीलामी

पीलीभीत। तहसील सदर परिसर में खड़ी डस्टर मोटर कार की नीलामी 21 अक्टूबर 2026 को सुबह 10:30 बजे की जाएगी। वाहन संख्या यूपी14सीवी3191 का निर्माण जुलाई 2015 में हुआ था। संभागीय परिवहन अधिकारी के पत्र के आधार पर वाहन का मूल्यांकन कराया गया है। नीलामी अधिकारी एवं नायब तहसीलदार सदर के अनुसार नीलामी कक्ष संख्या-5 स्थित न्यायालय नायब तहसीलदार में होगी। नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को 20 हजार रुपये की जमानत राशि जमा करनी होगी। आवेदक प्रार्थना पत्र, आधार कार्ड और जमानत राशि के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित हो सकते हैं। वाहन की नीलामी जहां है, जैसी स्थिति में है, उसी आधार पर की जाएगी तथा संबंधित शर्तें कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस पर देखी जा सकती हैं।

महिला चिकित्सालय में अवैध वसूली का आरोप, ऑपरेशन के नाम पर तीन हजार रुपये लेने का दावा

- 15 हजार रुपये की बाहरी दवाएं मंगाने का भी आरोप, परिजनों ने हंगामा कर जताई नाराजगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। 50 शैय्या युक्त महिला चिकित्सालय में प्रसव के दौरान अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। भैंसासुर निवासी पूनम पत्नी बबलू के परिजनों ने महिला डॉक्टर पर ऑपरेशन के नाम पर तीन हजार रुपये लेने और करीब 15 हजार रुपये की बाहरी दवाएं मंगवाने का आरोप लगाया है। महिला की हालत में सुधार न होने पर बुधवार दोपहर करीब 12 बजे परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया।जानकारी के अनुसार, पूनम को करीब 20 दिन पहले प्रसव पीड़ा होने पर महिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि दस दिन पूर्व महिला डॉक्टर ने ऑपरेशन से प्रसव कराया, जिसमें महिला ने बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद से महिला का उपचार चल रहा है, लेकिन परिजनों के मुताबिक उसकी हालत में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। इससे नाराज होकर उन्होंने अस्पताल में आज हंगामा किया, जिसके बाद कथित वसूली का मामला चर्चा में आ गया। मामले ने सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और उपचार व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनीष राज शर्मा ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। जानकारी कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध वसूली किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कंपोजिट विद्यालय टंडोला में हुई न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

सैफ रजा, विशाल और सफिया बी ने दौड़ प्रतियोगिता में हासिल किया पहला स्थान

जागरण मोर्चा कार्यालय



खेलकूद प्रतियोगिता में मौजूद अभिभावक व अधिकारी।



खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। -जागरण मोर्चा

शेरपुर कलां। कंपोजिट विद्यालय टंडोला के खेल मैदान में परिषदीय विद्यालयों की न्याय पंचायत स्तरीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ न्याय पंचायत के शिक्षक वासुदेव यादव ने फीता काटकर किया। इसके पश्चात 50, 100, 200 और 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता शुरू हुई, जिसमें न्याय पंचायत क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के नन्हें धावकों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। 50 मीटर दौड़ प्रतियोगिता बालक वर्गण प्रथम स्थान सैफ रजा खान प्राथमिक विद्यालय शेरपुर नंबर 2 द्वितीय स्थान ऋतिक प्राथमिक विद्यालय टंडोला 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता प्रथम स्थान विशाल भारती टंडोला द्वितीय स्थान शोएब 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता वालिका वर्ग प्रथम स्थान सफिया बी शाहपुर द्वितीयस्थान कुसुम लता टंडोला दौड़ के अलावा खेल प्रांगण में खो खो कबड्डी, गोला फेंक तथा लंबी कूद प्रतियोगिता का भी सफल आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया।

अनेक स्कूलों के बच्चों ने लिया हिस्सा : इस प्रतियोगिता में रुद्रपुर जटपुरा ग्रैंड नंबर 21 खिरकिया बरगदिया मोहम्मदपुर शेरपुर कला एवं रायपुर के विद्यालयों से आए बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर न्याय पंचायत प्रभारी बृजेंद्र पांडे, संकुल शिक्षक मोहम्मद फुरकान, टंडोला के प्रधानाध्यापक मोहम्मद जफर, शेरपुर कला के शिक्षक वासुदेव यादव, दिलनवाज खान, दबीरा बी, कामिनी, सौम्या गुप्ता तथा खेल अनुदेशक नूर ए आलम, प्रमोद और ऋषभ सिंह मौजूद रहे। इसके साथ ही टंडोला गांव से बड़ी संख्या में अभिभावक व ग्रामीण भी बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए प्रतियोगिता स्थल पर मौजूद रहे।

वृद्धा की हत्या के बीस दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली, परिवार में आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

बीसलपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव खांडेपुर में 25 सितंबर की शाम हुई 82 वर्षीय वृद्ध महिला कुसुमा देवी की हत्या के मामले में घटना के 20 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कोई ठोस सफलता नहीं लगी है। मामले का खुलासा न होने से मृतका के परिजनों में भारी आक्रोश है।

खांडेपुर निवासी सेवानिवृत्त अध्यापक मेवाराम की पत्नी कुसुमा देवी घटना के दिन घर पर अकेली थीं। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर उनकी गला दबाकर हत्या कर दी थी। शाम को जब मेवाराम घर लौटे तो उन्हें पत्नी का शव चारपाई पर मिला, जिसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई थी, जिसमें गर्दन पर नाखूनों और दबाव के निशान मिले थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी सुकृति माधव और एएसपी हिमांशु गौरव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसओजी, सर्विलांस और कोतवाली पुलिस की तीन अलग-अलग टीमें इस मामले के खुलासे में लगाई गई थीं। कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने गांव के ही एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। मामले में काफी हद तक साक्ष्य एकत्र कर लिए गए हैं तथा एसओजी व सर्विलांस टीम के सहयोग से जल्द ही घटना का अनावरण कर दिया जाएगा।

पीएनजी कनेक्शन कराना जरूरी, तीन माह बाद बंद हो सकती है एलपीजी आपूर्ति

पीलीभीत। जिला पूर्ति अधिकारी राजीव तिवारी ने बताया कि हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड को पीलीभीत में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) नेटवर्क के संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। शहर की राजीव कॉलोनी, निरंजन कुंज, राजबाग, संजय रॉयल पार्क, राम वाटिका, वसुंधरा, कृष्ण लोक, तिरुपति गोल्डन पार्क, अयोध्यापुरम और बल्लभ नगर कॉलोनी में पीएनजी की व्यवस्था पूरी हो चुकी है। इन क्षेत्रों के लोगों के लिए कृष्ण लोक कॉलोनी, चीनी मिल रोड और वसुंधरा कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के पास पंजीकरण शिविर लगाए गए हैं। उन्होंने लोगों से जल्द पीएनजी कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराने की अपील की है। मंत्रालय के आदेश के अनुसार, निर्धारित शर्तों के तहत पीएनजी उपलब्ध होने वाले क्षेत्रों में संबंधित सूचना के तीन माह बाद एलपीजी आपूर्ति बंद हो सकती है।

त्योहारों पर सुरक्षा और सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



त्योहारों के मद्देनजर हुई मीटिंग में मौजूद अधिकारीगण। -जागरण मोर्चा

पीलीभीत। आगामी दुर्गा पूजा, दशहरा और वाल्मीकि जयंती को लेकर जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में गांधी सभागार में अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने की तैयारियों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने मेला स्थलों, जुलूस मार्गों और विसर्जन स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा ढीले तारों और खराब खंभों को दुरुस्त कराने को कहा गया। मेला स्थलों पर एंबुलेंस, स्वास्थ्य शिविर और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की नियमित जांच करने को कहा गया। अग्निशमन और विद्युत सुरक्षा विभाग को स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग कराने के साथ जरूरत के अनुसार नाव और गोताखोर तैनात करने को कहा। उन्होंने अवैध आतिशबाजी के खिलाफ कार्रवाई और भंडारण स्थलों पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से समय रहते तैयारियां पूरी करने को कहा। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रसून द्विवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट प्यारे लाल मौर्य सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

17 अक्टूबर को गांधी प्रेक्षागृह में होगा सुशासन सेवा संवाद कार्यक्रम

पीलीभीत। सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 अक्टूबर को सुबह 11 बजे गांधी प्रेक्षागृह, गांधी स्टेडियम में सुशासन सेवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य थीम विकसित भारत 2047 का संकल्प और वंदे मातरम का सामूहिक गायन होगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों का स्वागत, मंच सज्जा, ध्वनि व्यवस्था और जलपान की व्यवस्था की जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा वंदे मातरम का सामूहिक गायन कराया जाएगा तथा विकसित भारत 2047 का संकल्प दिलाया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सा टीम, एंबुलेंस, अग्निशमन, पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए 17-24 अक्टूबर को लगेंगे विशेष कैंप

पीलीभीत। निर्वाचक नामावली में छूटे हुए तथा पहली बार मतदान करने वाले युवाओं के नाम शामिल करने के लिए 17 और 24 अक्टूबर को विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। दोनों दिन जनपद के प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) सुबह 10 से शाम 4 बजे तक उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक केंद्र पर हेल्प डेस्क बनाई जाएगी और नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 उपलब्ध रहेंगे। इच्छुक मतदाता फोटो, जन्मतिथि और निवास संबंधी दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां लेकर पहुंचें।

संक्षेप समाचार

फसल नुकसान और मुआवजे की मांग को लेकर जताई नाराजगी, भाकियू भानू गुट ने ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा

पूरनपुर। बेमौसम बारिश और तेज आंधी से फसलों को हुए नुकसान को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। प्राकृतिक आपदा के चलते किसानों को आर्थिक नुकसान होने की आशंका के बीच भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) ने किसानों की समस्याओं को उठाते हुए मुआवजे की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर प्रभावित किसानों को राहत दिलाने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने कहा कि बेमौसम बारिश और तेज आंधी से किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। पहले से ही खेती की लागत और अन्य समस्याओं से जूझ रहे किसानों के सामने अब आर्थिक संकट खड़ा होने की आशंका है। ऐसे में प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए प्रशासन को जल्द कदम उठाने चाहिए, जिससे किसानों को हुए नुकसान की भरपाई हो सके। भाकियू भानू गुट ने प्रशासन से मांग की कि प्रभावित गांवों में लेखपालों के माध्यम से खेतों का सर्वे कराया जाए। सर्वे के जरिए बारिश और तेज आंधी से फसलों को हुए नुकसान का सही आकलन किया जाए, ताकि पात्र किसानों को नियमानुसार मुआवजा मिल सके। संगठन ने कहा कि नुकसान का आकलन निष्पक्ष तरीके से कराया जाना चाहिए, जिससे कोई भी प्रभावित किसान राहत से वंचित न रहे। संगठन ने खेतों में बची हुई फसल को सरकारी खरीद केंद्रों पर तौलने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की भी मांग उठाई। किसानों का कहना है कि मौसम की मार के बाद उनकी उपज प्रभावित हुई है। ऐसे में किसानों को अपनी बची हुई फसल बेचने में परेशानी नहीं होनी चाहिए। सरकारी केंद्रों पर नियमानुसार तौल की व्यवस्था होने से किसानों को राहत मिल सकती है।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाली मिशन शक्ति जागरूकता रैली



बीसलपुर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना और मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. हेमलता ने रैली का शुभारंभ किया। रैली एन एस एस प्रभारी डॉ. जगदंबा कुमार गौड़, डॉ. मुकेश कुमार तथा मिशन शक्ति प्रभारी डॉ. चंद्रप्रभा गंगवार के निर्देशन में निकली गई। रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा और नारी सशक्तीकरण के प्रति जागरूकता फैलाना था। रैली में छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर महिला सम्मान, लैंगिक समानता और सुरक्षित समाज के निर्माण का जोरदार संदेश दिया। उन्होंने जन-जन तक यह बात पहुंचाई कि महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करना हर नागरिक का कर्तव्य है।इस अवसर पर वक्ताओं ने महिलाओं के प्रति समाज में सम्मानजनक दृष्टिकोण विकसित करने और उनके अधिकारों को सुरक्षित रखने पर विशेष जोर दिया। छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता से यह अभियान अत्यंत सफल रहा, जिसने एक समानतापूर्ण, सुरक्षित और जागरूक समाज के निर्माण का संकल्प दोहराया।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने गटका जहर

बीसलपुर। दियोरिया कला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वहादियां निवासी माधुरी देवी घर पर अकेली थी। परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था इसके बाद विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे विवाहिता की हालत बिगड़ने लगी घर पहुंचे परिजनों ने विवाहिता की बिगड़ती हालत को देखते हुए उसे बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया जहां डॉक्टर द्वारा विवाहिता का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने महाविद्यालय का किया नरीक्षण



बीसलपुर। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी (बरेली) प्रो. (डॉ.) राजेश कुमार गोस्वामी ने बुधवार,को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय की प्रशासनिक व शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक नर्देश दिए।क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधीकिरी ने महाविद्यालय पहुंचकर शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की बायोमेट्रिक/उपस्थिति पंजिका की जांच की, जिसमें पूरा स्टाफ उपस्थित पाया गया। इसके पश्चात उन्होंने कक्षाओं के संचालन, परीक्षा एवं छात्रवृति फार्मों के अग्रसारण की स्थिति तथा पेयजल, विद्युत और स्वच्छता व्यवस्था का बारीक निरीक्षण किया। प्रो. गोस्वामी ने निर्माणाधीन नए पीजी ब्लॉक का भी जायजा लिया और निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखी ।महाविद्यालय की अनुशासन व्यवस्था और सुचारू संचालन पर संतोष व्यक्त किया साथ ही, उन्होंने छात्र-छात्राओं में नवाचार (इनोवेशन) और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. हेमलता, डॉ. विकास प्रधान, डॉ. चंद्रप्रभा गंगवार, डॉ. सुनीत कुमार साहनी, डॉ. रजत गंगवार, डॉ. पवन त्रिवेदी, कार्यालय अधीक्षक दिनेश कुमार, राम कुमार, जाकिर और चुन्नीलाल सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

148 केंद्रों पर शुरू हुई धान खरीद, 48 घंटे में होगा भुगतान

पीलीभीत। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जनपद में धान खरीद के लिए विभिन्न एजेंसियों के 148 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। शासन के निर्देश पर 12 अक्टूबर से धान खरीद शुरू हो गई है। इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कॉमन श्रेणी के लिए 2441 रुपये और ग्रेड-ए के लिए 2461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त उतराई और छनाई के लिए 20 रुपये प्रति क्विंटल दिए जाएंगे। धान बिक्री के बाद 48 घंटे के भीतर पीएफएमएस के माध्यम से आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान किया जाएगा। जिलाधिकारी ने किसानों से क्रय केंद्र पर धान बेचने से पहले किसान पहचान पत्र (फार्मर आईडी) उपलब्ध कराने की अपील की है। फार्मर आईडी न होने पर किसान "किसान रजिस्ट्री पोर्टल" (https://upfr.agristack.gov.in/farmer-registry-up/#/) पर पंजीकरण कर इसे प्राप्त कर सकते हैं। अपरिहार्य स्थिति में फार्मर आईडी उपलब्ध न होने पर खाद्य एवं रसद विभाग की वेबसाइट पर धान बिक्री के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

सडक हादसे में आधा दर्जन लोग गंभीर घायल

पूरनपुर। खड़े ट्रक में पीछे से अलग-अलग स्थानों पर दो कारों के टकराने से छह लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया। गंभीर हालत में चार लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। असम हाईवे पर बीती रात सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र में गांव बारीबुझिया के समीप हुए हादसा में अयोध्या से लौट रहे कार सवारों की कार ढाबा के समीप खड़े ट्रक में घुस गई। हादसा में कार सवार बरखेड़ा के पावर प्लांट निवासी संजय कुमार की पत्नी सुश्रीबाला (47), संजय (50), संजय का पुत्र सीनू (13, देवेंद्रनाथ की पुत्री पुष्पांजलि (26) घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सुश्रीबाला और सीनू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरा हादसा असम हाईवे पर टेलीफोन एक्सचेंज के समीप हुआ। खुटार की ओर से आ रही कार हाईवे किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसा में सेहरामऊ उत्तरी थाना के गांव जोगराजपुर निवासी रामपाल (46), संजय नगर बरेली के मोहन लाल (57), अमन सिंह (50) घायल हो गए। घायलों को सीएचसी लाया गया।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily@gmail.com



भारत को तीसरा झटका, कप्तान श्रेयस 16 रन बनाकर आउट; अभिषेक क्रीज पर

जागरण मोर्चा कार्यालय



हैदराबाद। आज भारत और वेस्टइंडीज के बीच चौथा टी20 मुकाबला हैदराबाद में खेला जा रहा है। इस मैच में जीत के साथ भारतीय टीम अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी। फिलहाल टीम इंडिया 2-1 से आगे है। भारत को तीसरा झटका स्प्रिंगर ने दिया। उन्होंने कप्तान श्रेयस अय्यर को पवेलियन की राह दिखाई। वह 16 रन बना सके। अब क्रीज पर तिलक वर्मा आए हैं।

भारत को दूसरा झटका भी कीमो पॉल ने दिया। उन्होंने ईशान किशन को ज्वेल एंड्रयू के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ छह रन बनाकर पवेलियन लौटे। अब अभिषेक का साथ देने कप्तान श्रेयस अय्यर आए हैं।

भारत को पहला झटका कीमो पॉल ने दिया। उन्होंने हेटमायर के हाथों संजू सैमसन को कैच कराया। वह 23 गेंदों में 56 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अब अभिषेक शर्मा का साथ देने ईशान किशन आए हैं। संजू सैमसन आज के मैच में शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने 20 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया है। उनका साथ देने के लिए अभिषेक शर्मा भी क्रीज पर मौजूद हैं। चार ओवर के बाद स्कोर 60/0 है।

भारत की पारी शुरू हो चुकी है। अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन क्रीज पर मौजूद हैं। वेस्टइंडीज ने भारत को 248 रनों का लक्ष्य दिया है। हैदराबाद में खेले जा रहे मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 247 रन बनाए हैं। उनके लिए शाई होप ने नाबाद शतक जड़ा। वहीं, भारत के लिए अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट झटके। भारत को तीसरी सफलता अर्शदीप सिंह ने दिलाई। उन्होंने रोवमैन पॉवेल को सैमसन के हाथों कैच कराया। वह 17 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हुए। अब शेरफेन रदरफोर्ड बल्लेबाजी के लिए आए हैं। 13 ओवर के बाद स्कोर तीन विकेट पर 156 रन है। वेस्टइंडीज के कप्तान और ओपनर शाई होप ने 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। वेस्टइंडीज का स्कोर दो विकेट पर 129 रन है। भारत को दूसरी सफलता प्रिंस यादव ने नौवें ओवर में दिलाई। उन्होंने शिमरन हेटमायर का विकेट झटका। वह 12 गेंदों में 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अब शाई होप का साथ देने रोवमैन पॉवेल आए हैं। भारत को पहली सफलता अक्षर पटेल ने दिलाई। उन्होंने ज्वेल एंड्रयू को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह 16 गेंदों में 21 रन बना सके। अब शाई होप का साथ देने शिमरन हेटमायर आए हैं। वेस्टइंडीज की पारी शुरू हो चुकी है। शाई होप और ज्वेल एंड्रयू क्रीज पर मौजूद हैं।

भारत: संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, नमन धीर, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव, मयंक यादव।

वेस्टइंडीज: शाई होप (कप्तान और विकेटकीपर), ज्वेल एंड्रयू, शिमरन हेटमायर, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड, रोस्टन चेज, शमार स्प्रिंगर, कीमो पॉल, शमार जोसेफ, गुडाकेश मोटी।

टी20 रैंकिंग में भारत का दबदबा!: शीर्ष चार बल्लेबाजों में तीन भारतीय, शतक जड़ते ही श्रेयस को मिला बड़ा इनाम

जागरण मोर्चा कार्यालय



दुबई। आईसीसी की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर तीन स्थान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 में शतक लगाने का उन्हें फायदा मिला। ईशान किशन पहले, अभिषेक शर्मा दूसरे और पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान तीसरे स्थान पर हैं।

भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने आईसीसी की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाई है। वेस्टइंडीज के खिलाफ जारी पांच मैचों की घरेलू सीरीज में शानदार शुरुआत का फायदा अय्यर को मिला है। वह करियर की सर्वश्रेष्ठ चौथी रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। इसके साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग के शीर्ष चार में भारत के तीन खिलाड़ियों ने जगह बना ली है।

अय्यर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के पहले मुकाबले में लखनऊ में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा था। उनकी इस पारी का असर आईसीसी रैंकिंग में भी देखने को मिला। वह तीन स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। अय्यर की इस उपलब्धि के साथ भारतीय बल्लेबाजों का शीर्ष रैंकिंग में दबदबा और मजबूत हुआ है। ईशान किशन पहले स्थान पर हैं, जबकि अभिषेक शर्मा दूसरे नंबर पर काबिज हैं। पाकिस्तान के कप्तान साहिबजादा फरहान तीसरे स्थान पर हैं। इस तरह शीर्ष चार में ईशान, अभिषेक और अय्यर के रूप में तीन भारतीय बल्लेबाज शामिल हैं। आईसीसी की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, साहिबजादा फरहान ने श्रीलंका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। वह तीसरे स्थान पर पहुंचकर ईशान और अभिषेक के बीच जगह बनाए हुए हैं। भारतीय बल्लेबाजों के अलावा श्रीलंका के कुसल मेंडिस को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है।

बीएफआई महासचिव प्रमोद कुमार निलंबित, वित्तीय अनियमितताओं और जांच में बाधा डालने के आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। बीएफआई ने महासचिव प्रमोद कुमार को वित्तीय अनियमितताओं, अधिकारों के दुरुपयोग और जांच में बाधा डालने के आरोपों में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने महासचिव प्रमोद कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन पर अधिकारों के दुरुपयोग, वित्तीय अनियमितताओं, जांच में सहयोग नहीं करने और जांच प्रक्रिया में बाधा डालने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि यह निलंबन अंतरिम है और जांच पूरी होने तक प्रभावी रहेगा। बीएफआई की ओर से मंगलवार को जारी पत्र में कहा गया कि कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने या सक्षम अधिकारी की ओर से आदेश में बदलाव किए जाने तक वह महासचिव के पद से निलंबित रहेंगे। प्रमोद कुमार पर बीएफआई एलीट पुरुष और महिला ओपन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 को रद्द किए जाने के मामले में चल रही जांच में सहयोग नहीं करने का भी आरोप है। यह प्रतियोगिता हिमाचल प्रदेश के नाहन में 16 से 23 अगस्त के बीच आयोजित होनी थी। फेडरेशन के पत्र के मुताबिक, कुमार पर गंभीर मामले की जांच में असहयोग करने के साथ ही स्वतंत्र जांच प्रक्रिया को प्रभावित करने और उसमें बाधा डालने के लिए कथित तौर पर गैरकानूनी तथा दुर्भावनापूर्ण नोटिस जारी करने का आरोप लगाया गया है।

नटराजन की सनराइजर्स हैदराबाद में वापसी, दिल्ली कैपिटल्स में शामिल हुए जीशान अंसारी

जागरण मोर्चा कार्यालय





नई दिल्ली। आईपीएल में खिलाड़ियों के ट्रेड के तहत टी नटराजन की सनराइजर्स हैदराबाद में वापसी हुई है, जबकि लेग स्पिनर जीशान अंसारी दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ गए हैं। सनराइजर्स ने नटराजन को पांच करोड़ रुपये की संशोधित फीस पर टीम में शामिल किया है। वहीं, अंसारी दिल्ली कैपिटल्स में अपनी मौजूदा फीस 40 लाख रुपये पर ही जाएंगे।

आईपीएल में खिलाड़ियों के ट्रेड के तहत टी नटराजन की सनराइजर्स हैदराबाद में वापसी हुई है, जबकि लेग स्पिनर जीशान अंसारी दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ गए हैं। सनराइजर्स ने नटराजन को पांच करोड़ रुपये की संशोधित फीस पर टीम में शामिल किया है। वहीं, अंसारी दिल्ली कैपिटल्स में अपनी मौजूदा फीस 40 लाख रुपये पर ही जाएंगे। आईपीएल ने बुधवार को दोनों खिलाड़ियों के ट्रेड की जानकारी दी।

35 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नटराजन सनराइजर्स हैदराबाद के प्रमुख गेंदबाजों में शामिल रहे हैं। आईपीएल 2024 में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 19 विकेट हासिल किए थे। उस सीजन में वह हैदराबाद के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे और टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। नटराजन ने अब तक आईपीएल में 73 मैच खेले हैं, जिनमें उनके नाम 72 विकेट हैं। इस लीग में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 19 रन देकर चार विकेट रहा है। वह भारतीय टीम के लिए एक टेस्ट और दो वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेल चुके हैं। 26 वर्षीय लेग स्पिनर जीशान अंसारी अब दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते नजर आएंगे।

बंगाल की दिल्ली पर बड़ी जीत, गुजरात ने ओडिशा को हराया

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। रणजी ट्रॉफी एलीट 2026-27 के शुरुआती दौर में बंगाल ने दिल्ली को नौ विकेट से हराया, जबकि गुजरात ने ओडिशा को 10 विकेट से शिकस्त देकर बोनस अंक हासिल किया। मध्य प्रदेश जीत से सिर्फ तीन विकेट दूर रह गया, लेकिन बारिश और खराब रोशनी के कारण गत चैंपियन जम्मू-कश्मीर के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ हो गया। ग्रुप-बी में आंध्र, सौराष्ट्र और पंजाब ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर तीन-तीन अंक हासिल किए। वहीं, हैदराबाद ने त्रिपुरा को पारी और 40 रन से हराया, जबकि विदर्भ और बड़ौदा ने भी बड़ी जीत दर्ज की। झारखंड-केरल, तमिलनाडु-राजस्थान और रेलवे-उत्तराखंड सहित कई मुकाबले ड्रॉ रहे।

रणजी ट्रॉफी एलीट 2026-27 के पहले दौर में बुधवार को कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। बंगाल ने दिल्ली को नौ विकेट से हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, जबकि गुजरात ने ओडिशा को 10 विकेट से शिकस्त देकर बोनस अंक हासिल किया। वहीं, गत चैंपियन जम्मू-कश्मीर बारिश और खराब रोशनी के कारण मध्य प्रदेश के खिलाफ हार से बच गया। मध्य प्रदेश जीत से सिर्फ तीन विकेट दूर रह गई थी। इसके अलावा आंध्र, सौराष्ट्र और पंजाब ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर ड्रॉ मुकाबलों से 3-3 अंक हासिल किए। हैदराबाद ने त्रिपुरा को पारी और 40 रन से हराया, जबकि विदर्भ और बड़ौदा ने भी अपने-अपने मुकाबलों में बड़ी जीत दर्ज की।

ग्रुप-सी के मुकाबले में बंगाल ने दिल्ली को नौ विकेट से हराकर शानदार शुरुआत की। दिल्ली की टीम दूसरी पारी में 277 रन पर सिमट गई और बंगाल को जीत के लिए 89 रन का लक्ष्य मिला। बंगाल ने इसे 15.3 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया।

दिल्ली ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में 101/3 के स्कोर से की थी। कप्तान आयुष बडोनी ने 134 गेंदों पर 85 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, जबकि विकेटकीपर अनुज रावत ने 39 रन बनाए। हालांकि, बंगाल के गेंदबाजों ने दिल्ली को बड़ा लक्ष्य खड़ा करने का मौका नहीं दिया। प्रदीप्त प्रमाणिक ने तीन विकेट लिए, जबकि आमिर गनी और सुमंत गुप्ता को दो-दो विकेट मिले। मोहम्मद शमी, आकाश दीप और मुकेश कुमार ने भी एक-एक विकेट हासिल किया। इससे पहले बंगाल ने अपनी पहली पारी में 429 रन बनाए थे, जिसके जवाब में दिल्ली की टीम 240 रन पर आउट हो गई थी। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने दूसरी पारी में नाबाद 34 रन बनाए, जबकि पहली पारी में शतक जड़ने वाले सुदीप घरामी 16 रन बनाकर नाबाद रहे। ग्रुप-सी के एक अन्य मुकाबले में गुजरात ने ओडिशा को 10 विकेट से हराकर बोनस अंक हासिल किया। बाएं हाथ के स्पिनर सिद्धार्थ देसाई ने दूसरी पारी में 36 रन देकर पांच विकेट झटके और ओडिशा की पारी 161 रन पर समेट दी। ओडिशा ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में 119/4 के स्कोर से की थी। टीम की ओर से संदीप पटनायक ने 65 और निनाद राठवा ने 53 रन बनाए। गुजरात के लिए अर्जन नागवासवाला ने मैच में कुल छह विकेट हासिल किए। ओडिशा से मिले 47 रन के लक्ष्य को गुजरात ने बिना विकेट गंवाए 9.3 ओवर में हासिल कर लिया। नए कोच मोंटी देसाई के मार्गदर्शन में गुजरात की टीम ने जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया। गत चैंपियन जम्मू-कश्मीर ने मध्य प्रदेश के खिलाफ हार टाल दी, लेकिन टीम की दूसरी पारी में बल्लेबाजी बेहद खराब रही। 326 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जम्मू-कश्मीर ने चौथे दिन खेल समाप्त होने तक 34 ओवर में 88 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे।





रुपये की मजबूती से सर्राफा बाजार में गिरावट, सोना 1800 रुपये गिरा

जागरण मोर्चा कार्यालय



नई दिल्ली। दिल्ली में बुधवार को सोने के दाम लगातार तीसरे दिन गिरे। मजबूत होते रुपये ने कीमती धातु पर दबाव बढ़ा दिया। सोना 1800 रुपये गिरकर 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी भी 5000 रुपये टूटकर 2.21 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई।

ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्ध धातु मंगलवार के 1,52,600 रुपये के बंद स्तर से गिरी। इसमें सभी कर शामिल हैं। चांदी भी पिछले बंद भाव 2.26 लाख रुपये प्रति किलोग्राम से नीचे आई। 9 अक्तूबर से अब तक पीली धातु 3600 रुपये सस्ती हुई है। इसी अवधि में सफेद धातु 7500 रुपये गिरी है। यह घरेलू सर्राफा बाजारों में गिरावट की भयावहता को दर्शाता है। रुपया 19 पैसे मजबूत होकर डॉलर के मुकाबले 95.17 पर बंद हुआ। यह लगातार चौथा सत्र था जब रुपये में लाभ दर्ज किया गया। आरबीआई के हस्तक्षेप से डॉलर की निकट अवधि की मांग कम हुई। इससे सट्टा विदेशी मुद्रा जोखिम को सीमित करने में मदद मिली। कारोबारियों ने बताया कि मजबूत रुपया डॉलर-मूल्य वाले सर्राफा को आयात करना सस्ता बनाता है। इससे घरेलू कीमतों पर दबाव पड़ता है। निवेशक अंतरराष्ट्रीय बाजार की हलचल पर भी नजर रख रहे हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि कमजोर वैश्विक संकेतों और मजबूत रुपये के कारण घरेलू बाजार में सोने के नुकसान बढ़े। स्मार्टवेल्थ.एआई के स्मॉलकेस प्रबंधक और संस्थापक व प्रधान शोधकर्ता पंकज सिंह के अनुसार, भारत में त्योहारी मांग और चीन की लगातार खरीद गिरावट को थाम सकती है। हालांकि, रुपये की और मजबूती घरेलू कीमतों पर लगाम लगा सकती है। वैश्विक स्तर पर हाजिर सोना 20.51 डॉलर यानी 0.49 फीसदी गिरकर 4,140.69 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। चांदी भी एक फीसदी से अधिक गिरकर 58.49 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। यह तीन महीने के निचले स्तर के करीब है। सफेद धातु का आखिरी कारोबार 27 जुलाई को लगभग 58.40 डॉलर प्रति औंस पर हुआ था। आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड की कमोडिटीज और मुद्राओं की शोध विश्लेषक वेदिका नार्वेकर ने बताया कि बुधवार को सोना कमजोर कारोबार कर रहा था।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No .UPHIN2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।